10 जुलाई, 2025
आषाढ़, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण


www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 10, अंक 260

केंद्र के सामने बकाया राशि की मांग उठायेंगे मुख्यमंत्री





आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

# उचित नहीं है बिहार में वोटर लिस्ट पुनरीक्षण पर हाय-तौबा

## ■ चुनाव आयोग की जिम्मेदारी को राजनीतिक मुद्दा बना रहा है महागठबंधन

## ■ मामला सुप्रीम कोर्ट में है, तो फिर बंद जैसे कार्यक्रमों से बिगड़ रहा माहौल

**आजाद सिपाही विशेष**

बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले का सियासी माहौल बेहद गरम है। इस गरम माहौल की आग में घी का काम कर दिया है चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण अभियान ने। वैसे तो हर चुनाव से पहले मतदाता सूची का पुनरीक्षण करना एक नियमित प्रशासनिक कवायद है, लेकिन इस कवायद पर हंगामा पहली बार देखने को मिल रहा है। बिहार की मतदाता सूची का अंतिम गहन पुनरीक्षण 2003 में हुआ था और उसके बाद अब हो रहा है। चुनाव आयोग ने इस बीच में नये मतदाताओं को जोड़ने और दिवंगत हो चुके मतदाताओं का नाम हटाने का काम नियमित रूप से जारी रखा था। इस बार चुनाव आयोग ने गहन पुनरीक्षण अभियान चलाने का फैसला किया, तो विपक्षी महागठबंधन ने हंगामा शुरू कर दिया। मामला सुप्रीम कोर्ट में चला गया है और वहां सुनवाई भी शुरू हो गयी है। ऐसे में बिहार बंद जैसे आंदोलनात्मक कार्यक्रम कर विपक्षी पार्टियों ने पूरी व्यवस्था को बेपटरी कर दिया है। यहां सवाल यह है कि आखिर चुनाव आयोग को उसकी जिम्मेदारियों को पूरा करने से रोक कर विपक्षी पार्टियां क्या साबित करना चाहती हैं। मतदाता सूची तैयार करना चुनाव आयोग का काम है और इसमें अड़ंगा लगाना किसी भी दृष्टिकोण से बाधा उत्पन्न करना सही नहीं कहा जा सकता है। लोकतंत्र में चुनाव से बड़ा और पवित्र कोई दूसरा काम नहीं होता है, इसे सभी को समझना होगा। चुनाव का ही एक अहम हिस्सा मतदाता सूची तैयार करना भी है। यह भी समझना जरूरी है। क्या है बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण का मुद्दा और इसका क्या होगा असर, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण चल रहा है। यह काम इस महीने के अंत तक पूरा हो जायेगा, लेकिन विपक्षी पार्टियों ने इस काम का विरोध कर राजनीतिक माहौल को गरम कर दिया है। चुनाव आयोग के फैसले के खिलाफ एक तरफ तो सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गयी है, तो दूसरी तरफ बंद जैसे आंदोलन भी शुरू किये गये हैं।

चुनाव आयोग को संविधान से अधिकार मिला हुआ है कि वह समय-समय पर मतदाता सूची का पुनरीक्षण कराये और देखा भी गया है कि जब भी चुनाव होते हैं, तो मतदाता सूची का पुनरीक्षण किया जाता है। संविधान से मिले अधिकार का ही प्रभाव है कि मतदाता पुनरीक्षण के समय इस कार्य में लगे हुए सभी अधिकारी और कर्मचारी चुनाव आयोग के अधीन हो जाते हैं और इनका तबादला भी कोई सरकार आयोग के अनुमति के बिना नहीं कर सकती है।

मतदाता पुनरीक्षण वैसे तो कभी बड़े पैमाने पर होता है, कभी छोटे पैमाने पर, लेकिन इसका सघन पुनरीक्षण 2003 के बाद नहीं हो सका है। पूर्व में यह सघन पुनरीक्षण पांच या दस साल के अंतराल पर हो जाया करता था। अब ऐसा ही पुनरीक्षण पूरे देश में होना है, लेकिन अभी यह बिहार में चल रहा है और विपक्षी दल हाय-तौबा भी मचाये हुए हैं। उनका आरोप है कि सत्ता पक्ष के इशारे पर यह हो रहा है। यह जानते हुए भी कि चुनाव आयोग अपने अधिकार के अंतर्गत काम कर रहा है, विपक्षी नेताओं ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका भी दायर की है और वहां सुनवाई भी शुरू हो गयी है।

### क्यों हो रहा है आंदोलन

विपक्षी दलों ने जैसे सीएए पर झूठा वितंडा खड़ा करके पूरे देश को आग में झोंकने की कोशिश की थी, वैसा ही माहौल इस बार भी बनाया जा रहा है। विपक्षी दल इस पुनरीक्षण के खिलाफ गुस्से में हैं और मोदी सरकार पर अनर्गल आरोप भी लगा रहे हैं। इन दलों ने बिहार बंद करा कर एक बड़ा आंदोलन खड़ा कर दिया है और जगह-जगह इसके खिलाफ भाषण दे रहे हैं। दरअसल विपक्षी दलों को चिंता इस बात की है कि यदि चुनाव आयोग का अभियान सफल रहा, तो अवैध ढंग से देश में घुस आये लोगों का नाम मतदाता सूची से कट जायेगा, जो उनके वोटर हैं।



### क्या है पुनरीक्षण की प्रक्रिया

पुनरीक्षण के अंतर्गत चुनाव आयोग ने 2003 में मतदाता रहे लोगों को तो वैध मतदाता मान लिया है, लेकिन उसके बाद के मतदाताओं के लिए कुछ विकल्प दे रखा है कि उनका नाम फिर से तभी जुड़ेगा, जब वे कुछ दस्तावेज उपलब्ध करायेंगे। इनमें सबसे आसान विकल्प यह है कि जिसके पिता का नाम 2003 की मतदाता सूची में था, वह यदि वही प्रमाण दे दे, तो पात्र होने पर उसका नाम मतदाता सूची में जुड़ जायेगा और कोई समस्या नहीं आयेगी।

### किन लोगों को है समस्या

इस पुनरीक्षण से समस्या मात्र उनको आयेगी, जो देश में अवैध तरीके से घुस आये हैं और चाहे पैसे देकर चाहे स्थानीय दलालों के माध्यम से मतदाता बन गये हैं। और जब ऐसा अभियान चुनाव आयोग चला रहा है, तो इस पर किसी को आपत्ति नहीं होनी चाहिए, क्योंकि मतदाता बनने का अधिकार केवल वैध नागरिकों को होना चाहिए, न कि घुसपैठियों को। घुसपैठियों का स्थान देश में नहीं, बल्कि जेल में होना चाहिए। उनको सजा मिलनी चाहिए या एक विकल्प यह भी है कि वे जिस देश से आये हैं, वहां वापस चले जायें और वहां की सरकार उनको स्वीकार कर ले।

### गलत है इस मुद्दे पर राजनीति

लोकतंत्र में राजनीति करने का अधिकार हर दल को है और करना भी चाहिए, लेकिन जो दल घुसपैठियों को संरक्षण दे, उसकी तो मान्यता ही समाप्त कर देनी चाहिए। लेकिन दुर्भाग्य है कि इस देश में ऐसा हो नहीं पा रहा है। भारतीय समाज देश के स्थान पर मानवता को महत्व देता है और रोहिग्याओं तक को हर सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश जारी होते रहते हैं। दयालुता तो होनी चाहिए, लेकिन यदि यह देश की कीमत पर हो, तब तो यह अपराध है। पूरा विश्व साक्षी है कि जिस फ्रांस और ब्रिटेन ने शरणार्थियों को हाथ फैला कर बुलाया, अपने देश में बसाया, अब वही शरणार्थी इन देशों में अराजकता और आगजनी के कारण बन रहे हैं और वहां आये दिन दंगे हो रहे हैं।

भारत में भी पश्चिम बंगाल और बिहार इस बात के लिए बदनाम हैं कि यहां से विदेशी टूरिस्ट वीजा लेकर देश में घुसते हैं और उसके बाद पूरे देश में फैल जाते हैं। ऐसे लोगों का प्रवेश तो सीमा के अभिलेखों में अंकित होता है, लेकिन वापसी का कोई हिसाब-किताब नहीं होता। विपक्षी दलों की पूरी ताकत ही इन घुसपैठियों के संरक्षण में लग रही है।

मतदाता सूची का सघन पुनरीक्षण पूरे देश में होना है और हर नागरिक का दायित्व है कि जो घुसपैठिये मतदाता बन गये हैं, उनकी पहचान कराने में सहयोग करें। लेकिन जो मतदाता नहीं बन पाये हैं, उनकी भी पहचान की जाये। यदि थोड़ा भी राष्ट्र भाव है, तो उसके लिए आगे आना होगा, क्योंकि देश बचा रहेगा, तो हम भी बचे रहेंगे, अन्यथा बांग्लादेश और अफगानिस्तान को तो हम देख ही रहे हैं कि वहां क्या हो रहा है। वोटों के सौदागर इन गद्दारों की ही भूमिका में हैं। यही कारण है कि म्यांमार से चलकर रोहिंग्या सटे हुए देश चीन में नहीं घुसते, बल्कि बंगाल सहित अन्य प्रदेशों के रास्ते पूरे देश में फैल गये हैं और देश की सुरक्षा के लिए संकट बने हुए हैं।

---

# सरकारी नियम गया तेल लेने, बड़कागांव में बालू कारोबारियों-अफसरों का नियम है लागू

## ■ बड़कागांव से हजारीबाग तक के अफसरों को मैनेज कर किया जाता है अवैध बालू का खेल

## ■ हर महीने 1.2 करोड़ रुपये के सरकारी कर की चोरी कर रहे हैं बालू कारोबारी और अफसर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/बड़कागांव।** झारखंड में एनजीटी के आदेश पर बालू का खनन और ढुलाई पर पाबंदी है, लेकिन यह नियम केवल कागजों पर ही दिखता है। बड़कागांव में ये सारे नियम बालू कारोबारियों के सामने दम तोड़ देते हैं। यहां रोजाना 50 से ज्यादा हाइवा से बालू की ढुलाई की जा रही है। रात के आठ बजते ही यह अवैध कारोबार शुरू हो जाता है। यह सिलसिला पूरी रात बड़कागांव से हजारीबाग और रांची तक जाने वाली सड़कों पर चलता रहता है।

### ऐसे होता है पूरा कारोबार

सूत्रों की मानें तो इस अवैध कारोबार में बड़कागांव प्रखंड से लेकर जिला तक के अफसर शामिल हैं। ये लोग अवैध कारोबारियों से साठ-गांठ कर सरकार को प्रत्येक दिन लाखों रुपये की रॉयल्टी की चपत लगाते हैं। इसके लिए एक सिस्टम बनाया गया है।



### क्या है पूरा सिस्टम

एक चालान से एक हाइवा रात भर में तीन से चार ट्रिप करता है, जिससे दो से तीन ट्रिप के चालान का पैसा बच जाता है। इस रकम की बंदरबांट होती है। एक हाइवा में 450 सीएफटी बालू होता है। बालू की सरकारी कीमत जीएसटी के साथ 7.85 रुपये प्रति सीएफटी है। इस तरह एक हाइवा के लिए एक चालान की कीमत 3532.50 रुपये होती है। इसके अलावा दो रुपये प्रति सीएफटी का शुल्क स्टॉक यार्ड संचालक लेता है। यानी प्रति हाइवा 4432.50 रुपये का चालान होता है, लेकिन इस चालान को 10 हजार रुपये में बेचा जाता है। इतना ही नहीं, हाइवा में 450 सीएफटी की जगह छह सौ सीएफटी बालू लोड कर लिया जाता है, यानी प्रति हाइवा 1178 रुपये का बालू चोरी कर लिया जाता है। एक बार चालान लेने से जहां सरकार को 4432.50 रुपये देने होते हैं, वहीं अवैध रूप से प्रति हाइवा 16 हजार रुपये की कमाई होती है। एक हाइवा रात भर में तीन से चार ट्रिप बालू ढुलाई करता है, तो हर दिन करीब दो से तीन लाख रुपये की अवैध कमाई होती है और इसे कारोबारी से लेकर अफसरों के बीच बांटा जाता है।



### राजनाथ चलाता है पूरा सिस्टम

इस पूरे सिस्टम को राजनाथ नाम का शख्स संचालित करता है। वह प्रत्येक हाइवा से आठ हजार रुपये लेता है। इसमें छह हजार रुपये हजारीबाग पुलिस को, एक हजार रुपये बड़कागांव अनुमंडल पुलिस कार्यालय और एक हजार रुपये बड़कागांव थाना को दिया जाता है।

### चालान कहीं और का बालू कहीं का

बड़कागांव में जितने भी डंपिंग यार्ड हैं, उनमें चालान कहीं और का और बालू कहीं और का रहता है। इसकी पुष्टि तब हुई, जब एक बालू यार्ड संचालक ने बताया कि उक्त चालान बिहार से हंटरगंज आता है और फिर हंटरगंज का चालान बड़कागांव में दिया जाता है। उन्होंने यह भी बताया अगर हम लोग चालान चढ़ाते हैं, तो उसके लिए प्रत्येक सीएफटी में तीन रुपये हजारीबाग माइनिंग को देना होता है। इस प्रकार से एक लाख सीएफटी का तीन लाख चढ़ावा चढ़ाया जाता है। तब जाकर स्टॉक में एक लाख सीएफटी का स्टॉक चढ़ाया जाता है।

### प्रतिबंध के बावजूद हो रहा है खनन

एक अन्य तथ्य यह भी है कि बड़कागांव के सभी बालू घाटों से प्रतिबंध के बावजूद बालू का खनन जारी है। इसके कारण नदियों का प्राकृतिक स्वरूप बिगड़ता जा रहा है। कई पुलों का अस्तित्व भी खतरे में आ गया है।

www.epaper.azadsipahi.in

10 जुलाई, 2025
आषाढ़, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 10, अंक 260


पीएम मोदी को दिया गया नामीबिया का सर्वोच्च सम्मान



## देशव्यापी हड़ताल से बैंकिंग सेवाएं ठप

- झारखंड में खनिजों की ढुलाई पर पड़ा असर
- बिहार में महागठबंधन ने किया चक्का जाम

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/पटना/नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों द्वारा बुधवार को आहूत देशव्यापी हड़ताल का विभिन्न राज्यों में व्यापक असर देखने को मिला। मजदूर संगठनों के साथ-साथ किसान, छात्र और युवा संगठनों ने भी इस बंद का समर्थन करते हुए सड़कों पर प्रदर्शन किया। सार्वजनिक परिवहन बुरी तरह प्रभावित हुआ। बैंकों में कामकाज ठप रहा, जबकि झारखंड में खनिजों की ढुलाई बाधित हुई। उधर बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण के विरोध में महागठबंधन सड़कों पर उतरा और चक्का जाम किया। राजद, कांग्रेस, वाम दलों और पप्पू यादव की पार्टी समेत कुल छह विपक्षी दलों ने बंद बुलाया था। पटना में राहुल, तेजस्वी और मुकेश सहनी जैसे दिग्गज नेताओं का जुटान हुआ। आयकर गोलबंर से चुनाव आयोग के कार्यालय तक मार्च किया गया। शहीद स्मारक के पास पुलिस की बैरिकेडिंग को तोड़ने की भी कोशिश की गयी। राहुल गांधी मार्च और भाषण के बाद दिल्ली लौट गये। कई जिलों में बंद समर्थकों ने जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान कहीं ट्रेनें रोक दी गयीं, तो कहीं सड़क पर आगजनी कर आवागमन को बाधित कर दिया गया।








FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com



## पूर्वी क्षेत्रीय राष्ट्रीय परिषद की बैठक आज

# केंद्र के सामने बकाया राशि की मांग उठायेंगे मुख्यमंत्री

- गृह मंत्री अमित शाह करेंगे बैठक की अध्यक्षता
- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी होंगे शामिल
- झारखंड, ओड़िशा, बिहार और बंगाल के 70 प्रतिनिधि रहेंगे
- बैठक के मद्देनजर सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाएं चाक-चौबंद

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर की बड़ी बैठक की मेजबानी के लिए तैयार है। रेडिसन ब्लू होटल में 10 जुलाई को आयोजित होने वाली पूर्वी क्षेत्रीय राष्ट्रीय परिषद की 27वीं बैठक को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। इस अहम बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह करेंगे। बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के अलावा बिहार, पश्चिम बंगाल और ओड़िशा के प्रतिनिधि मंडल शामिल होंगे। ओड़िशा के प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी करेंगे। बैठक में करीब 70 प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। यह बैठक पहले मई महीने में प्रस्तावित थी, लेकिन भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध जैसे हालात बनने के चलते इसे स्थगित कर दिया गया था। बैठक के लिए राज्य प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों ने राजधानी रांची में कड़े सुरक्षा इंतजाम किये हैं। बैठक की अन्य तैयारियां भी पूरी कर ली गयी हैं।





**पांच क्षेत्रीय परिषदों के अध्यक्ष हैं गृह मंत्री :** राज्य पुनर्गठन अधिनियम, 1956 की धारा 15 से 22 के अंतर्गत देश में पांच क्षेत्रीय परिषदों की स्थापना की गयी थी। केंद्रीय गृह मंत्री इन पांच क्षेत्रीय परिषदों के अध्यक्ष हैं।

**1.36 लाख करोड़ की मांग करेंगे सीएम :** सूत्रों के मुताबिक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बैठक के दौरान केंद्र सरकार से झारखंड को मिलने वाली करीब 1.36 लाख करोड़ रुपये की लंबित राशि की मांग करेंगे। इसके साथ ही वह राज्य की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास परियोजनाओं के लिए अतिरिक्त बजटीय सहायता की भी मांग कर सकते हैं।

### कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की संभावना

पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में सुरक्षा, नक्सलवाद, जल प्रबंधन, इंफ्रास्ट्रक्चर विकास, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे अहम विषयों पर चर्चा होने की संभावना है। बैठक का उद्देश्य राज्यों के बीच सहयोग को बढ़ाना और केंद्र के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करना है।

### अमित शाह करेंगे भाजपा नेताओं से मुलाकात

गृह मंत्री अमित शाह रेडिसन ब्लू होटल में ही ठहरेंगे। यहीं पर वह राज्य भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से अलग से बैठक भी कर सकते हैं। उनके आगमन को देखते हुए बड़े वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी गयी है।

### हेमंत सोरेन दिल्ली से लौटकर लेंगे हिस्सा

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी इस बैठक में हिस्सा लेंगे। वह दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में इलाजरत अपने पिता शिबू सोरेन के साथ हैं। मुख्यमंत्री पिछले 10 दिनों से दिल्ली में डटे हुए हैं।

**झारखंड से ये होंगे शामिल :** बैठक में झारखंड से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, मंत्री दीपक बिरुआ, मुख्य सचिव अलका तिवारी, प्रमुख सचिव (गृह) वंदना दादेल और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अनुराग गुप्ता शामिल होंगे।


सत्यमेव जयते

International Year of Cooperatives 2025
Cooperatives Build a Better World

पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की 27वीं बैठक
27th MEETING OF THE EASTERN ZONAL COUNCIL

अन्तर राज्य परिषद सचिवालय, गृह मंत्रालय, भारत सरकार
Inter State Council Secretariat, Ministry of Home Affairs, Government of India

दिनांक: 10 जुलाई, 2025 रांची, झारखण्ड

झारखण्ड में माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, ओडिशा के माननीय मुख्यमंत्री, बिहार और पश्चिम बंगाल के माननीय मंत्रियों तथा भारत सरकार एवं पूर्वी क्षेत्रीय परिषद के सदस्य राज्यों के प्रतिनिधियों का हार्दिक स्वागत और जोहार है।

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

P.R. 356936 (IPRD) 25-26

## त्रिवेणी सैनिक माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड ने एमएल और एआइ कोर्स का किया उद्घाटन



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** पारंपरिक खनन कार्यों में अत्याधुनिक तकनीक को लागू करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए त्रिवेणी सैनिक माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड ने आइआइटी तिरुपति के सहयोग से अपनी पकरी बरवाडीह साइट पर कर्मचारियों के लिए एक व्यापक मशीन लर्निंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कोर्स शुरू किया है। यह 10-दिवसीय अग्रणी पहल खनन क्षेत्र के भीतर तकनीकी परिवर्तन की यात्रा में एक नया अध्याय शुरू करती दिख रही है। इस महत्वपूर्ण कोर्स का उद्घाटन और कार्यक्रम का शुभारंभ त्रिवेणी सैनिक के कार्यकारी निदेशक ने किया। जिनकी उपस्थिति और संबोधन ने इस ज्ञान-संचालित कार्यक्रम के लिए माहौल तैयार किया। इस मौके पर लर्निंग एंड डेवलपमेंट हेड डॉ. अमृतांशु प्रसाद ने मुख्य अतिथि का स्वागत पुष्प गुच्छ और झारखंड का पारंपरिक शॉल ओढ़ाकर किया। उद्घाटन सत्र में आइआइटी तिरुपति के प्रतिष्ठित प्रोफेसरों, टीएसएमपीएल के वरिष्ठ प्रबंधन और विभिन्न विभागों के टीम सदस्यों ने भी भाग लिया। यह कोर्स सुनिश्चित करता है कि प्रतिभागी न केवल मूल अवधारणाओं को समझें, बल्कि उन्हें खनन कार्यों से संबंधित वास्तविक दुनिया के परिदृश्यों में भी लागू करें। इस कोर्स की एक अनूठी विशेषता यह है कि इसमें केवल वरिष्ठ प्रबंधन से जुड़े अधिकारियों को ही नहीं, बल्कि पकरी बरवाडीह परियोजना से प्रभावित उन ग्रामीणों को भी शामिल किया गया है जो प्रबंधन से जुड़े अधिकारी है। प्रबंधन का यह कदम त्रिवेणी में कंपनी की पारदर्शिता को दर्शाता है और तकनीकी प्रगति को व्यापक स्तर पर अपनाने की प्रतिबद्धता को उजागर करता है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने जोर देकर कहा कि आज का समय टेक्नोलॉजी का है और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। हर किसी को टेक्नोलॉजी के बदलते स्वरूप से अवगत रहना जरूरी है। उन्होंने यह भी बताया कि टीएसएमपीएल भविष्य में भी ऐसे कोर्स कराता रहेगा। लर्निंग एंड डेवलपमेंट हेड डॉ. अमृतांशु प्रसाद ने कोर्स में हिस्सा ले रहे सभी अधिकारियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## प्रथम पुण्यतिथि पर याद किये गये पंडित अशोक



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के तारानारी निवासी अशोक शर्मा के आवास में उनकी प्रथम पुण्यतिथि मनायी गयी। सर्वप्रथम पुत्रों और परिवार के लोगों के द्वारा उनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। कान्यकुब्ज ब्राह्मण महासमिति झारखंड प्रदेश और कई प्रखंडों से आए विप्र बंधुओं ने एक मिनट का मौन और स्वर्गीय अशोक शर्मा के तैल चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प चढ़ाकर श्रद्धासुमन अर्पित किया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष अमरेश गणक ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि स्वर्गीय अशोक शर्मा निडरता के साथ सत्य पथ पर चलने का मन स्वच्छ नीयत और पवित्र मकसद लेकर सिद्धांतों के साथ समाज का दायित्व निर्वाहन किया। कृतज्ञ श्रद्धांजलि दूर दराज से आए विप्र बंधुओं ने एक स्वर में कहा कि हम सभी स्वर्गीय अशोक शर्मा की प्रथम पुन्य तिथि पर उनको याद करते हैं और उनके परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं समाज हरदम उनके साथ खड़ा रहेगा। कार्यक्रम में कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के प्रदेश अध्यक्ष अमरेश गणक, प्रदेश संरक्षक पंडित लक्ष्मी पांडेय, गणेश पांडेय, परमानंद शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष महादेव पांडेय, घनश्याम पांडेय, अमित शर्मा, प्रदेश महामंत्री तुलेश्वर पांडेय, प्रदेश सचिव बटेश्वर मिश्रा, सत्येंद्र पांडेय, प्रदेश प्रवक्ता नंदकिशोर पांडेय, प्रदेश स्वतंत्र प्रभार कृष्णा देव पांडेय, चय समिति अध्यक्ष सुरेश पांडेय, महामंत्री यशवंत पांडेय, सलाहकार समिति सदस्य विजय पांडेय, प्रदीप पांडेय, प्रकाश पांडेय, नंदलाल पांडेय, गणेश पांडेय मयूरहंड संगठन मंत्री दिलीप पांडेय, बोकारो जिला प्रभारी विशेश्वर पांडेय, परामर्श दात्री सलाहकार समिति सदस्य अयोध्या पांडेय, सुरेश पांडेय, विकास पांडेय सूरज पांडेय, सुनील शास्त्री, रंजीत पांडेय, राम मूरत मिश्रा, तारानारी निवासी गंगाधर पांडेय, बसंत पांडेय, संजय पांडेय, सुखदेव पांडेय, परमेश्वर पांडेय, पंचानंद पांडेय समेत कई लोग उपस्थित थे।

## बरही में धान की रोपाई जोरों पर



**बरही (आजाद सिपाही)।** पानी भरे खेतों में पुरुष और महिलाएं अपनी मेहनत से अन्न पैदा करने की प्रक्रिया में जुट गये है। बरसात का मौसम आते ही धान की रोपाई का पुरे जोरो पर है। बरही प्रखंड के कई ग्रामीण क्षेत्र में धान रोपाई का कार्य तेजी से चल रहा है। वहीं इधर अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति अध्यक्ष मो कयूम भी धान की रोपाई में जुट गये है। उन्होंने कहा कि मानसून समय पर आने से इस बार धान की फसल अच्छी होने की संभावना है। पर्याप्त वर्षा के कारण खेतों में पानी की अच्छी मात्रा है, जिससे रोपाई मद सुविधा हो रही है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि अगर समय – समय पर बारिश होती रही तो इस बार अच्छी फसल की उम्मीद है। धान की रोपाई का यह दृश्य न केवल ग्रामीण मेहनत का चित्रण करता है, बल्कि यह दर्शाता है कि आज भी खेती भारत की रीढ़ है। जहां बड़ी संख्या में ग्रामीण आबादी अपनी जीविका के लिए कृषि पर निर्भर है। इस तरह के दृश्य हमें यह याद दिलाता है कि अन्न के हर दाने के पीछे की यह मेहनत हमारे देश को अन्नदाता बनाती है।

## विष्णुगढ़ की अलपिटो पंचायत की मुखिया सुमिता देवी निलंबित, वित्तीय शक्तियां जब्त



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** जिले के विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत अलपिटो की मुखिया सुमिता देवी को विकास योजनाओं में वित्तीय अनियमितता और नियम विरुद्ध क्रियान्वयन के गंभीर आरोपों के आलोक में निलंबित कर दिया गया है। उपायुक्त हजारीबाग द्वारा इस संबंध में की गयी अनुशंसा के आलोक में यह कार्रवाई की गयी है। प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार मनरेगा, 15वें वित्त आयोग और अन्य मदों से संचालित योजनाओं में नियमों की अवहेलना करते हुए क्रियान्वयन कराया गया और योजनाओं की राशि लाभुक समिति के स्थान पर व्यक्तिगत खाते में स्थानांतरित की गयी। वित्तीय वर्ष 2021–22 में 15वें वित्त आयोग अंतर्गत संचालित 16 योजनाओं की राशि किसी एक व्यक्ति नारायण यादव के खाते में जमा कराना गंभीर वित्तीय अनियमितता मानी गयी है। इसके तहत सुमिता देवी को निलंबित करते हुए उनके मुखिया पद की समस्त शक्तियां (वित्तीय शक्ति सहित) जब्त कर ली गयी है।

## चार श्रम संहिताओं के खिलाफ मजदूरों की हुंकार

# हजारीबाग में सफल रही देशव्यापी हड़ताल

**राजनीतिक दलों ने किया एनएच-33 जाम, शहर में निकली मोटरसाइकिल रैली**

**मजदूरों-कर्मचारियों की एकजुटता ने केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ दिखायी ताकत**



आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और स्वतंत्र कर्मचारी महासंघों के संयुक्त आह्वान पर बुधवार को आयोजित अखिल भारतीय मजदूर हड़ताल को हजारीबाग में व्यापक समर्थन मिला। केंद्र सरकार की श्रम विरोधी नीतियों और चार श्रम संहिताओं के खिलाफ आयोजित इस बंद में मजदूरों, कर्मचारियों के साथ-साथ विभिन्न राजनीतिक दलों और संगठनों ने भी भाग लिया।

हड़ताल का प्रमुख उद्देश्य केंद्र सरकार द्वारा जबरन थोपे गये चार श्रम संहिताओं, न्यूनतम मजदूरी का उल्लंघन, कार्य घंटे में वृद्धि, सामाजिक सुरक्षा में कटौती, ठेका प्रथा को बढ़ावा, और मुनाफे में चल रही सरकारी कंपनियों के निजीकरण के खिलाफ विरोध दर्ज कराना था।

हड़ताल के समर्थन में शहर की सड़कों पर मोटरसाइकिल रैली निकाली गयी, जो बीमा निगम कार्यालय से शुरू होकर पीटीसी चौक, जिला परिषद चौक, इंद्रपुरी, झंडा चौक, बंसीलाल चौक, पुराना बस स्टैंड, पीडब्ल्यूडी चौक होते हुए पुनः बीमा कार्यालय पहुंची, जहां एक सभा में तब्दील हो गयी। रैली की अगुवाई सीटू के उपाध्यक्ष गणेश कुमार ने की।

सभा को संबोधित करते हुए बीमा कर्मचारी संघ के महासचिव जेसी मित्तल, मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव यूनियन के जिला अध्यक्ष सुदीप चैटर्जी, बैंक एम्पलाइज फेडरेशन के चंद्रशेखर आजाद, राज्य कर्मचारी महासंघ के जिला अध्यक्ष गोपाल पासवान और ऑल राइट ड्राइवर संघ के अध्यक्ष मोहम्मद इरशाद ने केंद्र की नीतियों को मजदूर-विरोधी बताया। बंद को समर्थन देने के लिए कई प्रमुख दलों जैसे सीपीआई, सीपीआईएम, इंटक और राजद ने एनएच-33 को जाम कर विरोध जताया। प्रदर्शन में इंटक के कजरू साव, धीरज सिंह, जावेद मलिक, कमरुद्दीन, मुनेश्वर चौधरी, सीपीआईएम के गणेश कुमार, सीपीआई के अनिरुद्ध प्रसाद, डॉ. अनवर हुसैन और राजद के हिरामन यादव, प्रवीण महता शामिल रहे।

**मेडिकल प्रतिनिधि और ड्राइवर भी हड़ताल में अग्रणी:** बिहार स्टेट सेल्स मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव यूनियन (सीटू) के सदस्य पूर्णतः हड़ताल पर रहे और किसी भी डॉक्टर से मुलाकात नहीं की। वहीं ऑल राइट ड्राइवर संघ ने कंपनी की एक भी गाड़ी को सड़क पर नहीं चलने दिया। सभा के अंत में वक्ताओं ने ऐलान किया कि अगर केंद्र सरकार ने अपनी जनविरोधी नीतियों को वापस नहीं लिया, तो आने वाले दिनों में यह आंदोलन और भी व्यापक रूप लेगा।

# जब तक विस्थापितों को न्याय नहीं मिलेगा लड़ाई जारी रहेगीः भुनेश्वर प्रसाद मेहता

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** झारखंड में जमीन की लूट और विस्थापन से जुड़े मुद्दे को लेकर हजारीबाग शहर के देवांगना चौक स्थित होटल भंडारा पार्क में बुधवार को अखिल भारतीय किसान सभा ने पत्रकार वार्ता का आयोजन किया। जिसमें मुख्य रूप से अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय सचिव केडी सिंह और अखिल भारतीय किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष और झारखंड विस्थापित संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष सह पूर्व सांसद भूवनेश्वर प्रसाद मेहता विस्थापितों की समस्या और जमीन लूट पर पत्रकारों से मुखातिब हुए। भुनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि झारखंड राज्य के गठन को 24 वर्ष बीत जाने के बाद भी अब तक न तो कोई समुचित विस्थापन और पुनर्वास नीति बन पायी है, और न ही भूमि अधिग्रहण कानून 2013 को सही ढंग से लागू किया गया है। कहा कि झारखंड का विस्थापन झारखंड का अभिशाप बन गया है। भूमि अधिग्रहण से सबसे ज्यादा प्रभावित गरीब, दलित और आदिवासी किसान हो रहे हैं।

अखिल भारतीय किसान सभा ने सरकार से झारखंड में विस्थापन बंद करने, कोयला या अन्य खनिजों उपकरणों के निर्माण और खनन में किसानों की भागीदारी व हिस्सेदारी सुनिश्चित करने, आदिवासी, दलित और किसानों की जमीन का अधिग्रहण ना करने, गोंदलपूरा कोल ब्लॉक रद्द करने, किसानों के नाम बंदोबस्त गैरमजरूवा जमीन को रिलीज कर किसानों को वापस दिलाने और झारखंड में विस्थापन आयोग का गठन करने ताकि पूर्व के विस्थापितों का लेखा-जोखा हो सके। श्री मेहता ने कहा कि जब तक यह मांगे पूरी नहीं होगी यह संघर्ष जारी रहेगा।

वहीं झारखंड स्वतंत्रता सेनानी विचार मंच के प्रदेश अध्यक्ष बटेश्वर प्रसाद मेहता ने विस्थापन को लेकर गंभीर चिंता जताते हुए कहा कि विस्थापन झारखंड की एक गंभीर समस्या है जिससे झारखंड के दलित किसान और आदिवासी समाज के लोग प्रभावित हो रहे हैं, उनकी जमीनी छीनी जा रही है। विस्थापन की लड़ाई जारी है और अंत तक यह सारी लड़ाई जारी रहेगा। इस मौके पर अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय सचिव केडी सिंह, खतियानी परिवार के केंद्रीय महासचिव मोहम्मद हकीम अंसारी, श्रीकांत मेहता, कामरेड इम्तियाज अंसारी, कामरेड तुलसी कुमार, कामरेड अनंत कुमार आर्या, सुनीता कुमारी, कामरेड मजीद अंसारी, अनंत कुमार आर्या सहित कई वामपंथी एक आंदोलनकारी नेता शामिल थे।

# दिल्ली में शिबू सोरेन का हाल जानने अस्पताल पहुंचे विधायक मनोज यादव

सोनू पंडित



**बरही(आजाद सिपाही)।** झामुमो के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन की तबीयत में सुधार हो रहा है। मालूम हो कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन का दिल्ली में स्थित सर गंगा राम अस्पताल में इलाज चल रहा है। यहां डॉक्टरों ने गुरुजी की हालत को लेकर संतोष जताया है। वह दिन-रात चिकित्सकों की निगरानी में हैं। इधर, झारखंड राज्य के लोक लेखा समिति के सभापति सह बरही विधायक मनोज कुमार यादव मंगलवार को दिशोम गुरु शिबू सोरेन से मिलने दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल पहुंचे। इसके साथ ही उन्होंने शिबू सोरेन के इलाज में जुड़े डॉक्टरों से उनके स्वास्थ्य की प्रगति के संबंध में चर्चा किया। साथ ही उन्होंने कहा कि मैं ईश्वर से उनके शीघ्र पूर्ण रूप से स्वस्थ्य होने की कामना करता हूं। इस दौरान विधायक ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत उनके परिवार वालों से भी मुलाकात किया।

## बीडीओ ने विद्यालयों का किया निरीक्षण

**जयनगर(आजाद सिपाही)।** प्रखंड में उपायुक्त के निर्देशानुसार प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार ने प्रखंड के 6 प्राथमिक विद्यालयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालयों की समस्त गतिविधियों का सूक्ष्मता से मूल्यांकन किया, जिसमें बच्चों की पढ़ाई, खेलकूद, दैनिक दिनचर्या, दीवार लेखन, पुस्तकालय की स्थिति, पौधारोपण गतिविधियां, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता और संबंधित रजिस्टरों की जांच की। बीडीओ ने संबंधित प्रधानाध्यापकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वच्छता, बच्चों की उपस्थिति और मध्याह्न भोजन की नियमितता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिये।

## गुरु पूर्णिमा पर गायत्री शक्तिपीठ में हुआ दिव्य आयोजन

# दीपयज्ञ, मंत्रजप, दीक्षा संस्कार से गूंजा मंदिर परिसर

आजाद सिपाही संवाददाता



**झुमरीतिलैया।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ में नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ कार्यक्रम का भव्य आयोजन हुआ। मंदिर को रंग-बिरंगी झालरों, पुष्पों और दीपों से अद्भुत रूप से सजाया गया था। कार्यक्रम की शुरुआत बुधवार प्रातः सवा लाख गायत्री मंत्रों के अखंड जाप से हुई। इसके उपरांत दीपयज्ञ और युग संदेश परिव्राजक नकुल देव प्रसाद द्वारा संपन्न हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। गुरुवार को प्रातः 7 बजे से नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ होगा, जिसके अंतर्गत विविध संस्कार, विशेष रूप से गुरु दीक्षा संस्कार संपन्न कराया जा रहा है। श्रद्धालुओं में इस आयोजन को लेकर उत्साह देखने को मिल रहा है। नकुल देव प्रसाद ने अपने संदेश में कहा कि गुरु पूर्णिमा अनुशासन और श्रद्धा का पर्व है, जो गुरु के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का एक सशक्त माध्यम है। सनातन धर्म में गुरु का स्थान सर्वोच्च माना गया है। गुरु ही वह प्रकाश हैं, जो अज्ञान रूपी अंधकार से निकालकर ज्ञान की ओर ले जाते हैं। उन्होंने बताया कि गुरु अपने तप, पुण्य और ज्ञान का अंश अपने शिष्य को प्रदान करते हैं, जिससे साधारण व्यक्ति भी असाधारण बन जाता है। उदाहरण स्वरूप रामकृष्ण परमहंस की कृपा से नरेंद्र, स्वामी विवेकानंद बनकर भारतीय संस्कृति का ध्वज पूरे विश्व में फहराते हैं। बृजनंदन गुरु की कृपा से शंकर, दयानंद सरस्वती बनते हैं। समर्थ रामदास जैसे गुरु की छाया में शिवाजी, छत्रपति शिवाजी बनते हैं। उन्होंने आगे कहा कि इस युग में तपस्वी पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी ने गायत्री परिवार की स्थापना कर साधारण जन को दिव्यता की ओर अग्रसर किया। गायत्री मंत्र की दीक्षा के माध्यम से समाज निर्माण की क्रांतिकारी योजना चलायी गयी, जिसमें साधना, स्वावलंबन, नारी जागरण, नशा मुक्ति, पर्यावरण रक्षा जैसे आंदोलन प्रमुख रहे। गायत्री शक्तिपीठ झुमरी तिलैया भी इसी उद्देश्य के अंतर्गत हजारों वृक्षारोपण और रचनात्मक गतिविधियों का केंद्र बना हुआ है। सद्गुरुदेव श्रीराम शर्मा आचार्य का मानना था कि व्यक्ति के विचारों का परिवर्तन ही परिवार, समाज और राष्ट्र का उत्थान कर सकता है। इसी उद्देश्य से अखंड ज्योति, युग निर्माण योजना और प्रज्ञा अभियान जैसी पत्रिकाओं को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास निरंतर जारी है। कार्यक्रम में गायत्री शक्तिपीठ के मुख्य ट्रस्टी ईश्वर साव, नीलम शहबादी, विष्णु साहू, बाबूलाल पंडित समेत सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## भाकपा माले ने सात मील चौक को किया जाम



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** बुधवार को आम हड़ताल को लेकर सात मिल चौक में भाकपा माले के कार्यकर्ता उतरकर रोड को जाम किया। बताया जाता है कि ट्रेड यूनियन के आवाहन पर 9 जुलाई को संपूर्ण भारत बंदी के दौरान विष्णुगढ़ सात मिल चौक पर 9:00 बजे से 11:30 बजे तक सात मिल चौक को बंद किया गया। बंदी में माल बाहक एवं लंबी दूरी कि वाहनों की लम्बी कतारें लग गयी थी जाम का नेतृत्व माले के वरिष्ठ नेता शेख तैयब, प्रखंड सचिव घनश्याम पाठक, जिला सदस्य जानकी शर्मा, दुलारचंद प्रसाद, आरिफ अंसारी, आलम अंसारी, रामेश्वर दास के अलावे झंडा बैनर के साथ बड़ी संख्या में उतरकर जाम किया गया। कहा कि केंद्र की मोदी सरकार मजदूर किसानों के हक में बनाये गये कानूनों को साजिश के तहत रद्द करने व नये चार काले कानून थोपने की प्रक्रिया चल रही है। जो सफल नहीं होने दिया जायेगा। कहा कि भाजपा की सरकार सिर्फ पूंजीपतियों और कॉपोर्रेट घरानों की तरक्की के लिए सभी मजदूर विरोधी कानूने थोपने के हथकंडे अपनाये जा रहे हैं। यह भारत में नहीं चलने दिया जायेगा। मौके पर भोला प्रसाद सिंह, गोविंद रविदास, उत्तम महतो, मेहिलाल बेसरा, मनोज मंडल, महादेव मंडल, ताज अंसारी, निर्मल कुमार महतो, बिरसा सिंह, गुलाब सिंह, संतोष कुमार यादव, मनोज कुमार सिंह समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

## ट्रेड यूनियनों की हड़ताल का कोडरमा में दिखा असर




**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** केंद्र सरकार की कथित मजदूर विरोधी नीतियों और लेबर कोड के खिलाफ ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर देशव्यापी मजदूर हड़ताल का कोडरमा जिला में असर रहा। केटीपीएस बांझेडीह से लेकर अन्य जगहों पर आंदोलन का प्रभाव दिखा। जिले में सबसे ज्यादा प्रभाव आंगनबाड़ी में रहा और सभी 751 केंद्रों में ताला लटका रहा। करीब 25 हजार बच्चे पोषाहार से वंचित रहे। बारिश के बीच कोडरमा में हनुमान मंदिर चौक से सीटू के बैनर तले रैली निकला जो कोडरमा बाजार होते हुए समाहरणालय पहुंचकर प्रदर्शन व सभा में तब्दील हो गया। जुलूस में मजदूर विरोधी मोदी सरकार मुर्दाबाद, लेबर कोड रद्द करो, आंगनबाड़ी में एफआरएस रद्द करो, परियोजना कर्मियों को 26 हजार वेतन देना होगा, समान काम का समान वेतन देना होगा आदि नारे लगाये जा रहे थे। जुलूस में भारी संख्या में सेविका सहायिका शामिल थी। सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि केंद्र सरकार अपने कॉरपोरेट पक्षीय एजेंडे को जारी रखते हुए मजदूरों को गुलाम बनाने वाली चार लेबर कोड को लागू करने के लिए तत्पर है। जिसका उद्देश्य आम जनता की बुनियादी लोकतांत्रिक और संवैधानिक अधिकारों पर रोक लगाकर जनवादी आंदोलनों को कुचलना है। आंगनबाड़ी यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष मीरा देवी ने कहा कि आंगनबाड़ी में एफआरएस जो सेविकाओं के लिए मौत का कानून है, जिसके तहत आंगनबाड़ी सेविकाओं का शोषण और उत्पीड़न किया जा रहा है। सीटू के जिला सचिव रमेश प्रजापति ने कहा कि निजीकरण के नाम पर लाखों नौकरी पैदा करने वाली देश की सरकारी संस्थाओं को बेचा जा रहा है। सरकारी नौकरियां समाप्त कर आउटसोर्स और ठेकाप्रथा के नाम गुलाम कर्मचारी बनाया जा रहा है। अध्यक्षता आंगनबाड़ी यूनियन की जिलाध्यक्ष शोभा प्रसाद जबकि संचालन जिला सचिव वर्षा रानी ने किया। प्रदर्शन में महेन्द्र तुरी, सुरेन्द्र पांडेय, राजू तुरी, संध्या पांडेय, संतोषी चन्द्रवंशी, संध्या वर्णवाल, हीना प्रवीण, मीना, मंजू मेहता, शकुन्तला मेहता, कुमारी अनामिका, संध्या वर्णवाल, प्रभा, सुनीता, कविता यादव, बेबी, नीलम यादव, अर्चना, विमला, सरिता, चिंतामणी, सोनी, रूपाली, दीपा, शर्वरी खातुन, गीता, प्रतीमा, सुधा रानी, संतोषी, रेखा मीना एक्का, रीता, देवंती, रूमी खानम, मुसरत, संजू, नुसरत बानो, उषा सहित सैकड़ों की संख्या में सेविका सहायिका और रसोईया शामिल थी।

## ककरचोली गांव के बच्चे नदी पार कर जाते हैं स्कूल



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के ककरचोली गांव की लगभग 3 हजार की आबादी अभी प्रभावित है। यह गांव हरेक वर्ष बरसात में टापू बन जाता है। गांव के नजदीक अक्तो नदी पर पुल नहीं रहने से बरसात में नदी में पानी भर जाता है। कोई वैकल्पिक सड़क मार्ग भी नहीं है। उप मुखिया हासिम खान, ग्रामीण रामप्रसाद यादव, नारायण साव, संजय यादव, सुरेन्द्र साव ने बताया कि गांव से बाजार, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जयनगर, कृषि विज्ञान केंद्र जयनगर और स्कूल जाने के लिए नदी पार करना पड़ता है। लोग जान जोखिम में डालकर नदी पार करते हैं। बच्चों को भी स्कूल जाने के लिए यही एक मात्र रास्ता अपनाना पड़ता है। तीन महीने पहले सड़क निर्माण की स्वीकृति मिली है। लेकिन यह नहीं पता कि सड़क कब तक बनेगी। पुल की मांग को लेकर कई बार विधायक और सांसद को पत्र लिखा गया। अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उप मुखिया हासिम खान ने बताया कि 2024 लोकसभा चुनाव में मतदान बहिष्कार किए थे। उस समय के उप विकास आयुक्त और अभी के उपायुक्त ऋतुराज, प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार के द्वारा आश्वासन मिला था लेकिन वह कागज में रह गया। ग्रामीणों ने बताया कि बाजार जाने के लिए साइकिल कंधे पर रखकर नदी पार करनी पड़ती है। महिलाओं और बच्चों को पकड़कर पार कराया जाता है। कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। बरसात में नदी का जलस्तर बढ़ने पर गांव का संपर्क पूरी तरह टूट जाता है। तब लोगों को 12 से 15 किलोमीटर घूमकर बाजार और प्रखंड मुख्यालय जाना पड़ता है। स्वास्थ्य सेवा के लिए सबसे ज्यादा परेशानी होती है। गांव के एक ओर रेलवे लाइन है, जहां घेराबंदी कर दी गयी है। दूसरी ओर अक्तो नदी है। ठंड और बरसात में लोग जान जोखिम में डालकर नदी पार करने को मजबूर हैं। बच्चों के कपड़े और जूते भीग जाते हैं। कई बार तो स्कूल जाना बंद करना पड़ता है। ग्रामीणों ने कहा कि आजादी के 78 वर्ष के पश्चात भी मुलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। कई सांसद, विधायक और मुखिया, पंसस बदले। लेकिन ककरचोली नदी पर पुल नहीं बन सका। गांव आज भी विकास से कोसों दूर है। सरकार का विकास का दावा यहां खोखला साबित हो रहा है।

## शराब की चार दुकानों को किया गया सील

**सतगावां (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के चार शराब दुकान को सील किया गया है। जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी सह पंचायती राज पदाधिकारी प्रिंस गॉडविन कुजूर, प्रखंड विकास पदाधिकारी ओम प्रकाश बड़ाईक की उपस्थिति में बुधवार को प्रखंड में संचालित चार शराब की दुकानों को सील किया गया है। हैंडओवर टेकओवर की प्रक्रिया को लेकर पदाधिकारी दुकानों में स्टॉक के मिलान करने पहुंचे थे। इस दौरान शराब की चार दुकानों को खुला पाया। इस बाबत जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पंचायती राज पदाधिकारी प्रिंस गॉडविन कुजूर, प्रखंड विकास पदाधिकारी ओमप्रकाश ने बताया कि बंदोबस्त की अवधि समाप्त होने के कारण सतगावां थाना क्षेत्र की चार दुकानों को सील करना था। पुनः बंदोबस्त के बाद ही दुकान को नियम के अनुसार चालू किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि सतगावां थाना क्षेत्र में बुधवार को विदेशी शराब दुकान समलडीह, बैद्यडीह, देसी शराब दुकान बरियारडीह एवं बैद्यडीह कुल चार दुकान को सील किया गया है।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 10 जुलाई, 2025
www.azadsipahi.in



## कस्तूरबा इंटर महिला महाविद्यालय में शासी निकाय की बैठक संपन्न



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** कस्तूरबा इंटर महिला महाविद्यालय में शासी निकाय की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि विधायक ममता देवी शामिल हुईं। महाविद्यालय पहुंचने पर प्राचार्या ने विधायक को बुके भेंट कर अभिनंदन किया। बैठक में महाविद्यालय के विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई और विभिन्न प्रस्तावों पर सहमति बनी। विशेष रूप से छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने और उन्हें हर आवश्यक सुविधा सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। विधायक ममता देवी ने महाविद्यालय के शिक्षकों और कर्मचारियों से भी मुलाकात की और उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी ली। उन्होंने आश्वासन दिया कि समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव प्रयास किया जायेगा।

## श्रमिक संगठनों की हड़ताल रहा सीसीएल कुजू में असरदार, करोड़ों रुपये का नुकसान



**कुजू (आजाद सिपाही)।** संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर बुधवार को श्रमिक संगठनों का देशव्यापी आम हड़ताल सीसीएल कुजू क्षेत्र में असरदार रहा। हड़ताल के दौरान करमा, तोपा समेत विभिन्न कोलियरियों में श्रमिक प्रतिनिधियों की मौजूदगी और मजदूरों का खासा समर्थन के कारण से संपूर्ण कार्य बाधित रहा। वहीं, खदान में बड़े वाहन भी खड़ा रहा। बंदी से कुजू क्षेत्र को करोड़ों रुपया का नुकसान होने का अनुमान है। जबकि बंद पड़ी कोलियरियों में श्रमिकों ने भी खुलकर समर्थन किया है। इधर, सारुबेडा कोलियरी, जीएम यूनिट और बंद पड़ी कोलियरियों में बंदी का असर रहा। जबकि भारतीय मजदूर संघ ने बंदी का विरोध किया। बंदी के दौरान एजेकेएसएस के सीसीएल कुजू क्षेत्रीय सचिव रामभजन लाल महतो ने कहा कि केंद्र सरकार कोयला कामगारों के हक और अधिकार पर लगातार हमला कर रही है। केंद्र सरकार ने 44 श्रम कानून को संशोधित कर 4 नए श्रम कोड लाया है। जो श्रम कानून मजदूरों का रक्षा कवच था और श्रम कानून को मानना उसकी कानूनी बाध्यता थी। परंतु सरकार ने श्रम कानून को समाप्त कर मजदूरों को गुलामी की ओर ले जाना चाह रही है। मोर्चा द्वारा किसी भी हाल में काला कानून को लागू नहीं होने दिया जायेगा। उन्होंने केंद्रीय श्रमिक कानून का विरोध करते हुए काला कानून बताया। इधर, तोपा पीओ एमके सिंह, कोलियरी मैनेजर चंद्रवीर नारायण, निलेश कुमार, आलोक सिंह समेत कई अधिकारी पीट ऑफिस पहुंचकर बंदी कर रहे श्रमिक प्रतिनिधियों को हड़ताल समाप्त करने की अपील की। फिर भी सभी प्रतिनिधि डटे रहे। जबकि करमा में जीएम आरके सिन्हा ने बंदी समर्थकों से मिलकर समाप्त करने की अपील की। बंदी करने वालों में एजेकेएसएस क्षेत्रीय सचिव रामभजन लाल महतो, दुबराज महतो, विनोद महतो, जलेश करमाली, ज्ञानी महतो, पूरण गंझु, आरसीएमयू के क्षेत्रीय सचिव राजकुमार ठाकुर, देवेंद्र शर्मा, मो इलियास, जयनाथ महतो, कामेश्वर गंझु, संतोष कुमार, जमसं के रणजीत सिंह, अरविंद कुमार सिंह, शशि यादव, राजकुमार महतो, राजकुमार दास, विगन राम, यूसीडब्लूयू के रामेश्वर महतो, तेतर महतो, झाकोमयू के रामनाथ महतो, मो यासीन, सुरेश चंद्र पटेल, मंगू मांझी, महादेव मांझी, समेत कई श्रमिक संगठन के प्रतिनिधि शामिल रहे।

## लघु वनोपज की विपणन से जुड़ी एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



**लावालौंग / चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित पंचायत सचिवालय में बुधवार को लघु वनोपज विपणन से जुड़ी एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें कुंदन गुप्ता सेंट्रल टीम इंस्टिट्यूट का कम्युनिटी फॉरेस्ट गवर्नेंस, विनीता देवी और अशोक भारती क्लस्टर समन्वयक शामिल थे। जानकारी के अनुसार इस कार्यशाला का उद्देश्य ग्राम सभाओं की क्षमता का निर्माण करना और वनों पर आधारित आजीविका के लिए सामूहिक विपणन की प्रक्रिया को मजबूत करना जिसमें क्षेत्र के कुल 90 प्रतिभागी शामिल थे और 10 गांव के प्रतिनिधित्व करने वाले हैं, और महिलाएं की सहभागिता लगभग 90प्रतिशत है। सभा में मुख्य रूप से चर्चा किया गया वन अधिकार अधिनियम 2006 में लघु वनोपज से जुड़े प्रावधान समुदाय को संग्रहण प्रसंस्करण और विक्रय का अधिकार। विपणन में ग्राम सभा की भूमिका मूल्य निर्धारण बिचौलियों की भूमिका को नियंत्रित करने और निर्णय लेने की प्रक्रिया में ग्राम सभा की शक्तियां। वैल्यू चेन और वैल्यू एडिशन पर संस्करण और सीधा बाजार संपर्क कर आय में वृद्धि के संभावनाओं पर चर्चा। सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समिति का गठन और भूमिका कार्यान्वयन, निगरानी और सामूहिक कार्यों के लिए एक प्रमुख संस्था। सफल ग्राम सभाओं की कहानियाँ अन्य क्षेत्र से सफल विपणन प्रयासों की प्रेरक कहानियां साझा की गई है। और मुख्य निष्कर्ष किया गया की ग्राम सभा में CFRMC पर चर्चा की शुरूआत। सामूहिक विपणन की दिशा में पहल। आजीविका के लिए जंगल की रक्षा को प्राथमिकता देना। इस कार्यशाला का समापन प्रतिभागियों को उत्साही प्रतिक्रियाओं के साथ हुआ, विशेष रूप से महिलाएं ने सामूहिक विपणन और वन सुरक्षा में नेतृत्व करने की इच्छा जताई है। इस दौरान सैकड़ों महिलाएं और लोग शामिल थे।

## ग्रामीणों ने चंदा करके कच्ची सड़क की मरम्मत करवायी



**कुंदा / चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के कुंदा पंचायत के मोहनपुर गांव में ग्रामीणों ने चंदा करके कच्ची सड़क की मरम्मती बारिश के कारण कच्ची सड़क की मिट्टी बहकर खाई बन गया था। जिससे ग्रामीणों को आने जाने में काफी मुश्किल हो रहा था। गांव वाले ने जेसीबी मशीन लगाकर कच्ची सड़क में मिट्टी भरकर सड़क की मरम्मती कराया। ग्रामीणों का कहना है की वोट के समय जनप्रतिनिधि कई वादे करते है और चुनाव जीतने के बाद सिर्फ अपना काम में लग जाते है। सड़क में मिट्टी बहने से खाई जैसा गड्ढा बना हुआ है। पिछले 20 दिनों से कोई प्रखंड कर्मी और जनप्रतिनिधि सुध लेने नही पहुंचे। ग्रामीणों ने नाराजगी जाहिर करते हुए अपने खर्च से कच्ची सड़क की मरम्मती कराने का निर्णय लिया। मौके पर राकेश कुमार यादव, अजय कुमार यादव, रामनाथ यादव, रामजतन यादव, विदेश कुमार के अलावा कई लोग मौजूद थे।

# यात्रियों से भरी बस को ट्रक ने मारी टक्कर, कई घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** रांची-पटना मुख्यमार्ग अंतर्गत फोरलेन के कोठार ओवर ब्रिज के निकट बुधवार को यात्रियों से भरी बस को एक ट्रक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में कई यात्री घायल हो गये। सभी घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उन सभी का प्राथमिक उपचार किया गया। जानकारी के अनुसार रांची से हजारीबाग की ओर जा रही बस संख्या जेएच 02बीएम 8483



अचानक कोठार ओवर ब्रिज के पास मोड़ने के दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार से ट्रक संख्या डब्लू बी27 3657 ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद बस में सवार यात्रियों के बीच अफरा तफरी माहौल बन गया। वहीं, स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को सदर अस्पताल भर्ती करवाया गया, जहां सभी का प्राथमिक उपचार किया गया। इधर, घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को जब्त कर ली। इस घटना में ट्रक चालक आनंदी यादव मामूली रूप से घायल हो गये। जबकि, खलासी भरत यादव, बस चालक मो मुमताज और अन्य बाल-बाल बच गये।

**घायलों का हुआ सदर अस्पताल में इलाजः** सदर अस्पताल में 30 वर्षीय अनिता देवी, 32 वर्षीय मो शाहरुख, 17 वर्षीय अजीत कुमार, 38 वर्षीय प्रमोद कुमार, 22 वर्षीय चंद्रकांत महतो, 21 वर्षीय सुजीत कुमार, 34 वर्षीय प्रीतम सोनी का सदर अस्पताल में इलाज हुआ।

## कांग्रेस प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शाहजादा अनवर ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता

**रजरप्पा।** 9 जुलाई को कांग्रेस पार्टी के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर ने दिल्ली पहुंचकर झारखंड प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और झारखंड के निर्माण में अग्रणी और महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले क्रांतिकारी नेता दिशोम गुरु शिबू सोरेन के स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्राप्त किये। कुशल क्षेम होने की कामना किया, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर उन दिनों को साझा किये जब वे झारखंड मुक्ति मोर्चा के अंग थे। दिशूम गुरु ने कैसे



राजनीति के एक एक मुश्किलों का सामना करने का साहस एक अभिवावक के तौर पर पैदा किये और भय मुक्त होकर जनता के मुद्दों को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करते रहे। उन्हीं के आशीर्वाद व मार्गदर्शन में पार्टी का नेतृत्व हजारीबाग व रामगढ़ जिला में और केन्द्रीय सचिव के रूप में प्रदेश में काम करने का मौका मिला। राजनीतिक सफर मैं माननीय गुरूजी का हमपर उपकार भुलाया नहीं जा सकता। एक ही प्रखंड के निवासी होने से गुरूजी के साथ परिवारिक संबंध है। गुरूजी के साथ बिताए गए पुरानी यादों की बीते पल मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से साझा किये। ईश्वर से प्रार्थना है कि जल्द से जल्द वे स्वस्थ होकर हमारे बीच आयें।

## अज्ञात लोगों ने टेंपो जलाया



**गोला (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के सोसो कला गांव में बीती रात को अज्ञात लोगों ने उमेश ठाकुर का टेम्पो जला दिया। बताया गया कि उमेश प्रत्येक दिन की तरह अपने टेम्पो जे एच10पी 3802 को अपने घर के बाहर खड़ा किया था। देर रात का फायदा उठाकर अज्ञात लोगों ने टेम्पो को आग के हवाले कर दिया। इसकी जानकारी सुबह को हुई। पीड़ित ने बताया कि जीविका का एकमात्र माध्यम टेम्पो था। टेम्पो जलाये जाने के बाद उसके समक्ष रोजी-रोटी की समस्या उत्पन्न हो गयी है।

## चतरा डीएवी स्कूल में अभिभावक-शिक्षक बैठक



**चतरा (आजाद सिपाही)।** स्थानीय डीएवी स्कूल में अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया।, जिसमें एलकेजी से कक्षा द्वितीय तक के छात्रों के अभिभावकों ने भाग लिया। इस बैठक का उद्देश्य विद्यालय और अभिभावकों के बीच समन्वय स्थापित करना और छात्रों के समग्र विकास पर चर्चा करना था। विद्यालय के प्राचार्य ए.के. चौबे ने इस अवसर पर अभिभावकों को संबोधित करते हुए अभिभावक-शिक्षक बैठकों के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि ऐसी बैठकों के माध्यम से शिक्षक और अभिभावक बच्चों की शैक्षणिक, सामाजिक और मानसिक प्रगति को बेहतर ढंग से समझ सकते हैं और आपसी संवाद से शिक्षा की गुणवत्ता को और भी प्रभावी बनाया जा सकता है। श्री चौबे ने बैठक के दौरान उपस्थित अभिभावकों की विभिन्न जिज्ञासाओं और प्रश्नों का समाधान भी किया। उन्होंने विद्यालय की आगामी योजनाओं, शैक्षणिक कार्यक्रमों और बच्चों के समग्र विकास हेतु विद्यालय द्वारा उठाए जा रहे कदमों की जानकारी साझा की। अभिभावकों ने भी शिक्षकों से खुलकर संवाद किया और अपने विचार तथा सुझाव साझा किया। बैठक में सभी ने मिलकर बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए साझा प्रयास करने का संकल्प लिया।

## गोला में जमीन पर हो रहा अवैध कब्जा, अनशन पर बैठे ग्रामीण

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** जिले के गोला प्रखंड के ब्यांग मौजा में जमीन पर अवैध कब्जा एक बड़ा मुद्दा बन गया है। यहां के ग्रामीणों ने बुधवार से फिर एक बार आमरण अनशन शुरू कर दिया है। ग्रामीणों ने डीसी को बताया कि ब्यांग गांव के खाता नंबर 26 प्लॉट नंबर दो में 1.48 एकड़ भूमि है। खतियनी जमीन से सटे गैरमंजरुआ खास खाता भी है। जिसका खाता नंबर 44, प्लॉट नंबर 01, रकबा 1.20 एकड़ है। इस गैर मंजरूआ जमीन पर पूर्वजों से ही ग्रामीणों का दखल कब्जा चला आ रहा है। लेकिन बंदा टोला हेटगढ़ा निवासी अशोक महतो, अनिल महतो, सुनील महतो, प्रकाश महतो, विकास महतो, अमर महतो, विनोद महतो, प्रेमचंद महतो, लोकनाथ महतो, कारण महतो, मनीष महतो, मोती महतो, बालेश्वर महतो, इसरू महतो, शिवचरण महतो, सुदेश महतो ने जाली हुकुमनामा कागजात बनाकर उसे गैर मंजरूआ जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया है।




### ग्रामीण पर दबंगई कर रहे दूसरे गांव के लोग

ग्रामीणों के द्वारा मना करने पर उनके साथ मारपीट की गयी और जाति सूचक संबोधन भी किया गया। ग्रामीणों ने डीसी को बताया कि अंचल अधिकारी गोला को भी पहले इस मामले में आवेदन दिया गया, पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। उस गैर मंजरूआ भूमि आम लोगों की रैयती भूमि की मापी भी पीडब्ल्यूडी और अंचल अमीन के द्वारा वर्ष 2018 में की गयी थी। ग्रामीणों के द्वारा जब वहां अबुआ आवास का निर्माण किया जा रहा था। तब भी उन लोगों के द्वारा निर्माण कार्य रोका गया। अंचल अधिकारी की मिले भगत से रजिस्टर टू भी छेड़छाड़ की गयी है।

**आमरण अनशन में शामिल है यह लोग :** आमरण अनशन में शंकर करमाली, संतोष करमाली, कृष्णा करमाली, दिपलेश करमाली, पवन करमाली, प्रमोद करमाली, रथु करमाली, विकास करमाली, पूनम देवी, खुशबू देवी, परी देवी, पूर्णिमा देवी, बालो देवी, बबुधनी देवी, काजल कुमारी, निरासो देवी, प्रियंका देवी, भारती देवी, हेमंत कुमारी आदि शामिल है।

### राजस्व, भू-अर्जन, खनन, परिवहन और उत्पाद विभाग की बैठक

## राजस्व संबंधी मामलों का जल्द निष्पादन करने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** उपायुक्त कीर्तिश्री की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिला भू-अर्जन, परिवहन, राजस्व, खनन, अभिलेखागार, निबंधन और उत्पाद विभाग से संबंधित समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में भारतमाला परियोजना समेत अन्य परियोजना के अंतर्गत अधिग्रहित भूमि से संबंधित मुआवजा राशि के भुगतान, भू-हस्तांतरण, FRA/NOC प्रस्ताव, NGDRS पोर्टल के अद्यतन, म्यूटेशन, और अन्य बिन्दुओं पर बिंदुवार समीक्षा की गयी। उपायुक्त ने कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिया गया। प्रखंड स्तर पर प्राप्त होने वाले राजस्व संबंधी मामलों का त्वरित निष्पादन अंचल स्तर पर ही




सुनिश्चित किया जाये। इसके लिए सभी प्रखंडों में रोस्टर के आधार पर राजस्व कैंप आयोजित किये जायें। इन कैंपों की निरंतर निगरानी और निरीक्षण के लिए वरिष्ठ पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की जायेगी। जिन अंचलों में अब तक पंजी-2 की प्रति उपलब्ध है, उन्हें शीघ्र पंजी संधारण (रेकॉर्ड रुम) में जमा करने का निर्देश दिया गया। गैरमजरूआ आम, गैरमजरूआ खास, परती, कदीम और अन्य भूमि की अद्यतन सूची तैयार कर समर्पित करने को कहा गया है। उपायुक्त ने यह भी कहा कि राजस्व संबंधी कार्यों में पारदर्शिता, समयबद्धता और जिम्मेदारी सुनिश्चित की जाये, जिससे आम जनता को बेहतर सेवा मिल सके और प्रशासनिक प्रक्रियाओं में विश्वास बढ़े।

बैठक में अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम, जिला परिवहन पदाधिकारी इन्द्र कुमार, जिला खनन पदाधिकारी मनोज टोप्पो, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी वैभव सिंह, सभी अंचल अधिकारी और विभागीय कर्मीगण उपस्थित थे। जिला उत्पाद विभाग से संबंधित समीक्षा के क्रम में उत्पाद अधीक्षक सुजीत कुमार ने बैठक में जानकारी दी कि चतरा जिले में नई व्यवस्था के अंतर्गत अब तक कुल 8 खुदरा उत्पाद दुकानों का संचालन प्रारंभ किया जा चुका है। खोले गये दुकानों का स्थान यथा - चतरा शहर में 3 दुकानें, बगरा, गिद्धौर, करमा, पत्थलगड्डा और पीतीज में 1-1 दुकान। उन्होंने बताया कि शेष पुरानी दुकानों के हैंडओवर-टेकओवर की प्रक्रिया प्रगति पर है, जिसे आगामी 2 से 3 दिनों के भीतर पूर्ण कर लिया जायेगा। वर्तमान में पुराने मैन पावर एजेंसी से दुकानों का हैंडओवर लिया जा रहा है, जिसके उपरांत जिला स्तरीय समिति द्वारा चयनित आवेदकों के माध्यम से नई व्यवस्था में दुकानों का संचालन शुरू किया जा रहा है। यह अंतरिम व्यवस्था तब तक लागू रहेगी, जब तक झारखंड उत्पाद खुदरा बिक्री नियमावली 2025 के तहत लॉटरी प्रक्रिया पूर्ण नहीं हो जाती। उपायुक्त ने उत्पाद विभाग द्वारा दुकानों के संचालन में पारदर्शिता, निर्धारित मापदंडों का अनुपालन और विधिसम्मत प्रक्रिया सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## सीसीएल ने बाल विद्या मंदिर को दिया डस्टबिन




**कुजू (आजाद सिपाही)।** बाल विद्या मंदिर, आरा कोलियरी को सीसीएल कुजू प्रबंधन ने स्वच्छता को लेकर डस्टबिन साम्रगी सौंपा है। मौके पर सीसीएल सीएसआर के कर्मचारी जानकी महतो और संजय कुमार ने बताया कि सीएसआर के तहत स्वच्छता पखवाड़ा के उपलक्ष्य पर डस्टबिन साम्रगी विद्यालय प्रबंधन को उपलब्ध कराया गया है। वहीं, प्राचार्य रणजीत सिंह ने सीसीएल प्रबंधन का आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर शिक्षक भागीरथ प्रसाद, सुनीता कुमारी, पुष्पिता कुमारी मौजूद रहे।

## जर्जर सड़क का विरोध, तीन दिनों तक काम ठप



**गोला (आजाद सिपाही)।** गोला के टोनागातू स्थित इनलैंड पावर प्लांट के बड़े वाहनों के अवागमन से बरियातू तक सड़क काफी जर्जर अवस्था में पहुंच गयी है। इसी के विरोध में ग्रामीणों ने बरियातू के समीप सड़क को जाम कर दिया। जाम सोमवार दोपहर से शुरू हुआ। इस दौरान दर्जनों ग्रामीण रात दिन सड़क पर मौजूद रहकर प्लांट प्रबंधन का विरोध किया। उक्त पथ को जाम किये जाने के बाद प्लांट का माल ढूलाई पूरी तरह से बाधित रहा। ग्रामीणों ने बताया कि प्लांट प्रबंधन के अड़ियल रवैये के कारण ग्रामीणों के समक्ष गंभीर समस्या उत्पन्न हो गयी है। प्लांट गेट से बरियातू चौक तक सड़क गड्ढों में तब्दील हो गया है। जगह जगह दर्जनों गड्डे हो गये है। कीचड़ इतना कि पैदल चलना भी यहां मुश्किल है। ग्रामीणों ने आगे बताया कि प्लांट प्रबंधन को इसकी सुचना कई बार दी गयी। लेकि न इसपर कोई पहल नहीं की गयी। तीन दिनों तक चले यह जाम बुधवार दोपहर को समाप्त कर दिया गया। इसके बाद अवागमन शुरू हुआ। प्रशासन की उपस्थिति में यह समझौता हुआ कि बरसात के बाद इस पथ को अविलम्ब बनाया जायेगा। तत्काल अभी गड्डो को भर कर काम चलने पर सहमति बनी।

## शिक्षक की पत्नी से सोने की चेन छिनतई



**कुजू (आजाद सिपाही)।** क्षेत्र के आरा-नयामोड़ फोरलेन चौराहे पर नकाबपोश बाइक सवार अपराधियों ने एक महिला का सोने की चेन छीनकर भाग निकले। इस संबंध में पीड़िता शिक्षक की पत्नी ने कुजू ओपी में आवेदन दी गयी। जानकारी के अनुसार, डीएवी आरा के शिक्षक विजय कुमार अपनी पत्नी स्वाति और पुत्र के साथ शाम करीब 4 बजे बाइक से रामगढ़ जा रहे थे। इसी बीच पीछे से केटीएम बाइक सवार नकाबपोश अपराधियों ने स्वाति देवी के गले पर झपटामार सोने की चेन लेकर भाग निकला। इस मामले में महिला ने कुजू ओपी में आवेदन दिया है। वहीं, पुलिस मामला दर्ज कर अपराधी की तलाश में जुट गयी है। चेन की अनुमानित कीमत डेढ़ लाख रुपये बताया जा रहा है।

## आम्रपाली परियोजना के 650 ठेका मजदूरों ने की बैठक, जीएम को सौंपा ज्ञापन



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** झारखंड ग्रामीण मजदूर कल्याण संघ के तत्वावधान में परियोजना के विस्थापित ग्रामीण ठेका मजदूरों ने आम्रपाली परियोजना जीएम कार्यालय परिसर में बैठक आयोजित किया। बैठक की अध्यक्षता यूनियन अध्यक्ष गुरुदयाल साहू, संचालन यूनियन महामंत्री रमेश कुमार वर्मा ने किया। बैठक के उपरांत परियोजना महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह को मजदूरों ने चार सूत्री मांग सौंपा है।आवेदन के माध्यम से अवगत कराया गया की आम्रपाली परियोजना में कॉल खनन और परिवहन कार्य हेतु नई निविदा प्राप्त कैलिबर माइनिंग एंड लॉजिस्टिक जेवी कंपनी का खनन कार्य आरंभ करने से पूर्व वर्तमान कंपनी में कार्य कर रहे लगभग 650 विस्थापित ग्रामीण ठेका मजदूरों को नई खनन कंपनी में यथावत समायोजित करने और विस्थापित गांव की लगभग 400 से अधिक बेरोजगारों युवकों को नई कंपनी में रोजगार दिलाने की मांग की गयी है। इसके पूर्व महाप्रबंधक की अगुवाई में ठेका मजदूरों के साथ वार्ता किया जायें, ताकि आपसी सहमति के साथ शांति पूर्ण सुचारू रूप से खनन और परिवहन कार्य शुरू किया जाये। कंपनी द्वारा सभी विस्थापित गांव में ग्रामीणों के साथ बैठक कर बेहतर सामंजस्य बनाने के बाद कर आरंभ किया जाये सहित मांगे शामिल है। इस मौके पर धीरेन्द्र चौधरी, राजेश कुमार, रवि रवानी, ओम कुमार, मुखलाल यादव, बजरंगी पासवान, बैजनाथ राम, रविन्द्र वर्मा, अजय कुमार, सूरजदेव सिंह, संतोष राम, नरेश महतो, शुभम कुमार, अशोक साहू, प्रमोद कुमार, दिलीप साव, महेन्द्र साव, नगदेव उरांव, मनोज साव, राकेश सिंह, बिराज गंझु, दीपक साव, अंगद कुमार समेत सैकड़ो ग्रामीण मजदूर उपस्थित थे।

## बीडीओ ने जलसहिया के साथ की बैठक



**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में बुधवार को जलसहिया के साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी निखिल गौरव कमान कच्छप ने बैठक किया। बैठक में पेयजल और स्वच्छता विभाग के कनीय अभियंता राकेश कुमार पाल और लवकेश कुमार और प्रखंड समन्वयक टीकेश्वर साहु भी मौजूद थें। बैठक में सभी जलसहिया को स्वच्छता सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 और जलमीनार को सुचारू रुप से चालू रखने और जलमीनार को हैड ओवर के लिए आवश्यक निर्देश दिया गया। इसके अलावा जलमीनार को स्वच्छ और सुचारु रूप से चलाने के लिए ग्रामीणों को जागरूक करने को कहा गया। साथ ही चालु जलमीनार के लाभूकों से मरम्मति और स्वच्छ रखने के लिए प्रत्येक एससी, एसटी घरों से 60 रुपये और सामान्य वर्ग के घरों से 70 रुपये प्रत्येक महीना लेकर जलसहिया और मुखिया के सयुंक्त खाता मे जमा करने का निर्देश दिया। जमा पैसा से जलमीनार खराब होने पर मरम्मत करने और रखरखाव पर खर्च करने का निर्णय लिया। इस बैठक में काफी संख्या में प्रखंड कर्मी और जलसहिया मौजूद थे।

# तंत्र-मंत्र के शक में हत्या : शर्मनाक

बिहार के पूर्णिया में तंत्र-मंत्र के शक में एक ही परिवार के पांच लोगों को जिंदा जला दिया गया। यह घटना राज्य की कानून-व्यवस्था के लिए जितनी चिंताजनक है, उतनी की शर्मनाक है शिक्षा व्यवस्था के लिए। जब भारत स्पेस में कदम रख संभावनाओं के नये दरवाजे खोल रहा है, तब इस तरह की वारदात बताती हैं कि समाज का एक तबका कितने गहरे अंधविश्वास में डूबा हुआ है।

**कानून का डर नहीं :** पीड़ित परिवार की एक महिला झाड़-फूंक करती थी। जब कुछ दिनों पहले गांव के एक बच्चे की मौत बीमारी के बाद हुई, तो लोगों का शक उस महिला और उसके परिवार पर गया। रिपोर्ट्स बताती हैं कि पहले भी इस गांव में कुछ लोगों की जान बीमारी से गई थी। लेकिन, लोगों को लगा कि इन सबके पीछे वही पीड़ित परिवार है। पहले पंचायत हुई और फिर भीड़ ने नृशंसता दिखाते हुए वारदात को अंजाम दिया। यह स्थिति तब है, जब राज्य में लॉ एंड ऑर्डर बड़ा मुद्दा बना हुआ है - पटना में बिजनेसमैन गोपाल खेमका की हत्या के बाद से सरकार अपनी छवि बचाने की कोशिश में है।

> **जादू-टोने का लोगों के जीवन में दखल इसलिए भी है, क्योंकि स्वास्थ्य व्यवस्था खुद बीमार है। पिछले साल आयी कैग की रिपोर्ट बताती है कि पूर्णिया के सरकारी अस्पतालों में नर्सिंग स्टाफ की 72% कमी है।**

**शिक्षा में पिछड़ापन:** पूर्णिया बिहार के सबसे पिछड़े जिलों में आता है। घटना जिस टेटगामा गांव में हुई, वह आदिवासियों का है। यहां के लोग अगर आज भी झाड़-फूंक के चक्करों में फंसे हुए हैं और जादू-टोने पर भरोसा करते हैं, तो इसके पीछे पिछड़ापन और अशिक्षा दोनों है। केंद्र की स्कूल एजुकेशन रिपोर्ट UDISE+ से पता चलता है कि आधुनिक शिक्षा को छोड़ दीजिए, बेसिक सुविधाओं के मामले में भी बिहार के स्कूल बाकी देश से बहुत पीछे हैं।

**बदहाल स्कूल :** राज्य के केवल 19.6% स्कूलों में कंप्यूटर हैं, जबकि महज 12.1% स्कूलों में स्मार्ट क्लासरूम। देश में ड्रॉपआउट यानी बच्चों के स्कूली पढाई छोड़ने की दर सबसे ज्यादा बिहार में है, 9-10वीं में 25% से भी ज्यादा। ढाई हजार से अधिक स्कूल केवल एक टीचर के भरोसे चल रहे हैं।

**बीमार स्वास्थ्य व्यवस्था :** जादू-टोने का लोगों के जीवन में दखल इसलिए भी है, क्योंकि स्वास्थ्य व्यवस्था खुद बीमार है। पिछले साल आयी कैग की रिपोर्ट बताती है कि पूर्णिया के सरकारी अस्पतालों में नर्सिंग स्टाफ की 72% कमी है। वैसे, पूरे बिहार में एक डॉक्टर के भरोसे 2,148 मरीज हैं। स्वास्थ्य विभागों में 49% पद खाली हैं। ऐसे में पूर्णिया की घटना पूरे सिस्टम की नाकामी है और इसकी जिम्मेदारी सभी को लेनी होगी।

**अभिमत आजाद सिपाही**

**भामाशाह, पराक्रम के पार्श्वनायक और परमार्थ के पुरोधा थे। वे युद्धभूमि में नहीं लड़े, पर हर युद्ध में उनकी वाणी, उनका समर्पण, उनकी पूंजी लड़ी। वे कवच नहीं धारण करते थे, पर राष्ट्र को आर्थिक कवच प्रदान करते थे। वे मंत्र नहीं पढ़ते थे, पर मेवाड़ के भाग्य का पुनर्मंत्रण उन्हीं के त्याग से संभव हुआ। उनकी भूमिका बहुआयामी थी। प्रशासक के रूप में वे मेवाड़ के महामंत्री बने। णनीतिकार के रूप में उन्होंने गुप्तचरी, कर व्यवस्था और सैन्य पुनर्गठन को दिशा दी।**

# दानवीर भामाशाह : स्वराज्य-संघर्ष के साक्षात संबल

**प्रणय विक्रम सिंह**



जब अकबर की अतिशक्ति का अहंकार, अस्मिता के अरावली पर आक्रमण करता है, जब राजनीति केवल रणनीति बन जाये और जब अधीनता को ही अवश्यंभावी मान लिया जाये, तब भामाशाह जैसे व्यक्तित्व ही होते हैं, जो इतिहास की धारा मोड़ते हैं। वे तलवार नहीं उठाते किंतु तलवारों को साधन देते हैं। वे युद्ध में नहीं उतरते पर योद्धाओं को युद्ध के लिए सक्षम बनाते हैं। वे मंत्र नहीं पढ़ते लेकिन मंत्रियों से अधिक प्रभावशाली निर्णय लेते हैं। वे केवल व्यापारी नहीं, धर्म, धन और देश के त्रिदेव बन जाते हैं। वे कोई साधारण वैश्य नहीं थे, वे धर्म और ध्वज के लिए समर्पित संघर्षशील संन्यासी थे। उन्होंने जब स्वर्ण की थाली नहीं, स्वत्व की थाती प्रताप के चरणों में अर्पित की, तब अकबर का अभिमान कांप उठा और मेवाड़ की मयार्दा पुनः जाग उठी।

वर्ष 1576 की हल्दीघाटी में प्रताप वीरता से लड़े, पर साम्राज्यवादी संसाधनों के समक्ष धनहीनता उनकी सबसे बड़ी व्यथा बनी। अपनी मातृभूमि को पुनः प्राप्त करने की आकांक्षा लिए प्रताप जंगलों में, गुफाओं में, पहाड़ियों पर आश्रय लिए हुए थे। जन और जनपद दोनों भयाक्रांत थे। यह वह काल था जब केवल एक पुरुष की आस्था उन्हें पुनर्जीवन देने आयी और वे थे भामाशाह।

> **भामाशाह, पराक्रम के पार्श्वनायक और परमार्थ के पुरोधा थे।**

भामाशाह ने अपने घर के कोषागार का कोष राष्ट्र के चरणों में अर्पित कर दिया था। इतिहासकार जेम्स टॉड के अनुसार, भामाशाह ने एक ही क्षण में 25 लाख रुपये और 20 लाख अशर्फियां राणा प्रताप को समर्पित कीं, जो एक साथ 25,000 सैनिकों का एक वर्ष तक संचालन कर सकती थीं।

यह दान नहीं था, यह धन राष्ट्रयज्ञ में आहुति थी। यह करुणा नहीं, बल्कि कर्तव्य का क्रांति-स्वरूप था। वे बोले कि यह संपत्ति राष्ट्र से मिली है, इसे राष्ट्र को अर्पित करना मेरा धर्म है।

भामाशाह, पराक्रम के पार्श्वनायक और परमार्थ के पुरोधा थे। वे युद्धभूमि में नहीं लड़े, पर हर युद्ध में उनकी वाणी, उनका समर्पण, उनकी पूंजी लड़ी। वे कवच नहीं धारण करते थे, पर राष्ट्र को आर्थिक कवच प्रदान करते थे। वे मंत्र नहीं पढ़ते थे, पर मेवाड़ के भाग्य का पुनर्मंत्रण उन्हीं के त्याग से संभव हुआ।

उनकी भूमिका बहुआयामी थी। प्रशासक के रूप में वे मेवाड़ के महामंत्री बने। रणनीतिकार के रूप में उन्होंने गुप्तचरी, कर व्यवस्था और सैन्य पुनर्गठन को दिशा दी। संघटक के रूप में उन्होंने सामंतों, व्यापारियों और कृषकों को एकजुट किया।

वे केवल राष्ट्रहित के व्यापारी नहीं थे, वे राष्ट्र-ऋषि थे। भामणिया जोधाजी की संतान भामाशाह ने दिखाया कि जब धन धर्म के साथ जुड़ता है, तो वह दान नहीं, दुर्गा का शस्त्र बन जाता है। उनका धन किला नहीं बना, उन्होंने कोई गढ़ नहीं सजाया, उन्होंने उस धन से रण सजाया और राणा को फिर से रणक्षेत्र का राजा बनाया।

श्रीमद्भागवतगीता में भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं कि दत्तं धर्माय यशसे, न तु भोगाय।

इसी प्रकार भामाशाह का दान भी भोग के लिए नहीं, यश और यज्ञ के लिए था। उनकी थाती में केवल मुद्रा नहीं थी, उसमें मर्यादा, ममता और मातृभूमि की मिट्टी मिली थी।

भामाशाह ने न स्वयं के लिए राज्य मांगा, न सम्मान, न यश। उनका संपूर्ण जीवन राष्ट्र सर्वप्रथम के विचार का मूर्तिमान प्रमाण था। वे इस यथार्थ को जीते थे कि धन तब तक मूल्यहीन है, जब तक वह धर्म के लिए समर्पित न हो।

महान इतिहासकार जेम्स टॉड लिखते हैं कि यदि भामाशाह का सहयोग न होता, तो प्रताप का प्रतिकार अधूरा रह जाता। कर्नल टॉड उन्हें "Finance General of India's Liberty" कहते हैं। डॉ विश्वंभर नाथ पांडेय के अनुसार भामाशाह भारतीय राष्ट्रवाद के पहले संपत्ति-समर्पित योद्धा थे।

गोपीनाथ शर्मा कहते हैं कि महाराणा प्रताप की लौह-प्रतिज्ञा को व्यवहार में परिणत करने वाला व्यक्तित्व यदि कोई था, तो वह भामाशाह था। रवींद्रनाथ टैगोर ने भामाशाह को राष्ट्रधर्मी धनदाता की संज्ञा दी थी।

आज जब व्यापार को लाभ का उपक्रम माना जा रहा है, दानवीर भामाशाह की गाथा बताती है कि लाभ यदि लोभ से जुड़ा हो तो पतन होता है, पर यदि लाभ लोक के लिए हो तो वह राष्ट्र का उत्थान करता है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जैसे राष्ट्रनायक जब प्रदेश के हर जिले में भामाशाह सम्मान की घोषणा करते हैं, जब वे करदाता व्यापारियों को केवल करदाता नहीं, बल्कि राष्ट्र-निर्माता की उपाधि प्रदान करते हैं, तब यह किसी योजनाबद्ध पुरस्कार प्रणाली का आयोजन भर नहीं होता, यह भारतीय परंपरा में व्यापारी वर्ग के राष्ट्रधर्मी पुनर्स्थापन का शंखनाद होता है।

आज जब उत्तर प्रदेश आत्मनिर्भरता, उद्यमिता और अर्थ-व्यवस्था की त्रिवेणी पर खड़ा होकर नये भारत का ग्रोथ इंजन बन रहा है, तब भामाशाह जैसे पूज्य पुरुषों की परंपरा पुनः जीवंत हो रही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का यह स्पष्ट मत है कि जो व्यापार में पारदर्शिता लाता है, वह राष्ट्र की नींव को सुदृढ़ करता है। जो कर देता है, वह केवल सरकारी दायित्व नहीं निभाता, वह राष्ट्रधर्म निभाता है।

आज जब हम राष्ट्र निर्माण की नवीन गाथा लिख रहे हैं, जब उद्योग न केवल उत्पादन का, अपितु उत्तरदायित्व का पर्याय बन रहा है, तब भामाशाह जैसे त्यागी चरित्र न केवल इतिहास की स्मृति हैं, बल्कि राष्ट्र-राज्य की मूल चेतना हैं।

वे भूतकाल के भूषण नहीं, विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश के वरणीय विमर्श हैं। नये भारत के भविष्य के प्रारूप हैं। उनका जीवन इस बात का साक्षात प्रमाण है कि जब धन धर्म का दास बनता है और व्यापारी राष्ट्रधर्म का प्रहरी तब व्यापार केवल लाभ का नहीं, लोकमंगल का माध्यम बनता है। तब संपत्ति सिर्फ संग्रह नहीं, सेवा का संकल्प बन जाती है। यही वह नवधर्म है, जिसे आज का नया उत्तर प्रदेश आत्मनिर्भर भारत की आत्मा बना रहा है!

भामाशाह भूतकाल के नायक नहीं, राष्ट्र के स्वाभिमान और समृद्धि की नींव हैं। उस नींव के प्रतीक, जिस पर योगी आदित्यनाथ का नवयुगीन उत्तर प्रदेश राष्ट्र के पुनरुत्थान का दुर्ग गढ़ रहा है। राष्ट्र की समृद्धि के साथ सांस्कृतिक स्मृति की पुनर्रचना, यही है भामाशाह का संदेश और योगी शासन का संकल्प।

**(डिसक्लेमर : ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

### बिड़रा प्राथमिक विद्यालय की बदहाली से बच्चे परेशान

# अस्थायी शेड के नीचे पढ़ने को मजबूर

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पटमदा।** जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के पटमदा प्रखंड अंतर्गत बिड़रा प्राथमिक विद्यालय का भवन बीते कई वर्षों से जर्जर हालत में है। लगातार बारिश के कारण छत से पानी टपकने लगा है।कमरे के अंदर पानी भरने से खतरे की आशंका को देखते हुए कक्षा 1 से 5 तक के 104 बच्चे अस्थायी शेड के नीचे पढ़ाई करने के लिए मजबूर है। विद्यालय की शिक्षिका अदिति विश्वास एवं सबिता महतो ने बताया छत से पानी टपकने से जरूरी सामान भी सुरक्षित रखना मुश्किल हो गया है। फिलहाल एक शेड के नीचे सभी बच्चों को पढ़ाया जा रहा है। बुधवार को जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में अभिभावकगण स्कूल पहुंचे और विभागीय लापरवाही पर नाराजगी जतायी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उपमुखिया गोपाल गोराई और ग्राम प्रधान ने समस्या का समाधान के लिए बीइओ और कनीय अभियंता से वार्ता की। अधिकारियों ने बताया विद्यालय भवन के निर्माण का प्रस्ताव सूची में सबसे ऊपर है। लेकिन फंड के अभाव में कार्य शुरू नहीं हो पाया। इससे पूर्व जमीन संबंधी विवाद के लिए फंड को वापस करना पड़ा था। लेकिन अब जमीन की कोई समस्या नहीं है। उपमुखिया ने कहा यदि जल्द कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं हुई तो बरसात के दौरान विद्यालय में कक्षा संचालन बंद करना पड़ सकता है। कारण बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि है। मौके पर गांव के अभिभावकों ने प्रशासन से जल्द से जल्द नयी भवन निर्माण के लिए मांग की। ताकि गरीब बच्चों की पढ़ाई बाधित न हो और उनकी सुरक्षा भी बनी रहे।

# सिविल सर्जन कार्यालय के लिपिक की प्रतिनियुक्ति समाप्त, यौन शोषण मामले में कार्रवाई हुई तेज

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**सरायकेला-खरसावां।** सरायकेला-खरसावां जिले के सिविल सर्जन डॉ अजय कुमार सिंह के कार्यकाल की समाप्ति के साथ ही उनके कार्यकाल में पनपते विवादों पर स्वास्थ्य निदेशालय ने सख्त रुख अपनाया है। लंबे समय से सिविल सर्जन कार्यालय में प्रतिनियुक्त लिपिक कुलदीप घोषाल की प्रतिनियुक्ति को स्वास्थ्य निदेशालय झारखंड ने तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया। कुलदीप घोषाल पर फिजियोथेरेपिस्ट सुधा कुमारी द्वारा यौन शोषण का मामला स्थानीय न्यायालय में लंबित है। पीड़ित पक्ष ने आरोप लगाया था वे गवाहों को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं, इसके बावजूद उन्हें पूर्व सिविल सर्जन का संरक्षण मिलता रहा। निदेशक प्रमुख स्वास्थ्य सेवाएं डॉ सीके शाही द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया गया कुलदीप घोषाल को उनके मूल स्थान अनुमंडलीय अस्पताल चांडिल में तत्काल योगदान देना होगा। साथ ही आदेश में विशेष रूप से कहा गया केस के अंतिम निस्तारण तक उन्हें जिला मुख्यालय के किसी भी कार्यालय में प्रतिनियुक्त नहीं किया जाएगा। स्वास्थ्य निदेशालय ने पहले भी प्रतिनियुक्ति समाप्त करने का निर्देश दिया था, लेकिन इसका पालन नहीं हुआ था। इस बार सिविल सर्जन को 24 घंटों के अंदर अनुपालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। जिले में इस आदेश को प्रशासनिक स्वच्छता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। जिससे यह संकेत मिलता है अब प्रभावशाली अधिकारी भी विवादों को दबा नहीं सकेंगे।

# ट्रेलरों में जोरदार टक्कर, हाइड्रा मशीन से फंसे चालक को निकाला

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**कांड्रा।** सरायकेला खरसावां जिले में सड़क हादसों का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार सुबह लगातार हो रही बारिश के बीच कांड्रा थाना अंतर्गत सेन इंटरनेशनल स्कूल के समीप अचानक अनियंत्रित होकर दो ट्रेलरों के बीच आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गयी। हादसे के बाद आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गयी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सरायकेला से कांड्रा की ओर जा रही एक ट्रेलर में आयरन ओर लदा था, जबकि दूसरी ट्रेलर खाली थी। तेज रफ्तार के कारण दोनों वाहनों की सीधी टक्कर हो गयी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी एक ट्रेलर का चालक केबिन में ही फंसे रह गये। स्थानीय लोगों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची कांड्रा पुलिस ने हाइड्रा मशीन की मदद से केबिन में फंसे चालक को बाहर निकाला। हादसे के कारण सड़क पर कई घंटों तक वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। हालांकि पुलिस ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर यातायात को बाधित नहीं होने दिया। फिलहाल पुलिस घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेज कर मामले की जांच में जुट गयी है।

# सरायकेला एसपी ने औद्योगिक क्षेत्र में विधि-व्यवस्था और सुरक्षा को लेकर बुलायी बैठक

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**आदित्यपुर।** सरायकेला एसपी मुकेश कुमार लुनायत ने ऑटो क्लस्टर सभागार में औद्योगिक क्षेत्र के उद्योग समूहों के प्रतिनिधियों और व्यावसायिक संगठनों के प्रतिनिधियों संग बैठक की। बुधवार को आयोजित बैठक में औद्योगिक क्षेत्र में विधि-व्यवस्था संधारण, सुगम यातायात व्यवस्था, अपराध नियंत्रण और सुरक्षा सुनिश्चित करने पर विस्तार से चर्चा की।मौके पर एसपी ने औद्योगिक प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों से सहयोग मांगते हुए कहा चिन्हित स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने की प्रक्रिया में तेजी लाने की बात कही। ताकि अपराध नियंत्रण में मदद मिल सके।उन्होंने आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र में ट्रैफिक व्यवस्था को सुगम बनाने, आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने और सुरक्षा को मजबूत करने के लिए पुलिस पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।इस अवसर पर सरायकेला अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी समीर कुमार सवैया सहित आदित्यपुर, गम्हरिया, कांड्रा, आरआईटी और यातायात थाना प्रभारी उपस्थित रहे।मौके पर पुलिस अधिकारियों ने उद्योग समूहों को भरोसा दिलाया पुलिस प्रशासन हर संभव सहयोग के लिए तत्पर रहेंगे। ताकि क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और विकास का माहौल बनी रहे।

# विशेष अभियान में डाक जीवन बीमा ने तीन गुना प्रीमियम किया संकलन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** डाक जीवन बीमा और ग्रामीण डाक जीवन बीमा के विशेष अभियान में इस वर्ष पिछले वर्ष की तुलना में तीन गुना प्रीमियम संकलन किया गया है। बीते वर्ष जहां 74 लाख जमा हुए थे, वहीं इस बार शाम 5 बजे तक 2.44 करोड़ रुपये का प्रीमियम संकलन हुआ। देर रात तक यह आंकड़ा और बढ़ने की संभावना है। इस उल्लेखनीय सफलता का श्रेय वरिष्ठ डाक अधीक्षक उदयभान सिंह के नेतृत्व और उनकी टीम भावना को दिया गया। वहीं झारखंड परिमंडल ने पूरे देश में शीर्ष स्थान हासिल किया। झारखंड के चार मंडलों ने मिलकर 10 करोड़ का प्रीमियम कलेक्शन किय। निदेशक डाक सेवाएं आर वी चौधरी और उनकी टीम को इस सफलता के लिए बधाई दी गयी। यह डाक विभाग के लिए नये युग की शुरूआत मानी जा रही है।

# बिस्टुपुर में 25वीं रामार्चा पूजा आज से, 11 को होगा रुद्राभिषेक

**जमशेदपुर वासियों से पूजा में शामिल होकर आशीर्वाद लेने और महाप्रसाद ग्रहण की अपील**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर बिष्टुपुर स्थित जे. 42 में रामार्चा पूजा का 25वां आयोजन गुरुवार से शुरू हो रहा है। पूजा 10 और 11 जुलाई को संपन्न होगी। 10 जुलाई की सुबह 8 बजे से पूजा प्रारंभ होगी, जबकि 11 जुलाई को सुबह 8 बजे रुद्राभिषेक किया जायेगा। इसके उपरांत मिलानी हॉल में महाप्रसाद का वितरण किया जायेगा।

बुधवार को जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने बताया रामार्चा पूजा अपनी बचत पैसे से ही कराते हैं। इसके लिए किसी से कोई सहयोग नहीं लेते। श्री राय ने कहा इस आयोजन का उद्देश्य सनातनी परंपरा से लोगों को जोड़ना और भगवान राम के मर्यादा पुरुषोत्तम आचरण को समाज में उतारना है।रामार्चा पूजा में भगवान राम के साथ उनके सहयोगियों में विभीषण, अंगद, जांबवंत, भगवान हनुमान, राजा दशरथ एवं उनके परिवार की पूजा होती है। इसके साथ ही मां काली और भगवान शंकर की भी विशेष पूजा की जाती है। पूजा करीब सात से आठ घंटे तक चलती है। रुद्राभिषेक के बाद बक्सर के कारीगरों द्वारा विशेष रूप से बनाए गए ह्यहाथीकान पूड़ीह्ण और सब्जी का महाप्रसाद हजारों हजार श्रद्धालुओं के बीच वितरण की जाती है। श्री राय ने जमशेदपुर वासियों से इस आयोजन में शामिल होकर आशीर्वाद लेने और प्रसाद ग्रहण करने की अपील की।

# आंगनबाड़ी सेविका- सहायिकाओं ने अपनी चार सूत्री मांगों को लेकर कामकाज ठप रखा




आजाद सिपाही संवाददता

**बंशीधर नगर/मेराल।** झारखंड प्रदेश आंगनबाड़ी वर्कर्स यूनियन के बैनर तले मंगलवार को सैकड़ों सेविका एवं सहायिकाओं ने अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर प्रखंड सह अंचल कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया। इसके पूर्व सेविका एवं सहायिकाओं ने बाल विकास परियोजना कार्यालय से लेकर अनुमंडल कार्यालय तक विरोध मार्च किया, जो बाद में धरना में तब्दील हो गया। धरना का नेतृत्व यूनियन की जिलाध्यक्ष कौशल्या देवी ने किया।

उन्होंने कहा कि देशभर में एकसाथ आंगनबाड़ी कर्मी आज अपने अधिकारों के लिए सड़कों पर उतर रहे हैं, लेकिन सरकार आज भी हमारे योगदान की अनदेखी कर रही है। शिक्षा और पोषण की पहली कड़ी आंगनबाड़ी होती है, लेकिन हमें अब तक न तो सम्मान मिला है और न ही स्थायित्व। उन्होंने कहा कि सरकार को मानदेय के बजाय वेतनमान लागू करना चाहिये, ताकि आंगनबाड़ी कर्मियों को एक सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर मिल सके।

कौशल्या देवी ने यह भी चेतावनी दी कि यदि सरकार के द्वारा इन मांगों पर शीघ्र विचार नहीं करती है, तो आंदोलन को और अधिक उग्र रूप दिया जायेगा। प्रदर्शन के दौरान जब तक वेतनमान लागू नहीं होता है तब तक सेविका को 26 हजार एवं सहायिका को 13 हजार रुपये प्रति माह मानदेय देने की मांग की गयी।

अन्य मांगों में आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं को मानदेय की जगह नियमित वेतनमान दिये जाने, सेवानिवृत्त कर्मियों को एकमुश्त 5 लाख की राशि के साथ पेंशन सुविधा दिये जाने, सेविकाओं को पर्यवेक्षिका पद पर पदोन्नति का अवसर देने, एफआरएस (फील्ड रिपोर्ट सिस्टम) को बंद किये जाने, सभी कर्मियों को ग्रेच्युटी का लाभ प्रदान किये जाने की मांग की गयी। प्रदर्शन में बबिता पासवान, रंजू देवी, आशा देवी, सुशील देवी, रेखा देवी, रीता देवी, रेखा श्रीवास्तव, सुशीला गोस्वामी सहित बड़ी संख्या में सेविकाएं और सहायिकाएं मौजूद थीं।

वहीं झारखंड प्रदेश आंगनवाड़ी वर्कर्स यूनियन गढ़वा के तत्वाधान में मेराल प्रखंड मुख्यालय पर बुधवार को चार सूत्री मांगों को लेकर आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका ने चार सूत्री मांगों को लेकर एकदिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल किया। इस अवसर पर विभा रानी बिना सिंह अनीता पांडे कनीजा खातून जैनुल बीबी गीता देवी अंबा रानी मीरा देवी गुलशन आरा सुनीता देवी सुमन देवी खुशबू गुप्ता राजकुमारी देवी चिंता देवी सनम आरा सहित आदि लोग शमिल थे।

## विभिन्न मांगों को लेकर आंगनवाड़ी सेविकाओं ने एकदिवसीय हड़ताल की




कांडी (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश आंगनवाड़ी वर्कर्स यूनियन कांडी के तत्वाधान में बुधवार को प्रखंड के सभी आंगनवाड़ी केंद्र के सेविका, सहायिकाओं ने अपने विभिन्न मांगों को लेकर सेविका संघ के प्रखंड अध्यक्ष निभा देवी की अध्यक्षता में एकदिवसीय आम हड़ताल किया गया। सेविका सहायिकाओं ने प्रखंड कार्यालय से बैनर पोस्टर के साथ नारेबाजी करते हुए कांडी बाजार के विभिन्न चौक चौराहे होते हुए पूनः प्रखंड कार्यालय पहुंचकर बालविकास परियोजना पर्यवेक्षिका राणा तबस्सुम को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। मौके पर पंचायत अध्यक्ष सजीना खातुन, अंजलि देवी, सुजांती देवी, माया देवी, अंजु देवी, रेखा देवी, पुष्पा देवी, रिता देवी, मोती राज देवी, उर्मिला देवी, सुनैना देवी, सुनिता देवी, मंजू देवी, प्रमिला देवी, नगीना देवी, रिना देवी, लिलावती देवी, कलावती देवी, मिना देवी, संगीता देवी, जयंती कुसुम, सुनैना देवी, के अलावें अन्य कई सेविका सहायिका मौजूद थीं।

# मंडल डैम से पलामू को फायदा कम नुकसान ज्यादा: धीरज दुबे

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** मंडल डैम परियोजना को लेकर झारखंड की राजनीति एक बार फिर गर्म हो गयी है। झामुमो मिडिया पैनलिस्ट सह केंद्रीय सदस्य धीरज दुबे ने सांसद विष्णु दयाल राम पर तीखा हमला करते हुए कहा कि वे जनहित की बजाय गलत दिशा में प्रयासरत हैं। मंडल डैम से पलामू को जितना लाभ नहीं है, उससे कहीं ज्यादा नुकसान होगा। यह सिर्फ. एक 'कागजी विकास' की कहानी है, जिसकी असली कीमत पलामू के ग्रामीणों, किसानों और वन्य जीवों को चुकाना पड़ेगा।

धीरज दुबे ने कहा कि मंडल डैम का अधिकांश पानी बिहार को भेजे जाने की योजना है, जबकि परियोजना स्थल झारखंड के गढ़वा और पलामू ज़िलों में है। ऐसे में सवाल उठता है कि यहां के लोगों को क्या मिलेगा? क्या हम सिर्फ. विस्थापन और पर्यावरणीय क्षति झेलने के लिए हैं?



**जनता की नहीं सुनी जा रही आवाज :** उन्होंने आरोप लगाया कि स्थानीय लोगों की बात न तो सुनी जा रही है और न ही उनकी सहमति ली जा रही है। सांसद विष्णु दयाल राम यहां के सैकड़ों परिवारों को उजाड़ने, जंगल काटने और वन्यजीवों के लिए खतरा उत्पन्न करने की तैयारी में है। नुकसान का अवलोकन, पुनर्वास और मुआवजा नीति स्पष्ट किए बिना इस दिशा में कदम बढ़ाना घातक साबित हो सकता है।

धीरज दुबे ने सांसद विष्णु दयाल राम को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि वे केंद्र सरकार के दबाव में मंडल डैम को जबरन थोपने का काम कर रहे हैं। वे पलामू की जनता की आवाज नहीं, बल्कि सत्ता की वाहवाही बटोरने के लिए प्रयासरत हैं।

**पर्यावरणीय और सामाजिक नुकसान का अंदेशा :** मंडल डैम का निर्माण पलामू टाइगर रिजर्व के पास हो रहा है, जिससे वहां की जैवविविधता पर सीधा असर पड़ सकता है। धीरज ने कहा कि जल, जंगल और जमीन की रक्षा की बात करने वाले नेताओं को आज इन सब मुद्दों पर मौन देखा जा रहा है।

**वैकल्पिक योजना की मांग :** धीरज दुबे ने सरकार से मांग की कि इस परियोजना पर पुनर्विचार किया जाए और ऐसी वैकल्पिक योजनाएँ लाई जाएं जिनसे बिना विस्थापन के, स्थानीय संसाधनों से ही क्षेत्र का विकास हो। उन्होंने कहा कि विकास का मतलब केवल डैम बनाना नहीं, बल्कि लोगों को साथ लेकर चलना है। विकास जरूरी है, लेकिन उस विकास की कीमत अगर जनता का विस्थापन, पर्यावरण की तबाही और संसाधनों की छीना-झपटी है - तो सवाल उठना लाजमी है।

## एसपीडी कॉलेज एनसीसी विंग में नामांकन जारी

गढ़वा (आजाद सिपाही)। सूरत पांडेय डिग्री कॉलेज के एनसीसी इकाई में सत्र 2025-28 के लिए कैडेट का चयन प्रक्रिया जारी है।




इसके तहत एनसीसी में नामांकन कराने वाले कैडेट को निर्धारित परीक्षाएं पास करने पर बी एवं सी सर्टिफिकेट दिया जायेगा। उपरोक्त जानकारी देते हुए महाविद्यालय के एनसीसी प्रभारी लेफिटनेंट प्रो धीरेंद्र कुमार मिश्र ने बताया कि इस सत्र के लिए लिए जा रहे कैडेट के नामांकन में कुल 18 कैडेट का चयन किया जाना है, जिसमें 12 बॉयज एवं 6 गर्ल्स शामिल हैं। नामांकन के तहत कैडेट को 44 बटालियन के द्वारा फिजिकल एवं लिखित परीक्षा पास करनी होगी। यह सत्र तीन वर्षो का होगा जिसमें दो वर्ष पर बी सर्टिफिकेट एवं तीन वर्ष पर सी सर्टिफिकेट के लिए परीक्षा होगी जिसे पास करने पर कैडेट को उक्त सर्टिफिकेट दिया जायेगा। नामांकन के लिए सभी एकेडेमिक सर्टिफिकेट प्रस्तुत करने होंगे।

## हाथी ने महिला को मार डाला

रंका (आजाद सिपाही)। रंका थाना पूर्वी वन क्षेत्र अंतर्गत चुटिया पंचायत के भौंरी गांव निवासी चंचलिया कुंवर (70वर्ष) पति जीतन सिंह को हाथी ने मौत की घाट उतार दिया। इसके संबंध में



मृतक के भतीजा बजरंग सिंह ने मिडिया कर्मियों को बताया कि उनकी फुआ चंचलिया कुंवर 8 जुलाई 2025 को सुबह भौंरी जंगल में डोरी चुनने गयीं थी। जब वह रात्रि में घर नहीं लौटी तो 9 जुलाई को घर वाले उसे खोजबीन करने लगे और जंगल में उसकी डेडबॉडी कुचला हुआ मिला। साथ ही वहां पर हाथी के पैर का निशान देखा गया जिससे यह स्पष्ट हो गया कि हाथी ने ही पटककर मार डाला है। मौत की सूचना मिलने पर रंका पूर्वी वन क्षेत्र पदाधिकारी रामरतन पांडेय घटना स्थल पर पहुंचे और हाथी के द्वारा हुई मौत की पुष्टि की और मृतक के परिजनों को मुआवजा राशि में से 50000/- (पच्चास हजार) रुपये भुगतान किया तथा बाकी राशि प्रक्रिया पूर्ण होने पर देने की बात कही।

## नर्सरी इंग्लिश स्कूल भवनाथपुर में बीपीएल कोटा से नामांकन 17 तक होगा

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। निः शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम अपग्रेडेड नर्सरी इंग्लिश स्कूल भवनाथपुर में बीपीएल कोटा के तहत 25 प्रतिशत यानि 10 सीट निर्धारित है, जिसमें अब तक 3 बच्चों का नामांकन हो चुका है, शेष 07 सीटों पर नामांकन के लिए जिला शिक्षा अधीक्षक सह अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी गढ़वा के द्वारा आनलाईन फार्म भरने की अंतिम तिथि 17 जुलाई 2025 निर्धारित किया गया है, इसके लिए जिला का बेवसाइट rtegarhwa.in पर आनलाईन आवेदन कर सकते है। आवेदन हेतु बच्चों या अभिभावक के आधार कार्ड की छाया प्रति, आय प्रमाण पत्र जो 72000 रुपये से कम का छाया प्रति, बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र और अभिवंचित वर्गों के लिए जाति प्रमाण पत्र की छाया प्रति व बच्चों के पासपोर्ट साइज फोटो के साथ किसी भी कंप्यूटर सेंटर से आनलाईन आवेदन कर सकते है।

# दो मामलों में पांच अभियुक्त गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा जिले के धूरकी थाना क्षेत्र से एक बड़ी खबर सामने आयी है। पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में कुल पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर लोगों में विश्वास और मजबूत हुआ है। पहला मामला धुरकी थाना कांड संख्या 52/25 से जुड़ा है। इस मामले में ग्राम रक्सी निवासी महिला शिकायतकर्ता के लिखित आवेदन के आधार पर उन्हें विश्वास में लेकर उनके साथ अवैध शारीरिक संबंध बनाने के आरोप में नामजद अभियुक्त तबरेज अंसारी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए नामजद अभियुक्त तबरेज अंसारी, पिता मासूम अंसारी, निवासी खाला, थाना धूरकी को गिरफ्तार कर लिया। प्राथमिक जांच के बाद अभियुक्त को 9 जुलाई 2025 को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। दूसरा मामला धुरकी थाना कांड संख्या 85/25, दिनांक 9 जुलाई 2025 से संबंधित है, जो थाना क्षेत्र के मिर्चय्या गांव में जमीन विवाद को लेकर हुई हिंसक झड़प से संबंधित है। पुलिस ने इस मामले में इठर की धारा 126(2), 115(2), 117(2), 118(1), 109, 308(5), एवं 3(5) के तहत प्राथमिकी दर्ज की। इस घटना में शामिल मुख्य अभियुक्त कुलदीप राम, देवकी राम (दोनों पिता स्व. बैजनाथ राम), नंदू राम (पिता देवकी राम) एवं सचितनंद राम (पिता कुलदीप राम) - सभी निवासी मिर्चय्या को धुरकी पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, 8 जुलाई को मिर्चय्या गांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई थी। इस घटना में शिकायतकर्ता कन्हाई राम गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि उनके परिवार के अन्य सदस्य भी चोटिल हुए। घटना की सूचना मिलते ही धूरकी थाना पुलिस ने बिना देर किए कार्रवाई करते हुए चारों नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया।

## अभाविप ने विचार संगोष्ठी का आयोजन किया

गढ़वा (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गढ़वा नगर इकाई द्वारा राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस सह 77वां स्थापना दिवस के अवसर पर स्थानीय गोविंद +2 उच्च विद्यालय में विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। विचार संगोष्ठी '2047 के विकसित भारत में युवाओं के भूमिका' विषय पर रहा। संगोष्ठी में मुख्य रूप से अभाविप राज्य विश्वविद्यालय कार्य सह संयोजक मंजुल शुक्ल, पलामू विभाग संयोजक रामाशंकर पासवान, प्राचार्य विश्वविजय सिंह, जिला संयोजक शुभम तिवारी, जिला कला मंच प्रमुख कोस्तुभ मौजूद रहे।

## सूर्य मंदिर परिसर में स्वच्छता को लेकर बैठक, अतिक्रमण हटाने का अल्टीमेटम

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। प्रखंड विकास पदाधिकारी नंद जी राम की अध्यक्षता में सूर्य



मंदिर परिसर में स्वच्छता को लेकर एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रखंड के व्यवसायिक संघ, स्थानीय जनप्रतिनिधि और अधिकारियों की उपस्थिति थे। स्वच्छता अभियान को सफल बनाने के लिए सभी ने मिलकर सहयोग देने पर सहमति जतायी। इस मौके पर सीओ शंभू राम ने कहा कि नगर की सुंदरता और साफ-सफाई बनाये रखने के लिए सभी दुकानदारों को अपनी दुकान के आगे से अतिक्रमण हटाना होगा। सीओ ने कहा कि दो दिनों के भीतर जो दुकानदार स्वेच्छा से अतिक्रमण नहीं हटाएंगे, उनके खिलाफ प्रशासन सख्त कार्रवाई करते हुए जबरन अतिक्रमण हटायेगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सूर्य मंदिर परिसर एवं आस-पास के क्षेत्र में नियमित सफाई की व्यवस्था की जायेगी। बैठक में पंचायत के मुखिया बेबी देवी, नितीश गुप्ता,नवल गुप्ता, विजय गुप्ता, राजेंद्र सेठ, अजय गुप्ता, राजीव जायसवाल, विरेंद्र प्रसाद गुप्ता, जितेंद्र प्रसाद, संजय कुमार सहित कई एक उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने मेराल प्रखंड का किया औचक निरीक्षण

- बीज वितरण एवं योजनाओं की समीक्षा की
- खुदरा उर्वरक विक्रेता दुकान का निरीक्षण, गुणवत्ता और वितरण व्यवस्था की जांच



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी दिनेश कुमार यादव ने क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान मेराल प्रखण्ड कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रखंड परिसर में उपस्थित किसानों के बीच मक्का बीज का वितरण कर लाभान्वित किया और कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने मेराल प्रखंड परिसर स्थित सरकारी गोदाम का अवलोकन किया। उन्होंने गोदाम में भंडारण की स्थिति, साफ-सफाई एवं समुचित प्रबंधन को लेकर गहन समीक्षा की एवं आवश्यक निर्देश दिये।

**कृषि पाठशाला का निरीक्षण एवं कार्यो में गति लाने का निर्देश :** उपायुक्त श्री यादव ने कृषि विभाग की प्रमुख पहल 'कृषक पाठशाला' का भी निरीक्षण किया। उन्होंने संचालक संस्था को सभी निर्माण एवं प्रशिक्षण संबंधी कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया ताकि अधिक से अधिक किसान इससे लाभान्वित हो सकें।

उपायुक्त ने खुदरा उर्वरक विक्रेता दुकान का निरीक्षण, गुणवत्ता व वितरण व्यवस्था की जांच, प्रगतिशील किसान के यहां योजनाओं का प्रत्यक्ष अवलोकन और छतरपुर पीएसीएस का निरीक्षण एवं बीज विनिमय योजना की समीक्षा की। साथ ही पैक्स के द्वारा की जा रही अन्य कृषि कार्यों की भी विस्तृत जानकारी ली।

**झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा), राँची एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा**

**"Mediation for the Nation"**

**"राष्ट्र के लिए मध्यस्थता"**

**दिनांक :– 01 जुलाई, 2025 से 30 सितंबर, 2025 तक।**

- यह अभियान विभिन्न प्रकार के मामलों पर केन्द्रित है जिसमें वैवाहिक विवाद, दुर्घटना दावे, घरेलू हिंसा, चेक बाउंस, वाणिज्यिक विवाद, सेवा मामले, समझौता योग्य अपराधिक मामले, उपभोक्ता विवाद, ऋण वसूली, विभाजन, बेदखली, भूमि अधिग्रहण और मध्यस्थता योग्य दिवानी मामले शामिल हैं।
- 01 जुलाई 2025 से 31 जुलाई, 2025 तक न्यायालय अपनी कारण सूची से विशेश मध्यस्थता अभियान के लिए पात्र मामलों की पहचान और सूची बनायेगा और इस अवधि में निपटारे की संभावने वाले मामलों को मध्यस्थता के लिए भेजा जायेगा।
- इस अभियान में पक्षकारों की सुविधा के लिए सप्ताह के सातों दिन मध्यस्थता निपटान के प्रयास किये जायेंगे जो पूरी तरह से ऑफलाईन, ऑनलाईन या हाईब्रिड मोड में आयोजित की जा सकती है।
- जिला विधिक सेवा प्राधिकार ऑनलाईन मध्यस्थता की सुविधा प्रदान करेगा।

**NALSA Toll FREE No. – 15100**

श्रीमती मरियम हेमरोम, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा
एम0 अर्शी, पुलिस अधीक्षक–सह– सदस्य, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा
श्रीमती कंचन सिंह, उपायुक्त–सह– उपाध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा

निवेदक– जिला प्रशासन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा।

श्री राजीव कुमार सिन्हा, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश–सह–अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा।

PR 356844 Simdega(25-26).D

**महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक का कार्यालय, झारखण्ड, राँची**

**सूचना पट निविदा आमंत्रण सूचना सं0–06/2025–26**

**Service Prismatic Liquid Compass Mark 3- 20 Nos.** की आपूर्ति हेतु GST निबंधित स्थानीय फर्मो से **दिनांक 24.07.2025 को समय 16:00 बजे तक** मुहरबन्द निविदांए आमंत्रित की जाती है।

**नियम एवं शर्तें :–**

1. ईच्छुक फर्म अपने लेटर पैड पर निविदा दो भागों – तकनीकी एवं वित्तीय भाग में देंगे। तकनीकी भाग में GST, पैन नम्बर तथा पूर्व में किसी सरकारी संस्थानों में समान/समरूप उपकरण की आपूर्ति संबंधी प्रमाण प्रत्र की छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2. **परिशिष्ट–01 के रूप में संलग्न विहित प्रपत्र के अनुसार वित्तीय भाग समर्पित करेंगे।** वित्तीय भाग में अंकित दर अंको/अक्षरों में होगी और उसमें कोई कटींग अथवा ओभर राईटींग मान्य नहीं होगा। ऐसी निविदा को अस्वीकृत कर दिया जायेगा।
3. Service Prismatic Liquid Compass Mark 3 का **Specifications परिशिष्ट–02 के रूप में संलग्न है।** उक्त Specifications के अनुरूप Service Prismatic Liquid Compass Mark 3 की आपूर्ति नहीं करने पर आपूर्ति स्वीकार नहीं किया जायेगा।
4. क्रयादेश निर्गत करने से पूर्व Procurement Committee आवश्यकतानुसार नमूना की मांग कर सकती है।
5. Service Prismatic Liquid Compass Mark 3 की आपूर्ति केन्द्रीय भंडार, होटवार, राँची में करना अनिवार्य होगा।
6. निविदा के दोनों भाग (तकनीकी एवं वित्तीय) को अलग–अलग लिफाफा में सील कर दोनों के उपर अलग–अलग यथा "तकनीकी भाग" एवं "वित्तीय भाग" लिख कर एक अन्य लिफाफा में डालकर और उसे भी सील कर अधोहस्ताक्षरी के पदनाम से भेजना होगा। लिफाफा के उपर फर्म का नाम लिखा रहना अनिवार्य होगा।
7. निविदा का तकनीकी भाग एवं वित्तीय भाग दिनांक 25.07.2025 को समय 11:00 बजे Procurement Committee के समक्ष अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में खोली जायेगी। निविदा खुलने के समय निविदादाता या उनके प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं।
8. निविदा समर्पित करने के पश्चात् निविदा से संबंधित किसी प्रकार का कागजात स्वीकार नहीं किया जायेगा।
9. महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, झारखण्ड, राँची को यह अधिकार सुरक्षित होगा कि बिना कारण बताये निविदा को रद्द कर सकेंगे।
10. सम्पूर्ण निविदा दस्तावेज (परिशिष्ट–01 एवं 02 सहित) झारखण्ड पुलिस के वेबसाईट www.jhpolice.gov.in पर उपलब्ध है। कार्यालय दिवस के दौरान पुलिस मुख्यालय, झारखण्ड, राँची से भी संपूर्ण निविदा दस्तावेज प्राप्त कर सकते है।

पुलिस महानिरीक्षक (प्रोविजन)
झारखण्ड, राँची।

PR.NO.356933 Police(25-26):D

## 'कॉफी विद एसडीएम' में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ हुआ विमर्श

# मतदाता सूची के सघन पुनरीक्षण, बीएलए की नियुक्ति के संबंध में परिचर्चा हुई

- प्रतिनिधियों ने स्थानीय विकास और विधि व्यवस्था को लेकर रखे सुझाव



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सदर एसडीएम संजय कुमार के नियमित साप्ताहिक संवाद कार्यक्रम 'कॉफी विद एसडीएम' की कड़ी में बुधवार को 6 विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की सहभागिता रही। दरअसल इस संवाद कार्यक्रम में क्षेत्र के सभी 9 मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया था जिसमें तीन दल अनुपस्थित रहे।

इस संवादात्मक बैठक में निर्वाचन प्रक्रिया व मतदाता सूची से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर खुलकर चर्चा हुई। कार्यक्रम में प्रतिनिधियों से क्षेत्र की बेहतरी को लेकर विभिन्न समसामयिक विषयों पर सुझाव और रचनात्मक विचार भी अनुमंडल पदाधिकारी के समक्ष रखे। निर्वाचन से जुड़े विषयों में मुख्य रूप से मतदाता सूची के शुद्धिकरण, बूथ लेवल एजेंटों की नियुक्ति तथा मतदाता सूची के आगामी गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया पर चर्चा हुयी।

**सभी राजनीतिक दल हर बूथ पर नियुक्त करें बीएलए :** बैठक में पहुंचे सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से एसडीएम सह निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी संजय कुमार ने अपील की कि वे विधानसभा क्षेत्र के सभी 455 मतदान केंद्रों पर अपने बूथ स्तरीय एजेंटों की नियुक्ति करने की दिशा में आवश्यक पहल करें। उन्होंने बीएलए की नियुक्ति प्रक्रिया, योग्यता, प्रतिस्थापन आदि से जुड़ी समस्त जानकारी को राजनीतिक दलों के समक्ष विस्तार से रखा।

बैठक में प्रतिनिधियों ने डीजे प्रतिबंध, अवैध बालू उठाव, शहरी कचरा निस्तारण, साफ सफाई, अवैध शराब पर प्रतिबंध जैसे मामलों को लेकर अपने सुझाव दिए, साथ ही अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा पिछले कुछ दिनों से सामाजिक हित में किये जा रहे कार्यों से संतुष्टि व्यक्त की।

संजय कुमार ने कहा कि 'कॉफी विद एसडीएम' में सभी राजनैतिक दलों से जो सकारात्मक सुझाव मिले हैं उन पर अमल की दिशा में वे ससमय आवश्यक कार्रवाई करेंगे।

**इन पार्टियों के प्रतिनिधियों की रही सहभागिता :** संजय कुमार ने बताया कि जिन मान्यता प्राप्त पार्टियों के प्रतिनिधियों की सहभागिता रही उनमें बहुजन समाज पार्टी, भारतीय जनता पार्टी, इंडियन नेशनल कांग्रेस, ऑल झारखंड स्टूडेंट यूनियन (आजसू), झारखंड मुक्ति मोर्चा एवं राष्ट्रीय जनता दल शामिल हैं।

बैठक में ओबेदुल्ला अंसारी, तनवीर आलम, विवेकानंद तिवारी, मनोज कुमार ठाकुर, शरीफ अंसारी,शंकर प्रताप विश्वकर्मा, ज्ञानी राम,कामाख्या नारायण सिंह आदि ने अपने विचार रखे।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 10 जुलाई, 2025
www.azadsipahi.in


# हत्या के मामले में आरोपी को आजीवन कारावास और अर्थदंड

आजाद सिपाही संवाददाता


लोक अभियोजक मिनी लकड़ा।

**लोहरदगा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजकमल मिश्रा की अदालत ने बुधवार को सेन्हा थाना क्षेत्र में हुए हत्या के एक मामले में सुनवाई करते हुए आरोपी प्रकाश उरांव को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास और 20 हजार आर्थिक दंड की सजा का फैसला सुनाया है। मामला 30 अगस्त 2022 का है। घटना को लेकर मृतक युवक अमित उरांव की माता शनीचरिया उराइन ने सेन्हा थाना कांड संख्या 85/2022 में आरोपी प्रकाश उरांव के विरुद्ध नामजद मामला दर्ज कराया था। न्यायालय में सुनवाई के दौरान लोक अभियोजक मिनी लकड़ा ने हत्या आरोपी प्रकाश उरांव को सजा दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। इस संदर्भ में लोक अभियोजक मिनी लकड़ा ने बताया कि, सेन्हा थाना क्षेत्र के उराव टोली निवासी तेले एतवा उरांव का पुत्र 28 वर्षीय अमित उरांव एवं उसी गांव के 30 वर्षीय आरोपी प्रकाश उरांव के बीच मित्रता थी। 30 अगस्त 22 को वारदात की रात्रि मृतक अमित उरांव आरोपी प्रकाश उरांव के घर पर साथ में शराब खाया पिया था। इस दौरान दोनों के बीच किसी बात को लेकर झड़प हो गयी। आरोपी प्रकाश उरांव ने घर में रखा स्टील रॉड और टांगी से अमित के सिर पर वार कर दिया। अमित बेसुध होकर गिर पड़ा। अपराध छुपाने की मंशा से आरोपी प्रकाश उरांव शराब पीकर अमित के गिरकर घायल होने को लेकर शोर मचाने लगा। जबकि पास पड़ोस के लोगों ने दोनों के बीच झड़प होने की आवाज सुन रहे थे। घटना के बाद परिजनों ने तत्काल घायल अमित को सदर अस्पताल लाया। जहां चिकित्सकओं ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# पावर प्लांट से स्क्रैप चोरी मामले में कबाड़ी दुकानदार समेत सात गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा के एस्सार पावर प्लांट से बड़े पैमाने पर अवैध रूप से लोहे की चोरी की जा रही है। यह सिलसिला अभिजीत ग्रुप पावर प्लांट में हुआ करता था। परंतु अब अभिजीत ग्रुप में लोहे खत्म हो जाने के कारण कम हो रही है। वही चोर गिरोह एस्सार पावर प्लांट की तरफ शिफ्ट हो गये हैं। बताना यह महत्वपूर्ण होगा कि 2006 से अभिजीत ग्रुप पावर प्लांट और एस्सार पावर प्लांट चंदवा प्रखंड में निमार्णाधीन पड़ा हुआ है। अभी 2014 से दोनों पावर प्लांट पूरी तरह से बंद पड़ गया है। 2025 में एस्सार पावर प्लांट को उड़ीसा एलॉय (रश्मि मेटलिक्स) कंपनी ने खरीद लिया है। तब से यहां काम कर रहे सभी तरह के कर्मचारियों को बिना कारण बताएं कोई भी नोटिस दिये



बिना हटा दिया है। उसके बाद एस्सार पावर प्लांट में बड़े पैमाने पर अंतर राज्य गिरोह की नजर पावर प्लांट पर पड़ी और कुछ स्थानीय कबाड्डी दुकानदारो और चोरों कि मिली भगत से बड़े पैमाने पर एस्सार पावर प्लांट से चोरी शुरू हो गयी। जिसकी सूचना लातेहार पुलिस कप्तान को मिली कप्तान के निर्देश पर चंदवा के पुलिस इंस्पेक्टर रणधीर कुमार के नेतृत्व में लगभग दस टन लोहा चंदवा पुलिस ने बरामद किया। जिसमें कई मोटरसाइकिल और एक लोहे से भरा पिकअप वैन सभी मोटरसाइकिल और पिकअप वैन में लोहा चंदवा पुलिस ने बरामद किया है। यह सभी अवैध लोहे का खरीदारी चंदवा और बालूमाथ के साथ-साथ कुडू लोहरदगा के कबाड्डी दुकानदार पूरी तरह से करते हैं। पूर्व में भी कई कबाड्डी दुकानदारों के गोदाम में छापेमारी कर पुलिस ने कई टन लोहे बरामद किये है।

**जेल गये लोगो का नाम एवं पता :** चंदवा पुलिस ने सात लोगों को अवैध रूप से लोहे से भरा पिकअप वैन और मोटरसाइकिल बरामद करते हुए जेल भेजने का काम किया है। जिसमें आसिफ इकबाल ग्राम सजापुर थाना कलिया चौक जिला मालदा पश्चिम बंगाल, सद्दाम खान ग्राम सजापुर थाना कलिया चौक जिला मालदा पश्चिम बंगाल, रमजान शेख उम्र ग्राम सजापुर थाना कलिया चौक जिला मालदा पश्चिम बंगाल, अलीउल शेख ग्राम सजापुर थाना कालिया चौक जिला मालदा पश्चिम बंगाल, सिद्धिक शेख ग्राम सजापुर थाना कलिया चौक जिला मालदा पश्चिम बंगाल, सुनील उरांव ग्राम बेलवा टिकर चकला चंदवा लातेहार, कबाड्डी दुकानदार शकील अहमद ग्राम तिलैयाटांड़ चंदवा लातेहार यह सभी को चंदवा पुलिस ने लोहे की चोरी के अवैध धंधे को लेकर लातेहार कारा भेज दिया है।

## कानूनों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित हो : श्रम अधीक्षक



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** श्रम अधीक्षक दिनेश भगत अध्यक्षता में बस एसोसिएशन, ट्रक एसोसिएशन, ट्रांसपोर्टरों एवं ट्रक ऑनर, बस ऑनर के साथ एक आवश्यक बैठक की गयी। बैठक में जिला के बस एसोसिएशन, ट्रक एसोसिएशन एवं ट्रांसपोर्ट कारोबारियों के साथ श्रम कानूनों के अनुपालन को लेकर विस्तृत चर्चा की गयी। बैठक में मोटर परिवहन कर्मकार अधिनियम,1961 के अंतर्गत सभी बसों, ट्रक का निबंधन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। चालकों, सहायक चालकों, खलासियों एवं अन्य कर्मचारियों के कार्य अवधि को प्रतिदिन अधिकतम 8 घंटे कार्य निर्धारित करने की बात कही गयर। सभी कर्मचारियों को हर माह की 7 तारीख तक मजदूरी का भुगतान अनिवार्य रूप से किया जाये, ताकि मजदूरी भुगतान अधिनियम, 1936 का सही अनुपालन सुनिश्चित हो सके एवं सभी कर्मचारियों को खाता के माध्यम से मजदूरी भुगतान सुनिश्चित करने तथा मोटर वाहन उपक्रमों में किसी भी स्थिति में नाबालिगों की नियुक्ति नहीं करने के स्पष्ट निर्देश दिये। सभी कर्मचारियों को साप्ताहिक अवकाश आवश्य दें। बैठक में श्रम कानूनों का अनुपालन का निर्देश दिया गया। बैठक में छोटेलाल उरांव, सत्यजीत सिंह, दीपक सर्राफ, कंवलजीत सिंह, अभय सिंह, विवेक कुमार, कालिंद्र उरांव एवं अन्य उपस्थित थे। श्रम विभाग द्वारा सभी बस मालिकों से सहयोग की अपेक्षा की गयी कि परिवहन क्षेत्र में कार्यरत सभी श्रमिकों को उनके अधिकार प्राप्त हो सकें तथा श्रम कानूनों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके।

## करंट की चपेट में आने से अधेड़ झुलसा



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** भंडरा थाना क्षेत्र अंतर्गत कचमची गांव में ग्यारह हजार वोल्ट तार की चपेट में आने से अधेड़ व्यक्ति पूरी तरह से झुलस गया है। जिसकी सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों ने गंभीर रूप से झुलसे व्यक्ति को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर सदर अस्पताल रेफर कर दिया है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि कचमची गांव निवासी जॉन पीटर खाखा के पुत्र रंजीत खाखा (50 वर्ष) नित्य दिन की तरह बुधवार को भी कचमची दुंदु चवरा मवेशी चराने गया हुआ था। जहां पहले से गिरा पड़ा ग्यारह हजार वोल्ट तार की संपर्क में आ गया। इससे इसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। जिसकी सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों ने तत्काल इन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। ग्रामीणों ने बताया कि खेत से गुजरे ग्यारह हजार वोल्ट का तार जमीन से काफी नीचे झुला हुआ था। जिसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा कई बार विभाग को दिया गया है, परंतु किसी ने नहीं सुनी। अंततः बिजली तार जमीन में गिर गया। इससे एक व्यक्ति गंभीर रुप से झुलस गया है।

# अभाविप ने मनाया 77वां स्थापना दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता




**लोहरदगा।** डीएवी स्कूल में 9 जुलाई 2025 को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाते हुए स्वामी विवेकानंद की स्मृति में विशेष कार्यक्रम आयोजित किये गये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्राचार्य जीपी झा थे, जबकि प्रवास के रूप में सुरेंद्र सौरभ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के बीच निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका विषय था 'स्वामी विवेकानंद का जीवन और उनके विचारों की प्रासंगिकता'। प्रतियोगिता में अनेक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और अपनी रचनात्मकता और विचार शक्ति का परिचय दिया। कार्यक्रम के अंत में प्रतियोगिता में चुने गये प्रथम स्थान अनुष्का प्रकाश, द्वितीय अपूर्व वैभवी एवं तृतीय स्थान मृदुला कुमारी प्राप्त किये विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में स्वामी विवेकानंद के विचारों को जागृत करना और उन्हें राष्ट्र निर्माण के प्रति प्रेरित करना था। मुख्य अतिथि प्राचार्य जीपी झा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद आज भी युवाओं के लिए पथप्रदर्शक हैं। उनके विचारों से प्रेरणा लेकर छात्र जीवन में आगे बढ़ना चाहिए।मौके पर उपस्थित सुरेंद्र सौरभ ने अभाविप के गौरवशाली इतिहास और विद्यार्थियों के उत्थान में उसकी भूमिका को रेखांकित किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण, विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता, एफएसएफ प्रांत प्रमुख छवि सिंह, जिला प्रमुख मनोज्ञा पांडे,जिला संयोजक आदित्य कुमार साहू, जिला विस्तारक डबलू भगत, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जानवी कंचन गोयल, नगर मंत्री जय कुमार, कॉलेज अध्यक्ष पृथ्वी तमेरा, छात्रा का प्रमुख रीना कुमारी, राधिका कुमारी, काजल कुमार रॉय, खुशबू एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# छिपादोहर कुचिला में अधूरी सड़क निर्माण बनी परेशानी, ग्रामीणों में अक्रोश

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** प्रखंड के छिपादोहर कुचिला में बन रही सड़क निर्माण में संवेदक द्वारा भारी लापरवाही बरती जा रही है। जिससे लोगों को आने जाने काफी परेशानी हो रही जिससे ग्रामीणों में व्यापक आक्रोश है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कुचिला पंचायत भवन से बरवागड़ा तक ग्रामीण विकास विभाग द्वारा लगभग 2 करोड़ की लागत से 2 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य संबंधित संवेदक द्वारा कराया जा रहा है। लेकिन सड़क निर्माण करा रहे संवेदक द्वारा निर्माण कार्य में काफी अनियमितता बरती जा रही है। कुचिला पंचायत के ग्रामीणों नौशाद अंसारी, नरेश सिंह, कयूम अंसारी, दिलीप यादव, सुरेश राम, दिलीप सिंह समेत अन्य ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के दिनों में



निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है, जिससे सड़क के कई जगहों में कीचड़ भर गया है। जिससे लोगों को रोड में चलने में परेशानी हो रही है। कीचड़ के कारण सड़क में वाहन की बात तो दूर पैदल भी चलना मुश्किल है। ग्रामीणों ने बताया कि पुल के निर्माण के समय डायवर्सन नहीं बनाया गया है। वहीं अब बरसात के समय पुल अधूरा रहने और डायवर्शन नहीं रहने से लोगो को आने जाने में भारी परेशानी हो रही है। पुल के अगल बगल खेत होने के कारण बरसात का पानी भर जा रहा। वहीं पुल के उपर मिट्टी डाल देने से कीचड़ जमा हो गया, जिससे रोज कई छोटी बड़ी गाड़ी इसमें फंस जा रही है। ग्रामीणों ने लातेहार उपायुक्त का ध्यान इस और आकर्षित कराते हुए कीचड़ से भरे रोड को ठीक करते हुई आम आदमी के आने जाने के लायक बनाने की मांग किया है।

## धनामुंजी में एक माह से बिजली गुल, ग्रामीण परेशान



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के आदिवासी बहुल क्षेत्र गडरपो ग्राम पंचायत के धनामुंजी गांव के मुरली तालाब से गरिया टोली मोड़ तक बिजली विभाग की घोर लापरवाही सामने आयी है। पिछले एक महीने से अधिक समय से ग्रामीण बिजली से वंचित है जिससे उनका जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। धनामुंजी मोड़ मे ट्रांसफार्मर खराब पड़ा है जिससे मुरली तालाब से गरिया टोली तक मुख्य पथ मे 50 से 60 से अधिक घरों में बिजली नहीं आ रही है। मौके पर स्थानीय अशोक उरांव, जतरू उरांव ने बताया कि ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण गांव में अंधेरा छाया हुआ है। इस समय बारिश का मौसम होने के कारण रात के समय जहरीले जानवरों का खतरा बना रहता है, जिससे ग्रामीण भयभीत हैं। उन्होंने बिजली विभाग के ऊपर आरोप लगाया कि इतनी लंबी अवधि बीत जाने के बाद भी बिजली विभाग ने ट्रांसफार्मर को बदलने या मरम्मत करने की कोई पहल नहीं की है। आगे कहा कि जहां एक ओर सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से सुविधाएं मुहैया कराने का दावा कर रही है, वहीं दूसरी ओर विभाग के अधिकारी सरकार की छवि खराब कर रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द से जल्द ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया तो एक बड़ा आंदोलन किया जायेगा। बिजली विभाग की निष्क्रियता से नाराज ग्रामीण अशोक उरांव, सुरेन्द्र उरांव, जतरू उरांव, सोमा उरांव, मंगरा, तेतरा उरांव, ललुआ उरांव, निरंजन उरांव निर्दोष उरांव आदि ने विभाग के खिलाफ 'बिजली विभाग मुर्दाबाद' के नारे लगाये और विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने तत्काल बिजली आपूर्ति बहाल करने की मांग की है।

# लोहरदगा में भारत बंद का मिलाजुला असर

आजाद सिपाही संवाददाता




**लोहरदगा।** लोहरदगा नगर परिषद क्षेत्र में अखिल भारतीय म्युनिसिपल एंड सेनिटेशन वर्कर्स फेडरेशन दिल्ली के आह्वान पर सफाई कर्मियों की देशव्यापी हड़ताल पूरी तरह सफल रही। इस अवसर पर सुबह 6 बजे एक जोरदार जुलूस भी निकाला गया, जो शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से गुजरता हुआ समाहरणालय के समक्ष आमसभा में परिवर्तित हो गया। हड़ताल के दौरान आयोजित आमसभा को फेडरेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेश कुमार सिंह ने कहा कि जो सफाई कर्मी नालियों, पैखानों, मैदानों को साफ कर भारत को बीमारियों से मुक्त रखने का काम करते हैं, उन्हें सबसे कम वेतन देना देश का दुर्भाग्य है। उन्होंने नगर परिषद और कार्यरत निजी कंपनी श्री श्याम एसडब्ल्यूएम प्रा लि के बीच चल रही आपसी खींचतान को सफाई कर्मियों के शोषण का प्रमुख कारण बताया। महेश कुमार सिंह ने आरोप लगाया कि नगर प्रशासन और कंपनी मिलकर सफाई कर्मियों को महीनों तक वेतन नहीं दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि श्रम अधीक्षक की अध्यक्षता में हुई त्रिपक्षीय वार्ता में 4-5 जुलाई तक वेतन देने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन उसका भी कोई असर नहीं हुआ। अंततः हड़ताल करना मजबूरी बन गयी। उन्होंने उपायुक्त से संवेदनशीलता दिखाते हुए इस शोषण को रोकने की अपील की और चेताया कि यदि स्थिति नहीं सुधरी तो श्रम अधीक्षक का घेराव किया जायेगा, जिसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। जुलूस का नेतृत्व पुरानी नगरपालिका से शुरू होकर सोमार बाजार, शहीद अशफाक उल्लाह खान चौक, बड़ा तालाब, नगर परिषद कार्यालय, शिवाजी चौक, न्यू रोड, नेताजी सुभाष चौक, बाबा मठ, मैना बगीचा, रेलवे स्टेशन मोड़ होते हुए समाहरणालय तक पहुंचा। आमसभा की अध्यक्षता महेश कुमार सिंह ने की और मुख्य वक्ता के रूप में फूलदेव कुजूर, बैजनाथ उरांव सहित कई नेताओं ने संबोधित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सफाई कर्मी शामिल हुए।

## उपायुक्त ने इवीएम-वेयरहाउस का किया निरीक्षण

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी डॉ ताराचंद ने ईवीएम-वेयरहाउस का निरीक्षण किया। इस अवसर पर राजनीतिक दलों के साथ हुई बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को विशेष गहन पुनरीक्षण (रक्फ़), बूथ लेवल एजेंट अपॉइंटमेंट आदि के बारे बताया गया। साथ ही पुनरीक्षण कार्यक्रम में अपना सहयोग देने की अपील की। सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से जिला में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाता सूची में सुधार हेतु होने वाले कार्यों में सहयोग करने की अपील की गयी। उप निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा निर्वाचन से संबंधित बिंदुओं से अवगत कराया। बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार व विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# हड़ताल में बीएमएस शामिल नहीं: राधेश्याम

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** केंद्र सरकार की निजीकरण नीतियों, मजदूर किसान विरोधी कार्य समेत अन्य मांगों को लेकर आयोजित बैंक, बीमा, पोस्ट ऑफिस समित अन्य सेवाओं के कर्मचारियों के हड़ताल का लोहरदगा में कोई प्रभाव नही रहा। स्थानीय बैंक बीमा कार्यालय डाकघर खुले रहे। इधर, गुमला लोहरदगा डिविजन के भारतीय डाक कर्मचारी संघ के सचिव राधेश्याम प्रजापति ने कहा कि, राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर डाक कर्मचारी संघ पर फिलहाल कोई प्रभाव नहीं है। पर, अब डाक कर्मचारी हड़ताल में जाने की सोच रहे हैं। कहा कि बीएमएस 9 जुलाई को आयोजित देशव्यापी हड़ताल में भारतीय डाक मजदूर संघ अभी शामिल नहीं है। देशव्यापी हड़ताल के बावजूद लोहरदगा, कुडू, घाघरा,


राधेश्याम प्रजापति, सचिव, भारतीय डाक कर्मचारी संघ (बीएमएस)।

विशुनपुर, नेतरहाट एवं सिमडेगा के सभी शहरी और ग्रामीण डाकघर आम दिनों की तरह नियमित खुले और संचालित रहे। सामान दोनों की तरह इन डाकघरों में कामकाज का प्रभाव नहीं रहा। इस संदर्भ में लोहरदगा चैंबर्स ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष रितेश साहू ने कहा कि, हड़ताल के लिए किसी स्तर पर आह्वान नहीं किया गया था। कर्मचारियों की हड़ताल स्थानीय स्तर पर पूरी तरह विफल है।

## फरार वारंटी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**भंडरा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लातेहार महिला थाना पुलिस द्वारा बुधवार को भंडरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़ागाई गांव निवासी फरार अभियुक्त विकेश ठाकुर के घर डुगडुगी बजाकर इश्तेहार चिपकाया गया। यह कार्रवाई भंडरा थाना पुलिस की सहायता से की गयी। लातेहार महिला थाना के अवर निरीक्षक अशोक कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि विकेश ठाकुर के खिलाफ लातेहार महिला थाना कांड संख्या 11/2024 के तहत प्राथमिकी दर्ज है। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद से ही वह पुलिस की गिरफ्त से फरार है। पुलिस टीम ने मौके पर इश्तेहार चिपकाकर आरोपित को आत्मसमर्पण करने की अपील की। इस दौरान भंडरा थाना के सहायक अवर निरीक्षक संतोष राय सहित अन्य पुलिसकर्मी एवं सशस्त्र बल मौजूद रहे।



## किसानों के बीच अरहर, उरद और मडुवा बीज का वितरण

**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत अन्तर्गत बाजार डांडू और चौकनी गांव में किसानों के बीच आत्मा के माध्यम से अरहर,उरद और मडुवा बीज का वितरण किया गया। बीज वितरण का कार्य झारखण्ड सरकार के कृषि गन्ना व पशुपालन विकास मंत्रालय के निदेर्शानुसार खरीफ फसल के लिये वितीय वर्ष 2025 - 26 के अन्तर्गत मोबाइल द्वारा ओटीपी के माध्यम से बाजार डांडू और चौकनी ग्राम के किसानों के बीच कृषक मित्र सुनील यादव की उपस्थिति में अरहर,उरद और मडुवा बीज का वितरण किया गया। वही प्रत्येक किसानों के बीच दो किलो अरहर दो किलो उरद और दो किलो मडुवा बीज का वितरण किया गया।

# अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा का सम्मान समारोह संपन्न

**शिक्षित, संगठित बने और संघर्षशील, चंद्रवंशी समाज में अपार शक्ति है : डॉ रामेश्वर उरांव**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बनाये गये किशोर कुमार वर्मा के सम्मान में लोहरदगा जिला चंद्रवंशी समाज द्वारा हटिया मोहल्ला स्थित आयोजन स्थल पर भव्य और ऐतिहासिक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजनीतिक, सामाजिक व शैक्षणिक क्षेत्रों की कई नामचीन हस्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान जरासंध महाराज और महासभा के संस्थापक नथुनी राम चंद्रवंशी के चित्र पर माल्यार्पण कर की गयी। मंच का संचालन विकास वर्मा एवं राजकुमार वर्मा ने किया। पूर्व मंत्री एवं विधायक डॉ रामेश्वर उरांव ने चंद्रवंशी समाज को संगठित होने का आह्वान करते हुए कहा की चंद्रवंशी समाज की जनसंख्या बहुतायत है, लेकिन एकजुटता के अभाव में यह समाज अपेक्षित स्थान नहीं पा सका है। यदि यह समाज शिक्षित, संगठित और संघर्षशील बने, तो कोई ताकत इसे आगे बढ़ने से नहीं रोक सकती। उन्होंने कहा कि जरासंध जैसे चक्रवर्ती सम्राट के वंशज होने के बावजूद चंद्रवंशी समाज को इतिहास में उचित स्थान नहीं मिला। उन्होंने वादा किया कि वे सरकार से चंद्रवंशी समाज के छात्रों के लिए हॉस्टल निर्माण और पिछड़ा वर्ग आयोग में उचित प्रतिनिधित्व की मांग करेंगे। प्रेम वर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने महासभा के संवैधानिक स्वरूप को समाज की एकता का आधार बताया। कहा कि अब लोकतांत्रिक पद्धति से महासभा में नेतृत्व चयन होता है, जिससे बिखराव खत्म होगा और एकजुटता से समाज को राजनीतिक और सामाजिक अधिकार मिलेंगे। कहा कि यदि चंद्रवंशी समाज को सीएनटी एक्ट के तहत पुनः लाभ नहीं दिया गया, तो आंदोलन होगा। पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश प्रसाद ने किशोर वर्मा के नेतृत्व क्षमता की प्रशंसा करते हुए कहा कि किशोर वर्मा छात्र राजनीति से आये हैं। उन्होंने हमारे साथ भी राजनीतिक कार्य किया है। उनमें समाज को दिशा देने की पूरी क्षमता है। नवनियुक्त झारखंड प्रदेश अध्यक्ष किशोर कुमार वर्मा ने कहा कि मैं शिक्षक हूं, शिक्षा ही समाज को ऊंचाई तक पहुंचाने का माध्यम है। हमारा समाज शिक्षित है, लेकिन बिखरा हुआ है। मेरा प्रयास होगा कि सभी शिक्षित, योग्य और अनुभवी लोग एक मंच पर आएं और समाज को दिशा दें। कार्यक्रम में रेखा वर्मा (राष्ट्रीय महिला महामंत्री), धनंजय चंद्रवंशी (युवा प्रदेश महामंत्री), निशीथ जायसवाल (विधायक प्रतिनिधि), हाजी शकील अहमद (कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष), अनिल उरांव (भाजपा उपाध्यक्ष), विशाल डूंगडूंग (युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष), निश्चय वर्मा, सत्येंद्र सिंह, सुरेश वर्मा, डॉ आकाश वर्मा, रामावतार वर्मा, मनोज वर्मा, आदि प्रमुख रहे। सैकड़ों की संख्या में समाज के पुरुष और महिलाएं उपस्थित थीं, जिनमें आशा देवी, प्रतिमा देवी, रंजू देवी, अलका वर्मा, सावित्री देवी, सुनीता वर्मा, सरिता वर्मा, मधु वर्मा, पूजा वर्मा समेत समाज की महिलाओं की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन मनोज वर्मा (डोरंडा, रांची) द्वारा किया गया, जिन्होंने सभी अतिथियों, आगंतुकों और समाज के लोगों का आभार प्रकट किया।

## सोलर लाइट लगने से हाथियों के आगमन से बचाव : मुखिया



**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा प्रखंड अंतर्गत माल्हन पंचायत के मरमर, सेकलेतरी केकराही और छठर में माल्हन पंचायत मुखिया जतरू कुमार मुंडा के पहल पर वन विभाग के द्वारा 25 सोलर लाइट लगने से ग्रामीणों में वन विभाग वन पाल के प्रति खुशी का माहौल मुखिया जतरू कुमार मुंडा ने वन पाल अलोक तिग्गा से माल्हन देवनदिया मरमर के सभी हाथी प्रभावित ग्रामों में जल्द सोलर लाइट लगाने का अनुरोध किये। वहीं वन पाल अलोक तिग्गा ने मुखिया जतरू कुमार मुंडा समेत उपस्थित ग्रामीणों को बहुत जल्द हाथी प्रभावित क्षेत्रों में सोलर लाइट लगाने का आशवासन दिया। साथ ही बोलें कि लातेहार जिला डीएफओ और चंदवा प्रखंड रेंजर सर हमेशा जनता के सुरक्षा में तत्पर रहते हैं हमारा वन विभाग से जितना भी ग्रामीणों को लाभ है समुचित दिया जायेगा। मौके पर कोशिला देवी, संजू देवी, मंगरी देवी, जागो देवी, रानीता देवी, पैरों देवी, मनिता देवी, रीना देवी,रामकिशुन गंझू, सीताराम गंझू, अशोक गंझू, अमित गंझू, प्रदीप ठाकुर,पुरूषोतम गंझू, अजय गंझू, लारेवा गंझू, गुड्डू गंझू, मछिंद्र गंझू, देवाली गंझू, अर्जुन गंझू,समेत दर्जनों लोग उपस्थित थें।

**खुलासा :** समाहरणालय सभागार में पलामू डीसी ने की सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

# पलामू में जून महीने में हुई 25 सड़क दुर्घटनाओं में गयी 19 लोगों की जान

आजाद सिपाही संवाददाता




अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश देतीं पलामू डीसी समीरा एस।

**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी समीरा एस की अध्यक्षता में बुधवार को सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। जिसमें उन्होंने जिला परिवहन पदाधिकारी जितेंद्र यादव से जून महीने में हुए सड़क दुर्घटनाओं की जानकारी ली। बताया गया कि जून में 25 सड़क दुर्घटनाएं हुई हैं जिनमें 19 लोगों की मौत एवं 21 लोग घायल हुए हैं। समाहरणालय सभागार में आयोजित बैठक में डीसी ने सड़क दुर्घटनाओं की अद्यतन स्थिति, ब्लैक स्पॉट, अतिक्रमण, सड़क जागरूकता कार्यक्रम पर समीक्षा करते हुए विभिन्न अधिकारियों को कई आवश्यक निर्देश दिया। इस दौरान पूर्व की बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुपालन की भी समीक्षा की।

**दो पहिया वाहनों से हुई 11 लाख के जुर्माना की वसूली**

उपायुक्त ने वाहन जांच अभियान की समीक्षा की। इस दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी जितेंद्र यादव ने बताया कि वाहन जांच में जून महीने में कुल 770 दो पहिया वाहनों से 11 लाख 61 हजार रुपये जुर्माना वसूल किया गया है। इस पर डीसी ने डीटीओ को लगातार वाहनों की जांच करने का निर्देश दिया। इसके अलावा डीसी ने तीनों एसडीओ को अपने क्षेत्र अंतर्गत वैसे स्थान जहां आये दिन सड़क दुर्घटना हो रही और जहां सीसीटीवी अधिष्ठापन की आवश्यकता है। इससे संबंधित प्रतिवेदन भेजना सुनिश्चित करने को कहा, ताकि अग्रेतर कार्रवाई की जा सके। वहीं, समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने पाया कि सड़क दुर्घटनाओं के विरुद्ध गुड सेमेरिटन योजना के लाभुक बेहद कम है। ऐसे में उन्होंने सिविल सर्जन को मरीज को अस्पताल लेकर आने वाले व्यक्ति का नाम, पता एवं मोबाइल नंबर दर्ज कर उसकी विवरणी जिला परिवहन कार्यालय को भेजने की बात कही, ताकि उस व्यक्ति को गुड सेमेरिटन योजना से लाभान्वित किया जा सके। बैठक में पाया कि गुड सेमेरिटन योजना के तहत सभी सीएचसी को राशि उपलब्ध करा दी गयी है। इसी क्रम में उन्होंने निजी हॉस्पिटल्स द्वारा आईआरएडी के तहत एंट्री नहीं होने का मामला उठाया गया। इस पर डीसी ने डीआईओ को जिला स्तर पर इसका प्रशिक्षण करवाने की बात कही। इसके अलावा हिट एंड रन के मामलों की समीक्षा में बताया गया कि 52 लोगों को मुआवजा दिया गया है। इसी तरह ट्रैफिक पुलिस की ओर से वाहन जांच अभियान, स्कूलों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आदि की समीक्षा की गयी। मौके पर पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन, सदर एसडीओ, जिला परिवहन पदाधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## जिला पर्यावरण समिति की बैठक में हुई विभिन्न प्रदूषणों को रोकने को लेकर चर्चा

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। डीसी समीरा एस की अध्यक्षता में बुधवार को जिला पर्यावरण समिति की बैठक हुई। जिसमें विभिन्न प्रकार के प्रदूषणों को रोकने के लिए कई बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गयी। इस दौरान कचरा ठोस प्रबंधन के अलावा प्लास्टिक, सीडी, बॉयोमेडिकल, वाटर क्वालिटी मैनेजमेंट, घरेलू सीवरेज प्रबंधन, वायू, ध्वनि, खनन गतिविधियों पर चर्चा की गयी। खनन वाले परिधि में हरियाली रखने पर बल दिया गया। डीसी ने डीएमओ एवं वन प्रमंडल पदाधिकारी को आपस में बेहतर समन्वय स्थापित करने की बात कही। साथ ही सिविल सर्जन को बायोमेडिकल वेस्ट के बेहतर प्रबंधन करने को लेकर सभी अस्पताल से समन्वय स्थापित कर इस दिशा में कार्य करने की बात कही गयी। डीसी ने पर्यावरण संरक्षण, संवर्द्धन एवं प्रदूषण के रोकथाम की दिशा में बेहतर कदम उठाने पर चर्चा किया। इस मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त, सिविल सर्जन, जिला खनन पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, सहायक नगर आयुक्त, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता आदि उपस्थित रहे।

# श्रावणी मेला में खामियां दिखने पर क्यूआर कोड स्कैन कर करें शिकायत, 15 मिनट में होगा निराकरण

- श्रद्धालुओं को एआइ चैटबोट से मिलेगी मेला से जुड़ी आवश्यक जानकारी-सूचनाएं

**देवघर (आजाद सिपाही)।** डीसी नमन प्रियेश लकड़ा ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देश पर राजकीय श्रावणी मेला 2025 के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और उनकी आवश्यकता पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है, ताकि श्रद्धालु बाबा बैद्यनाथ की नगरी से एक अच्छी अनुभूति प्राप्त कर अपने गंतव्य को लौट सकें। मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुविधा के अनुरूप नई तकनीकों का भी उपयोग किया जा रहा है। इस कड़ी में मेला क्षेत्र में एआइ चैटबोट के माध्यम से श्रद्धालु मेला क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न आवश्यक जानकारी के साथ मार्ग मानचित्र, यातायात सहायता, आपातकालीन सेवा, ऑपरेटर से संपर्क, दिशा निर्देश, ठहरने की सुविधा, लाइव अपडेट्स एवं खोया एवं पाया उपरोक्त से संबंधित सुविधा पाने के लिए क्यू आर कोड स्कैन कर सकते हैं। इसके अलावा श्रावणी मेला के दौरान क्षेत्र में असुविधा या कमी दिखने पर क्यू आर कोड को स्कैन कर तस्वीर के साथ समस्या को साझा कर सकते हैं, जिसका 15 मिनट में समाधान किया जाएगा। समस्या की निगरानी के लिए कंट्रोल रूम में एक विशेष सेल भी बनाया गया है, ताकि मॉनिटर पर समस्या दिखते ही उस पर तत्काल कार्य करते हुए समाधान किया जा सके। इसके अलावा शौचालय, पानी, होल्डिंग प्वाइंट, प्रशासनिक शिविर और स्वास्थ्य शिविर में सुविधा नहीं मिल रही है। साफ-सफाई नहीं है या सुविधा से असंतुष्ट हैं अथवा कोई सुधार चाहते हैं या कांवरिया रूटलाइन या होल्डिंग प्वाइंट पर परेशानी है तो तत्काल उस जगह लगे क्यूआर कोड को स्कैन कर तस्वीर के साथ समस्या को साझा कर सकते हैं। इस सुविधा के लिए बारकोड स्कैन करते ही गूगल पेपर खुलेगा। उसमें शिकायत करने का ऑप्शन आएगा। शिकायत भरने के बाद जरूरत हो तो तस्वीर भी साझा कर दें। शिकायत और अपलोड किये गये फोटो कंट्रोल रूम के सिस्टम में डाउनलोड होते ही उस पर संबंधित विभाग को टैग कर उसके समाधान का निर्देश दे दिया जाएगा, जिसके बाद मेला में प्रतिनियुक्त टीम वहां पहुंच जाएगी।

## तीन मंत्री आज करेंगे श्रावणी मेले का उद्घाटन




देवघर (आजाद सिपाही)। विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेले का उद्घाटन गुरुवार को बिहार-झारखंड सीमा दुम्मा में पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार, ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह और श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव संयुक्त रूप से करेंगे। जिला प्रशासन की ओर से बांटे गए आमंत्रण कार्ड में बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में जल संसाधन मंत्री मंत्री हफीजुल हसन का भी नाम दिया गया है। जबकि हफीजुल हसन की सर्जरी हुई है और वे दिल्ली में इलाजरत हैं। कार्ड में गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे, दुमका सांसद नलिन सोरेन, देवघर विधायक सुरेश पासवान, सारठ विधायक उदय शंकर सिंह, जरमुंडी विधायक देवेंद्र कुंवर के भी नाम हैं। मेला क्षेत्र में कमी दिखने पर शिकायत करने और 15 मिनट में समाधान करने की भी तैयारी की गयी है। वहीं, मेले की निगरानी के लिए निगरानी सेल भी बनाया गया है। इसके अलावा शौचालय, पानी, होल्डिंग प्वाइंट, प्रशासनिक शिविर और स्वास्थ्य शिविर में सुविधा नहीं मिलने आदि की शिकायत की भी व्यवस्था की गयी है।

## केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री से मिले पांकी विधायक, फोरलेन सड़क बनाने की मांग



**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से नयी दिल्ली के मोती लाल नेहरू मार्ग स्थित उनके आवास पर जाकर मुलाकात की। इस दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित कर फोरलेन सड़क बनाने की मांग की जिसमें डाल्टनगंज, पांकी, रिमी-रामपुर, बगरा (एनएच-22) पर डोभी बिहार एनएच-2 तक राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण और डाल्टनगंज से शेरघाटी (बिहार) एनएच- 2 भाया मनातू तक राष्ट्रीय राजमार्ग की मांग करते हुए एक पत्र सौंपा। विधायक ने बताया कि डाल्टनगंज से बगरा से चतरा होते हुए डोभी तक फोरलेन बन जाने से वाराणसी -कोलकाता का सीधा जुड़ाव हो जाएगा। दूसरी ओर, राजमार्ग डाल्टनगंज से शेरघाटी एनएच- 2 मनातू तक फोरलेन सड़क बन जाने से कोलकाता जाने के लिए एनएच-2 का सीधा जुड़ाव हो जाएगा। इससे पांकी विधानसभा क्षेत्र में विकास एवं रोजगार की नई संभावनाओं का सृजन होगा। इस मौके पर जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता और निजी सचिव सरोज चटर्जी उपस्थित रहे।

## चैनपुर-नेवरा रोड अब और कितनी दुर्घटनाओं के बाद खुलेगी प्रशासन एवं जवाबदेह लोग की आंखें: अरुणा



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने चैनपुर नेवरा रोड में हुए एक और दुर्घटना पर नाराजगी जाहिर करते हुए तीखी प्रतिक्रिया दी है। कहा कि चैनपुर-नेवरा रोड पर और कितने लोगों के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद प्रशासन एवं जवाबदे लोगों की आंखें खुलेगी। प्रथम महापौर ने बताया कि मंगलवार की रात वार्ड नंबर 35 के चैनपुर बाजार मोहल्ला निवासी सुनील गुप्ता काम खत्म कर चैनपुर-नेवरा मार्ग से घर लौट रहे थे। रास्ते में बने बड़े-बड़े गड्ढे में पानी भरा होने के कारण वह समझ नहीं सके और गिर गये, जिससे गड्ढे में पड़ा शीशा उनकी पेट में घुस गया। उन्हें कई टांके लगाने पड़े हैं। कहा कि प्रति वर्ष बरसात के मौसम में ऐसी कई घटनाएं होती हैं, लेकिन प्रशासन एवं जवाबदेह लोग मौन बने रहते हैं। रोटरी स्कूल के बच्चे बरसात के दिनों में टेंपो पलटने के डर से स्कूल नहीं जाते। प्रसूति वाली महिलाएं उस मार्ग से आवागमन बंद कर देती। कई गाड़ियां दुर्घटनाग्रस्त हो रही है, लेकिन किसी के कान पर जू नहीं रेंग रहा। प्रथम महापौर ने कहा कि अगर अभी प्रशासन उस मार्ग का तत्काल मरम्मतिद नहीं कराया तो चैनपुर-शाहपुर की जनता, रोटरी स्कूल के बच्चे, पलामू चेंबर के सदस्यों एवं पांचों वार्ड पार्षद के साथ मैं खुद समस्या का समाधान नहीं होते तक धरने पर बैठ जाऊंगा। प्रथम महापौर जो इस वक्त अपने निजी कार्य से मुंबई में है ने फोन पर पलामू सांसद विष्णु दयाल राम एवं राज्य के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर से भी बात की है, ताकि इसका समाधान तुरंत निकाला जा सके। साथ ही घायल सुनील कुमार से भी बात कर जल्द स्वस्थ होने की कामना की। लगे हाथ इलाज का खर्च वहन करने का भी आश्वासन दिया।

## एसडीओ ने किया जमुआ मध्य विद्यालय का औचक निरीक्षण



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** एसडीओ ओम प्रकाश गुप्ता ने बुधवार को अनुमंडल क्षेत्र के राजकीय कृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय जमुआ विश्वसिया का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ सीओ पंकज कुमार भी थे। एसडीओ ने विद्यालय के विधि व्यवस्था का जायजा लेने के साथ ही विद्यालय संबंधित रजिस्टरों एवं अन्य दस्तावेजों की बारीकी से अवलोकन किया। एसडीओ ने विद्यालय से संबंधित अद्धतन रिपोर्ट देख प्राचार्य को विद्यालय सुव्यवस्थित करने का निर्देश दिया। उन्होंने विद्यालय के ड्राप आउट बच्चों को पुनः नामांकन के लिए प्रधानाध्यापक को आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने उपस्थित शिक्षकों से भी वार्ता कर बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के साथ ही विषय संबंधित प्रैक्टिकल की भी जानकारी देने का निर्देश दिया। इसके अलावा छात्र-छात्राओं को भी बेहतर शिक्षा के कई सुझाव दिए। इसके बाद एसडीओ ने उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय अमही के कक्षाओं, शौचालय, रंग रोगन एवं छात्र-छात्राओं के मिलने वाले मूलभूत सुविधाओं आदि का निरीक्षण कर कर्मियों को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। बताया कि विद्यालय निरीक्षण के दौरान एक ही स्थान पर चार बूथ वाले विद्यालय से एक बूथ को अलग करने की प्रकिया भी शुरू की गई है।

## फरार अभियुक्त के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



**मधुपुर (आजाद सिपाही)।** थाने की महिला पुलिस ने पत्नी को प्रताड़ित करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी गिरिजीह जिले के गांडे थाना क्षेत्र के गोराडीह गांव निवासी फिरोज अंसारी के घर बैंड बाजा, डुगडुगी बजा कर इश्तिहार चिपकाया है। मधुपुर महिला थाने की पुलिस ने कोर्ट से निर्गत आदेश के बाद यह कार्रवाई की है। मधुपुर महिला थाना की एएसआई बैजयंती कुमारी, महिला आरक्षी पंचाली किरण आरोपी के घर पहुंची और मुख्य द्वार पर इश्तिहार चिपकाया। एएसआई ने बताया कि पांच दिसंबर 2024 को उक्त आरोपी पर पत्नी के साथ मारपीट, दहेज के लिए प्रताड़ित करने के मामले में मधुपुर महिला थाना में प्राथमिक दर्ज करायी गयी थी। आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर कई बार छापामारी की गयी, लेकिन वह फरार है। इसके बाद न्यायालय से निर्गत आदेश पर आरोपी के घर पर इश्तेहार चिपकाया गया है। यदि कुछ दिनों में थाने या न्यायालय में आत्मसमर्पण नहीं करता है तो कोर्ट के आदेश पर कुर्की जब्ती की कार्रवाई की जायेगी।

## मां-बाप की डांट से नाराज होकर घर से भागे बिहार के छह बच्चे जपला रेलवे स्टेशन से बरामद



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जपला रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ की टीम ने छह नाबालिक बच्चों का रेस्क्यू किया है। इस संबंध में आरपीएफ के निरीक्षक प्रभारी राजेश कुमार मीणा ने बताया कि आरपीएफ के उप निरीक्षक जय प्रकाश प्रसाद, ऑन ड्यूटी स्टाफ प्रधान आरक्षी अजय कुमार के साथ जपला रेलवे स्टेशन पर आपराधिक गतिविधि की निगरानी कर रहे थे। इस दौरान प्लेटफार्म संख्या दो एवं तीन पर छह नाबालिक बच्चे डरे-सहमे खड़े दिखे। उनके पास जाकर पूछताछ करने पर बताया कि वे बिहार के गया जिले के नीमा गांव के रहने वाले हैं। बताया कि माता-पिता की डांट-फटकार से नाराज होकर घर से भाग आये हैं। इसके बाद सभी बच्चों को आरपीएफ ने खाने के लिए बिस्कुट एवं पीने के लिए पानी दिया। इसके बाद उनका रेस्क्यू कर जपला आरपीएफ पोस्ट लाया गया। जहां सभी बच्चों की काउंसलिंग की गयी। इसके बाद सभी बच्चे सहज हुए। इसके बाद उनके द्वारा बताए गए मोबाइल नंबर पर संपर्क कर उनके परिजनों को सूचना दी गयी। वहीं, खबर पाकर सभी नाबालिक बच्चों के परिजन जपला आरपीएफ पोस्ट पहुंचे। जहां उचित पहचान एवं सत्यापन के बाद फोटोग्राफी करते हुए सभी नाबालिक बच्चों को उनके परिजनों को सौंप दिया गया।

## ठगी से बचना है तो किसी अजनबी के झांसे में ना आयें: थाना प्रभारी ऋषिकेश



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर नगर एवं आंचलिक क्षेत्र में इन दिनों कुछ संदिग्ध लोग सेल्समैन बनकर घूम रहे हैं। जो कहीं, कुछ बेचने के नाम पर तो, कहीं आभूषण साफ करने के नाम पर ठगी कर रहे हैं। इनका शिकार ज्यादातर महिलाएं बन रही हैं। ठगों के गिरोह में महिलाएं भी शामिल रहती हैं। पिछले कुछ दिनों के अंदर ठगी की कुछ घटनाएं घटित भी चुकी हैं, जो थाने तक नहीं पहुंची है। इस संबंध में विश्रामपुर थाना प्रभारी ऋषिकेश दुबे ने लोगों को आगाह करते हुए कहा कि किसी भी अजनबी के झांसे में ना आयें। अन्यथा ठगी के शिकार हो सकते हैं। संदिग्ध व्यक्ति को देखते ही तुरंत पुलिस को खबर करें। पुलिस आमजनों के जानमाल की सुरक्षा के लिये हमेशा तत्पर है। उन्होंने कहा कि फर्जीवाड़ा एवं ठगी के लिये पुलिस जागरूकता अभियान भी चला रही है। क्योंकि जागरूकता के अभाव में ही लोग ठगी के शिकार हो रहे हैं।

## प्रधानाध्यापक से मांगा गया स्पष्टीकरण तत्काल प्रभाव से वेतन रोकने का निर्देश

**सही पाया गया बिना सूचना विद्यालय बंद का मामला**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हैदरनगर/पलामू।** बभंडी राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक आजाद हैदर सिद्दीकी द्वारा पांच जुलाई को बिना पूर्व सूचना के विद्यालय को बंद रखने का मामला जांच में सही पाया गया है। इसे गंभीरता से लेते हुए प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी महेंद्र प्रजापति ने प्रधानाध्यापक का वेतन तत्काल प्रभाव से स्थगित करने का आदेश दिया है। साथ ही प्रधानाध्यापक से स्पष्टीकरण बिंदुवार देने को कहा है। विगत सात जुलाई को जारी आदेश में कहा गया है कि निर्धारित समय सीमा में संतोष जनक जवाब नहीं देने की स्थिति में उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा उच्चाधिकारी से की जायेगी। बतातें चलें कि आए दिन बिना पूर्व सूचना के विद्यालय को बंद करने से फैल रही शैक्षणिक अराजकता और प्रधानाध्यापक की मनमानी के खिलाफ अभिभावकों एवं ग्रामीणों में काफी दिनों से आक्रोश था। इस बीच बीते शुक्रवार को उपप्रमुख पप्पू कुमार पासवान ने विद्यालय के निरीक्षण में मुख्य द्वार पर ताला लटका पाया था। जिसमें विद्यालय प्रबंध समिति की अध्यक्ष सुमित्रा देवी एवं अन्य सहयोगी शिक्षकों ने भी प्रधानाध्यापक के व्यवहार, अनुपस्थिति एवं कर्तव्यहीनता पर सवाल उठाते हुए जांच के दौरान गंभीर आरोप लगाए थे। शिक्षकों ने बताया कि उपस्थिति पंजी में मनमानी कर प्रधानाध्यापक शिक्षकों से भी अभद्र व्यवहार करते रहे हैं।

## आजसू ने एसडीओ को सौंपा पांच सूत्री ज्ञापन

हैदरनगर/पलामू (आजाद सिपाही)। आजसू के पलामू जिला उपाध्यक्ष कमलेश प्रसाद मेहता ने हुसैनाबाद के अनुमंडल पदाधिकारी प्रकाश गुप्ता को पांच सूत्री ज्ञापन सौंपा है। जिसमें हुसैनाबाद के सभी प्रखंडों में रोजगार मेला का आयोजन कराने, सभी एनपीएस, मध्य विद्यालयों, आंगनवाड़ी केंद्रों में मीनू अनुसार मध्याह्न भोजन और पोषाहार वितरण समय पर सुनिश्चित कराने, सभी अंचल भूमि सुधार कार्य में तेजी लाने, हैदरनगर बस स्टैंड के समीप रेल फाटक पर स्थाशीघ्र रेल ओवर ब्रिज का निर्माण शुरू कराने और लाभुकों सभी पीडीएस से समुचित राशन का वितरण कराने की मांग है। कहा कि आवश्यक और समय से निगरानी के अभाव उक्त समस्या जनहित में बेपटरी हो गई है।

## पंचायत व्यवस्था को कमजोर करने का हो रहा प्रयास : पंचम प्रसाद

### जन प्रतिनिधियों की अपेक्षा के प्रतिवाद में प्रखंड कार्यालय का घेराव 14 को

आजाद सिपाही संवाददाता



**पांकी/पलामू।** झारखंड सरकार की ओर से त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों की लगातार उपेक्षा और अधिकारों में कटौती के विरोध में पांकी प्रखंड में बड़े आंदोलन की रूपरेखा तैयार की गयी है। बुधवार को पांकी पूर्वी पंचायत सचिवालय स्थित सभाकक्ष में प्रमुख पंचम प्रसाद के नेतृत्व में महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसमें पांकी प्रखंड के 25 पंचायतों के सभी मुखिया, जिला परिषद, उपमुखिया, पंसस, वार्ड सदस्य एवं जनप्रतिनिधियों ने एकजुट होकर राज्य सरकार के खिलाफ नाराजगी जाहिर की। इस दौरान सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि राज्य सरकार की ओर से पंचायत व्यवस्था को कमजोर करने, त्रिस्तरीय प्रणाली को निष्क्रिय बनाने और जनप्रतिनिधियों को केवल दिखावे का पात्र बनाने के खिलाफ अब चुप नहीं बैठा जाएगा। इसके विरोध में 14 जुलाई को सभी पंचायत प्रतिनिधि मिलकर प्रखंड कार्यालय का घेराव करेंगे और सरकार तक अपनी आवाज को मजबूती से पहुंचाएंगे। इस आंदोलन को समर्थन देने वालों में प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद, उपप्रमुख अमित कुमार चौहान, मुखिया संघ के अध्यक्ष राजेंद्र पांडे, उपमुखिया संघ अध्यक्ष इकबाल अहमद, जिला परिषद प्रतिनिधि मुकेश सिंह चंदेल शामिल हैं। सभी नेताओं ने पंचायत प्रतिनिधियों से अपील की है कि 14 जुलाई को एकजुट होकर लोकतांत्रिक तरीके से अपनी ताकत का प्रदर्शन करें। बैठक में वक्ताओं ने स्पष्ट कहा कि राज्य सरकार पंचायतों को उनके अधिकारों से वंचित कर रही है। विकास कार्यों में देरी, योजनाओं में जनप्रतिनिधियों की अनदेखी और निर्णयों में सहभागिता की कमी ने त्रिस्तरीय प्रणाली को पंगु बना दिया है। यह लोकतंत्र के मूल स्वरूप के खिलाफ है। इस मौके पर मुखिया संघ उपाध्यक्ष मुकेश सिंह, मुखिया प्रेम प्रसाद गुप्ता, मुखिया प्रतिनिधि अरविंद सिंह, मुखिया प्रतिनिधि रिंकू सिंह, मुखिया गुड्डू सिंह, मीटीं वर्मा, लोकनाथ यादव, निरंजन यादव, राजेंद्र पासवान, बृजदेव सिंह,रफीक अंसारी, हाफिजुल अंसारी, अनिता लोहरा, पंचायत समिति प्रतिनिधि अशोक सिंह, नारों सिंह, मिथिलेश यादव, आनारिक राम और अमित शर्मा आदि उपस्थित थे।

## समीक्षा बैठक में डीडीसी ने दिये कई दिशा-निर्देश



**देवघर (आजाद सिपाही)।** डीडीसी पीयूष सिन्हा की अध्यक्षता में बुधवार को आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम की समीक्षा बैठक हुई। जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, आधारभूत संरचना, सामाजिक विकास एवं सड़क निर्माण से संबंधित विभिन्न बिंदुओं की विस्तार से चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इसके अलावा डीडीसी ने शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करते हुए निर्देश दिया कि छात्र-छात्राओं के स्थानांतरण की निगरानी प्रणाली को बेहतर किया जाए और 80 फीसदी ट्रांजिशन लक्ष्य प्राप्त किया जाएं। विद्यालयों में शौचालय की स्वच्छता और उपयोगिता सुनिश्चित करते हुए 100 फीसदी शौचालय लक्ष्य प्राप्त करने का भी निर्देश दिया। साथ ही कमजोर प्रदर्शन वाले सूचकांकों को कम कर शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने, तकनीक और व्यावसायिक प्रशिक्षण को पाठ्यक्रम में शामिल करने, समीक्षा बैठकों के लिए वार्षिक कैलेंडर तैयार करने, कमजोर प्रदर्शन वाले छात्रों की पहचान कर मूलभूत ज्ञान का परीक्षण कराने के निर्देश दिया गया। डीडीसी ने 'प्रोजेक्ट रेल' योजना के तहत शिक्षा, स्वास्थ्य एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में सुधार के निर्देश दिए गए, ताकि जनांकिकीय संकेतकों में बेहतरी लाई जा सके। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और ट्रांजिशन दर सुधार के लिए नवाचारी प्रयास साझा करने की बात कही। इसके अलावा आधारभूत संरचना के संदर्भ में FHTC योजनांतर्गत जूनियर इंजीनियरों को स्थल भ्रमण कर सटीक और वास्तविक डेटा प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा एक गांव को मॉडल गांव के रूप में चयनित कर सूक्ष्म कार्य योजना तैयार करने और पीएचईडी के सहयोग से कार्यान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा एमटीसी केंद्रों में प्रत्येक बेड पर एक महिला सुपरवाइजर की नियुक्ति करने का निर्देश जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को दिया। बैठक में सिविल सर्जन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी आदि मौजूद रहे।

# गुमला में सड़क जाम कर किया प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** झारखंड निर्माण मजदूर यूनियन जिला कमिटी गुमला के तत्वावधान में डीएसपी रोड केदार बगान से देशव्यापी आम हड़ताल की गयी। मजदूरों की रैली केदार बगान होते हुए टावर चौक से मेन रोड होते हुए पटेल चौक तक मार्च किया। पटेल चौक पर दो घंटे तक सड़क जाम कर प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार की जनविरोधी और मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ नारे लगाये। प्रदर्शन को यूनियन-ऐक्ट के जिला अध्यक्ष महेन्द्र जेक्शन ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि देश के चार करोड़ मजदूरों के हित में गुलामी जैसे चार लेबर कोड को रद्द किया जाये। केंद्र सरकार को चाहिए कि वह मजदूरों के हित में पुराने 44 श्रम कानूनों को बहाल करे। सरकार को मजदूरों के हित में अच्छे कानून बनाने पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। मानव तस्करी पर सख्त रोक लगे। इस देशव्यापी हड़ताल में बड़ी संख्या में मजदूर शामिल हुए। इनमें देवकी देवी, विद्यासागर खेस, सुषमा देवी, बसंती देवी, बिनोद लेहरा, अनिता देवी, भमति देवी, फूलो देवी, सुलेखा देवी, भारती कुजुर, मंगरा, मरियम पन्ना, मनपूरण लोहरा समेत कई मौजूद रहे।




## मजदूर संघ सीएफटीयूआइ ने दिया समर्थन

**गुमला (आजाद सिपाही)।** मजदूर संघ सीएफटीयूआई ने बुधवार को सिसई रोड छठ तालाब के पास केंद्र सरकार की श्रम विरोधी और जन विरोधी नीतियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन प्रदेश सचिव जुम्मन खान के नेतृत्व में हुआ। मजदूरों ने राष्ट्रव्यापी हड़ताल के तहत सड़क पर उतरकर अपने हक और अधिकार की मांग की। संघ ने केंद्र सरकार से चार प्रमुख मांगें रखीं। प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा। मौके पर जिला अध्यक्ष रजाक बक्स, उपाध्यक्ष कृष्णा कुमार वर्मा, महिला विंग की प्रदेश सचिव सुनीता कुमारी, शांति टोप्पो, संतोष कुमार महली, मुनू बक्स सहित बड़ी संख्या में मजदूर उपस्थित थे।

## झारखंड जेनरल कामगार यूनियन से जुड़े मजदूरों ने घाघरा में की हड़ताल




**घाघरा (आजाद सिपाही)।** सेंटर फॉर स्ट्रगलिंग ट्रेड यूनियन्स (सीएसटीयू) के आह्वान पर झारखंड जेनरल कामगार यूनियन से जुड़े मजदूरों ने हड़ताल किया तथा घाघरा में जूलूस निकाला और चांदनी चौक घाघरा में पीएम नरेन्द्र मोदी का पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। जूलूस स्थानीय नेतरहाट रोड से शुरू होकर ब्लॉक चौक तक गया। वहां से वापस चांदनी चौक पहुंचा जहां सभा हुई। तत्पश्चात पुतला फूंका गया। जूलूस का नेतृत्व संयुक्त रूप से यूनियन के जिलाध्यक्ष सनिया उरांव तथा सचिव सुरेश प्रसाद यादव ने की। मौके पर उपस्थित मजदूरों को सम्बोधित करते हुए सुरेश प्रसाद यादव ने कहा कि कुर्बानियों के दम पर मिले अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी ताकत से संघर्ष किया जायगा। मोदी सरकार को मजदूर विरोधी चार श्रम संहिता वापस लेना होगा। मौके पर सुदर्शन भगत, बंधु महली, राजेन्द्र उरांव, विनोद उरांव, विफैया उरांव, सीता राम उरांव, अजय यादव, तेतला उरांव, अनिल उरांव, बिहारी उरांव सहित सैकड़ों अन्य मजदूर शामिल थे।

# 14 को होगा प्रशिक्षण कार्यक्रम : चैतु उरांव

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक परिसदन भवन सभागार में हुई। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष चैतु उरांव ने की। बैठक में जिला संगठन प्रशिक्षक सुभाष नाग मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि प्रखंड अध्यक्षों और मंडल अध्यक्षों की जिम्मेदारी बढ़ गयी है। सभी को आईसीसी के वार रूम से ऑनलाइन जुड़ना होगा। साथ ही प्रखंड पर्यवेक्षक, प्रखंड अध्यक्ष और मंडल अध्यक्षों को अपने-अपने प्रखंडों के पंचायतों में रात्रि विश्राम कर लोगों से जुड़ना है। पंचायत के सभी वार्डों में बैठक कर कांग्रेस की नीति और सिद्धांतों से लोगों को अवगत कराना है। पंचायत कमिटी का विस्तार करना है। सुभाष नाग ने कहा कि गुमला जिला कांग्रेस का जनाधार मजबूत है। कार्यकर्ताओं की सक्रियता देखकर खुशी हो रही है। सभी लोग शॉर्ट नोटिस पर भी बैठक में शामिल हुए। जिलाध्यक्ष चैतु उरांव ने बताया कि प्रखंड कमिटी और मंडल अध्यक्षों को मनोनयन पत्र दे दिया गया है। पंचायत अध्यक्षों को भी जांच के बाद मनोनयन पत्र दिया जायेगा। बताया कि 14 जुलाई 2025 को नगर भवन गुमला में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम होगा। इसमें झारखंड कांग्रेस प्रभारी के राजू, सह प्रभारी बेला प्रसाद, प्रदेश अध्यक्ष कमलेश केशव महतो और अन्य वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। कार्यक्रम में गुमला, लोहरदगा और सिमडेगा जिलों के प्रखंड पर्यवेक्षक, प्रखंड अध्यक्ष और मंडल अध्यक्ष भाग लेंगे। सभी को प्रशिक्षण दिया जायेगा। बैठक में डुमरी प्रखंड के बसंत भगत को प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत कर मनोनयन पत्र सौंपा गया। बैठक में फिरोज आलम, तरुण गोप, आरिफ हुसैन अख्तर, भुनेश्वर राम, खुदी भगत दुखी, ज्योति कुजूर, मुख्तार आलम, पवन केवट, जहांगीर आलम, रामनिवास प्रसाद, मिनाज खान, अल्बर्ट तिग्गा, विजय ठाकुर, गुलाम सरवर, इस्माइल कुजूर, निरंजन बाड़ा, अजीत क्रेरकेटा, विकास साहू, आशीष नाथ शाहदेव, बैबुल अंसारी, राजू भगत, अरुण पांडे, विकास गुप्ता समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।

## भारी बारिश से बेघर हुआ गरीब परिवार प्रशासन से की मुआवजे की मांग



**जारी (आजाद सिपाही)।** जारी प्रखंड में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण ग्रामीणों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बारिश से जहां खेतों में पानी भर गया है, वहीं कई कच्चे मकान भी प्रभावित हुए हैं। गोविंदपुर पंचायत के बड़काडीह गांव की रहने वाली ज्योति पन्ना का मकान 8 दिन पूर्व तेज बारिश के कारण भरभरा कर गिर गया। सौभाग्यवश कोई जानमाल की हानि नहीं हुई, लेकिन घर के भीतर रखा सारा सामान क्षतिग्रस्त हो गया। पीड़ित परिवार फिलहाल दूसरों के घर में शरण लिए हुए है और खाने-पीने की भी गंभीर समस्या का सामना कर रहा है। पीड़ितो ने बताया कि उनके पास रहने के लिए अब कोई ठिकाना नहीं बचा है और प्रशासन से मुआवजे की गुहार लगायी है। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों और प्रखंड प्रशासन से तत्काल राहत और पुनर्वास की मांग की है।ग्रामीणों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि प्रखंड क्षेत्र का निरीक्षण कर क्षति का आकलन किया जाए और प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री और पुनर्वास की सुविधा शीघ्र उपलब्ध करायी जाये। ग्रामीणों का कहना है कि जारी प्रखंड में कई और मकान बारिश से प्रभावित हुए हैं। अगर समय पर प्रशासन ने संज्ञान नहीं लिया तो स्थिति और गंभीर हो सकती है।

## पेसा कानून लागू करने की मांग को लेकर 11 को लिट्टाटोली से राजभवन तक पदयात्रा



**सिसई (आजाद सिपाही)।** पेसा कानून लागू करने को लेकर सिसई प्रखंड के सभी सरना समाज के गणमान्य जनता को कार्यक्रम संयोजक महेन्द्र उरांव के द्वारा जानकारी देते हुए आग्रह किया गया है कि आगामी 11 जुलाई 2025 को स्व कार्तिक उरांव के पैतृक गांव लिट्टाटोली में उनके और उनकी पत्नी स्व सुमति उरांव के समाधि स्थल पर पहान पुजार के द्वारा पूजा अर्चना और श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए राजभवन रांची के लिए पदयात्रा का शुभारंभ किया जायेगा। पदयात्रा में शामिल समाज के लोगों का दोपहर 12 बजे सिसई कुम्हार मोड़ पहुंचने पर ढोल नगाड़ों के साथ पारंपरिक रीति रिवाज से स्वागत करते हुए केंद्रीय सरना स्थल थाना चौक सिसई लाया जायेगा। जहां सभी सरना समाज के लोग एकत्रित होंगे एवं उन्हें जलपान कराया जायेगा। तत्पश्चात भरनो के लिए प्रस्थान करेंगे एवं मासू टोली भरनो में रात्रि विश्राम करेंगे। 12 जुलाई को बेड़ों पहुंचकर रात्रि विश्राम और 13 जुलाई को रांची बजरा में रात्रि विश्राम तथा 14 जुलाई को राजभवन का घेराव किया जायेगा। इस पदयात्रा की अगुवाई सरना समाज की निशा कुमारी भगत द्वारा की जायेगी। पदयात्रा के दौरान मुख्यरूप से केन्द्रीय सरना समिति के सचिव रोपना उरांव, सरना समिति के जिला अध्यक्ष हंदु भगत, इंद्रदेव उरांव, संजय पाहान सहित भारी संख्या में सरना समाज के लोग शामिल रहेंगे।

## क्षेत्र का विकास हमारी प्राथमिकता : अभिनव भगत



**गुमला (आजाद सिपाही)।** रायडीह प्रखंड परसा पंचायत के पोगडा गांव में सांसद मद से गांव को जोड़ने वाले फेबरब्लाक सड़क का उद्घाटन युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव अभिनव भगत एवं सांसद प्रतिनिधि राजनील तिग्गा ने किया। इस अवसर पर अभिनव भगत ने कहा कि क्षेत्र का विकास हमारी प्राथमिकता है लोगों से जुड़कर उनकी समस्याओं का समाधान करना है जनता ने जिस विश्वास से सांसद सुखदेव भगत को चुना है उस विश्वास पर खरा उतारने का प्रयास किया जा रहा है सांसद लोकसभा में जनता की आवाज बनाकर मुखरता से अवाज उठा रहे हैं । ग्रामीणों ने सड़क के लिए संसद का आभार व्यक्त किया है इस अवसर पर निगरानी सदस्य रूपेश कुमार सन्नी, स्माइल कुजूर, अमित अंबर सहित अनेकों ग्रामीण उपस्थित थे।

## व्यवसायी विनोद जाजोदिया के निधन पर गुमला चैंबर ने शोक जताया

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला के जाने माने व्यवसायी चैंबर सदस्य विनोद जाजोधया का दो दिन पूर्व सिसई रोड स्थित उनके प्रतिष्ठान के सामने ही निर्माण हत्या कर दी गयी थी। जिसकी वजह से व्यवसाययों में एक रोष और गम का माहौल था। उनके पार्थिव शरीर का मंगलवार को अंतिम संस्कार कर दिया गया। उनके आकस्मिक निधन पर चैंबर अध्यक्ष राजेश सिंह ने कहा कि विनोद हम सबके काफी निकट थे उनका व्यवहार काफी सुंदर था उनके अचानक से निधन पर हम सबको काफी अफसोस है। उन्हों ने चैंबर की तरफ से शोक प्रकट किया और उनके आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की उन्होंने कहा कि दुख की इस बेला में पूरा चेंबर उनके परिवार के साथ खड़ा है। शोक प्रकट करने वालों में चेंबर अध्यक्ष राजेश सिंह जी के साथ क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी समेत कई मौजूद रहे।

# बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को कांग्रेस ने बताया केंद्र की साजिश

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग द्वारा शुरू किए गए मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रमको लेकर कांग्रेस ने गंभीर आरोप लगाए हैं। कांग्रेस के जिला मीडिया चेयरमैन सह प्रवक्ता ने इसे बिहार की जनता के खिलाफ बड़ी साजिश बताया है। उन्होंने कहा कि आयोग का यह निर्णय दमन से भरा हुआ है। यह लोकतंत्र की नींव पर हमला के समान है। उन्होंने कहा कि एक आंकड़ा के मुताबिक बिहार के आठ करोड़ मतदाताओं में से 59 फीसदी की उम्र 40 साल या उससे कम है। यानी करीब 4 करोड़ 76 लाख लोगों को अपनी नागरिकता अब साबित करनी होगी। साल 2001 से 2005 के बीच जन्मे बच्चों में केवल 2.8 फीसदी के पास ही जन्म प्रमाणपत्र है। उन्होंने आरोप लगाया कि आयोग बीजेपी के सेल की तरह काम कर रहा है। उसकी शर्तें एनआरसी जैसी हैं। प्रवक्ता ने कहा कि अगर मतदाता सूची में सुधार करना ही था तो यह काम लोकसभा चुनाव के तुरंत बाद पूरे देश में किया जाता। सिर्फ बिहार को क्यों निशाना बनाया गया। जुलाई में बड़ी संख्या में मजदूर कृषि कार्य के लिए बाहर जाते हैं। ऐसे में यह प्रक्रिया लाखों लोगों को मतदाता सूची से बाहर करने का जरिया बन जायेगी। उन्होंने इसे लोकतंत्र की खुली हत्या बताया। उन्होंने सवाल उठाया कि इतनी बड़ी प्रक्रिया शुरू करने से पहले आयोग विपक्ष के राजनीतिक दलों से सलाह क्यों नहीं ली। आरोप लगाया कि चुनाव आयोग भाजपा-आरएसएस के इशारे पर महाराष्ट्र की तरह बिहार में भी विधानसभा चुनाव कराने की साजिश कर रहा है। उन्होंने कहा कि जब राहुल गांधी ने आयोग से मतदाता सूची और मतदान केंद्र की वीडियोग्राफी की मांग की तो आयोग चुप रहा। महाराष्ट्र की मतदाता सूची आज तक नहीं दी गयी। उल्टा वीडियोग्राफी का कानून ही बदल दिया गया, ताकि सच्चाई को दबाया जा सके। पहले प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता और सीजीआई मिलकर चुनाव आयुक्त चुनते थे। अब मोदी सरकार ने सीजीआई को हटाकर उनकी जगह अपने कैबिनेट मंत्री को चयन समिति में शामिल कर लिया। कांग्रेस प्रवक्ता ने चुनाव आयोग से मांग की है कि मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम तत्काल प्रभाव से रद्द करने की मांग की है।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत, दूसरा गंभीर

**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कामडारा थाना क्षेत्र अंतर्गत राजकीय मध्य विद्यालय कुदा के समीप हुई सड़क दुर्घटना में एक युवक की हुई मौत, दूसरे घायल युवक को ईलाज के लिये किया गया रांची रिम्स रेफर। यह घटना बीती मंगलवार की रात लगभग साढ़े आठ बजे के आसपास की है। बताया जा रहा है कि कामडारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव पोकला बरदाटोली निवासी सैमसन देमता उम्र 18 और मनीष देमता उम्र 23 वर्ष, अपने स्कूटी मे सवार होकर रात्रि के वक्त कामडारा से पोकला बरदाटोली अपने घर जा रहे थे। उसी दौरान राजकीय मध्य विद्यालय कुदा स्कूल के पास खूंटी -सिमडेगा मुख्य पथ पर खड़ी एक ट्रक के पीछे जाकर जोरदार ढंग से जा टकराये और गिर पड़े। जिसमें से एक युवक सैमसन देमता की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। जबकि दूसरे युवक मनीष देमता को गंभीर चोट लगी है।

# सांसद प्रतिनिधि ने नवनिर्मित नहर का किया निरीक्षण



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सांसद सुखदेव भगत के निर्देश पर सांसद प्रतिनिधि राजनील तिग्गा एवं दिशा सदस्य अनिरुद्ध चौबे, रूपेश कुमार सन्नी ने मारासिल्ली पंचायत के मारासील्ली ग्राम में नवनिर्मित नहर का निरीक्षण किया ज्ञात हो कि सांसद को ग्रामीणों ने नहर निर्माण में अनियमितता की शिकायत की थी। निरीक्षण के क्रम में सदस्यों ने पाया कि नहर निर्माण में भारी अनियमितता बरती गयी है जगह-जगह नहर टुटे हुए है। निर्माण कार्य में स्पष्ट भ्रष्टाचार हुआ है ऐसा प्रतीत होता है सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि विभाग की लापरवाही के कारण ऐसा हुआ है व्यापक जांच होना चाहिए एवं संवेदक को काली सूची में डालना चाहिए। अनिरुद्ध चौबे ने कहा कि गरीब किसानों के साथ धोखा है अविलम्ब करवाई होना चाहिए। दौरा कार्यक्रम में मो मोक्तार, रफी अली बिरसा उरांव सहित पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# डीडीसी ने घाघरा में विकास कार्यों का किया निरीक्षण, विद्यालय में बच्चों से हुए रूबरू

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** प्रखंड में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण बुधवार को उपविकास आयुक्त दिलेश्वर महतो ने किया। साथ ही राजकीय कृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय टोटाम्बी में बच्चों से पठन-पाठन को लेकर रूबरू हुए। इस दौरान डीडीसी ने बच्चों से गणित का फामूर्ला सहित कई सवाल पूछे जिनका जवाब बच्चों ने बेहतर तरीके से दिया। शिवराजपुर पंचायत में सामूहिक रूप से किसानों के द्वारा 16 एकड़ में लगे बागवानी का निरीक्षण किया और काफी खुश हुए उन्होंने कहा बेहतर तरीके से किसानों ने बागवानी लगाया है। घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डायलिसिस सेंटर व मातृत्व विभाग सहित साफ सफाई का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। घाघरा पंचायत के मुखिया योगेंद्र भगत पंचायत सचिव से योजनाओं की जानकारी के साथ साथ धान बीज वितरण की जानकारी ली। घाघरा स्थित राशन दुकानदार विश्वनाथ प्रसाद साहू के जन वितरण दुकान का निरीक्षण किया और समय से कार्डधारियों को राशन देने का निर्देश दिया है। जिसके उपरांत प्रखंड मुख्यालय के सभागार में सभी विभाग की समीक्षात्मक बैठक की और कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस मौके पर मुख्य रूप से बीडियो दिनेश कुमार, बीपीओ बेबी कुमारी, डॉ अरविंद कुशल एक्का, विनय कुमार, अशोक कुमार व निर्मल उरांव सहित कई लोग मौजूद थे।


## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार

–: आवश्यक सूचना :–

लातेहार जिला अंतर्गत **बालूमाथ (वर्त्तमान थाना बारियातु) थाना काण्ड संख्या 160/2019, दिनांक 24.07.2019, धारा 384/385/386 भा0द0वि0, 25(1–A)/26(2)/35 आर्म्स एक्ट, 4/5 वि0पदा0अधि0 एवं 17 सी0एल0ए0 एक्ट** के प्राथमिकी अभियुक्त एवं गैरजमानती वारंटी विनोद गंझू पे0 स्व0 जगदेव गंझू उर्फ शनिचर गंझू सा0 जोरदाग, टोला पिपराटॉड़, थाना लावालौंग, जिला चतरा के विरूध विधिवत इश्तिहार तामिला किया गया है। उक्त अभियुक्त के विरूध इश्तिहार तामिला पश्चात् कुर्की अधिपत्र प्राप्त किया जाएगा। उक्त से संबंधित सूचना प्रचार–प्रसार हेतु प्रकाशित किया जा रहा है।

| क्रम सं0 | अभियुक्त का नाम एवं पता |
|---|---|
| 1 | विनोद गंझू पे0 स्व0 जगदेव गंझू उर्फ शनिचर गंझू सा0 जोरदाग, टोला पिपराटॉड़, थाना लावालौंग, जिला चतरा। |

पुलिस अधीक्षक,
लातेहार

PR 356882 (Police)25-26*D

## उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग
प्रपत्र VII
समाहर्त्ता या समुचित सरकार

**प्रारंभिक अधिघोषणा**
**(अधिनियम–30/2013 की धारा–19 (1) के अधीन)**

चुकि समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ, यथा परियोजना ईचाक मोड एन0एच0–33 से डुमरौन होते हुए बहिमर चौक तक चौडीकरण एवं मजबूतीकरण हेतु ग्राम–सारूगाडुखुर्द, थाना–कटकमसांडी, थाना–सं0–49, अंचल–कटकमसांडी, जिला–हजारीबाग में कुल **0.209** एकड़ यानि **0.08461** हेक्टेयर भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप से कमोवेश **0.209** एकड़ यानि **0.08461** हेक्टेयर है और जो ग्राम–सारूगाडुखुर्द, थाना–कटकमसांडी, थाना–सं0–49, अंचल–कटकमसांडी, जिला–हजारीबाग में है, जिसका विवरण निम्नलिखित है :–

| क0 सं0 | खाता संख्या | सर्वे प्लॉट सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 12 | 15/1 | निजी | टांड–III | 0.031 | रामचन्द्र साव पिता स्व0 देवकी साव | सडक | प्लौट 16 | नीज | सडक |
| 2 | 12 | 15/2 | निजी | टांड–III | 0.031 | मुखलाल साव वो प्रेमचन्द साव वगै0 पिता देवकी साव | सडक | प्लौट 16 | नीज | सडक |
| 3 | 12 | 15/3 | निजी | टांड–II | 0.030 | श्यामसुन्दर राम वगै0 पिता स्व0 जगदीश राम | सडक | प्लौट 16 | नीज | सडक |
| 4 | 12 | 15/4 | निजी | टांड–III | 0.030 | केदार पाण्डेय पिता स्व0 बंशी पाण्डेय | सडक | प्लौट 16 | नीज | सडक |
| 5 | 12 | 15/5 | निजी | टांड–III | 0.031 | बालकृष्ण राम पिता स्व0 प्रभु नारायण राम | सडक | प्लौट 16 | नीज | सडक |
| 6 | 12 | 15/6 | निजी | टांड–III | 0.031 | सुमा देवी पति चेतलाल राजा | सडक | प्लौट 16 | नीज | सडक |
| 7 | 17 | 16/1 | निजी | टांड–III | 0.006 | गिरधारी साव वो रामचन्द्र साव पिता स्व0 देवकी साव | प्लौट 15 | प्लौट 17 | नीज | सडक |
| 8 | 17 | 16/2 | निजी | टांड–III | 0.006 | धनु रमण पिता गंदौरी रमण | प्लौट 15 | प्लौट 17 | नीज | सडक |
| 9 | 17 | 16/3 | निजी | टांड–III | 0.005 | देवकी लाल वगै0 पिता स्व0 सोहन साव | प्लौट 15 | प्लौट 17 | नीज | सडक |
| 10 | 20 | 17/1 | निजी | टांड–III | 0.004 | किशोर राम वो कैलाश साव वो अशोक वगै0 पिता स्व0 सुभाष राम | प्लौट 16 | सिमाना | नीज | सडक |
| 11 | 20 | 17/2 | निजी | टांड–III | 0.004 | मनोहर सिंह पिता स्व0 दशरथ सिंह | प्लौट 16 | सिमाना | नीज | सडक |
| कुल | | | | | 0.209 | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30/2013 की धारा 15 प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जांच के पश्चात किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन कि लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किये गये है, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है:–

ग्राम–सारूगाडुखुर्द, थाना–कटकमसांडी, थाना–सं0–49, अंचल–कटकमसांडी, जिला–हजारीबाग में कुल **0.209** एकड़ यानि **0.08461** हेक्टेयर जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या शून्य है।

उपायुक्त,
हजारीबाग

PR 356926 Land Reforms(25-26)#D

## JHARKHAND URJA VIKAS NIGAM LIMITED
(CIN: U40108JH2013SGC001603)
Regd. Office: Engineering Building, H.E.C, Dhurwa, Ranchi -834004,

**Job Contract Notice No.-02 /2025**
(Notice for Contractual Employment)

Applications are invited from eligible Doctor Candidates (Retired) for the following post (Purely Contractual) on consolidated salary as per Planning-cum-Finance Deptt., Govt. of Jharkhand R.No. 1243 dtd. 28.04.2016 (Terms & Conditions of salary may change in future if JUVNL's BoD decides to adopt Finance Department, Govt. of Jharkhand Resolution No.- 928, dated-06.04.2022) in Jharkhand Urja Vikas Nigam Limited and subsidiary companies under its Medical Deptt. situated at Nigam's Colony, Kusai, Doranda and SRHP, Sikidiri.

Details of post & other requirements are as under:-

| Sl. No. | Details | Requirements/Information |
|---|---|---|
| 1. | Name of Post | Senior Medical Consultant (Contract) |
| 2. | No. of Vacancy | One (01) post |
| 3. | Essential qualification | MBBS + MD Degree from a recognized university with experience in internal medicine in Govt. Medical College/Institution. |
| 4. | Age | Maximum 70 Years |
| 5. | Nature of Duties | Coordination and implementation of medical facility/consultancy at all sites of Nigam.<br>Communication to Nigam Hqr. And other sites.<br>Preparation of financial documents, Programme report, report writing, etc.<br>Travelling to the prescribed sites, attending meetings and implementation of medical facility/consultancy. |
| 6. | Consolidated Emoluments | In accordance with GoJ Resolution No. 1243 dtd. 28.04.2016. |
| 7. | Tenure | **One (01) year** (extendable for another year depending upon the previous work record) |
| 8. | Syllabus for Interview | Degree level alongwith experience, if interview conducted. |
| 9. | Place of work | Nigam Colony, Kusai; SRHP, Sikidiri and Nigam(HQ) |
| 10. | Date & Time of Scrutiny / Interview | To be Intimated Later. |

**Selection Procedure:-**Interview will be conducted of the eligible candidates after scrutiny and if found eligible for the post advertised. The candidates should bring five (05) copies of bio-data along with all certificates of educational qualifications, experience, last drawn pay statement, Aadhar Card, Two (02) passport size photographs (self attested). Original certificates will have to be produced at the time of interview.

**General Conditions:-**No TA/DA will be paid for attending the interview. Selected candidate will be eligible for leave as per Nigam rules. Selected Candidate will have to give an undertaking that he/she is willing to undertake the assignment under the Nigam and they understand that this job is purely on contract and no claim for regularization will be entertained in future.

**For any Query:-** email-gm.hr.juvnl@gmail.com

Interested candidates may submit their application with their detailed biodata either through email or through post on the following address/email id:-

General Manager (P&GA), Jharkhand Urja Vikas Nigam Ltd., Engineering Building, HEC, Dhurwa, Ranchi-834004.
email id- gm.hr.juvnl@gmail.com

Last date of receiving the application is 25.07.2025 upto 06:00 pm.

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
GM (P&GA)
JUVNL, Ranchi

PR 356896 Jharkhand Urja Vikas Nigam Ltd(25-26)D

# श्रमिक यूनियनों की देशव्यापी हड़ताल का धनबाद में दिखा मिलाजुला असर

## एलआइसी की सभी शाखाएं रही बंद, रणधीर वर्मा चौक पर बंद समर्थकों का प्रदर्शन

- बीसीसीएल की शाखाओं पर भी दिखा असर, काम प्रभावित

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** केंद्र सरकार की मजदूर और किसानों के लिए बनायी गई नीतियों के विरोध में देशव्यापी हड़ताल का धनबाद में भी असर दिखा। बीसीसीएल के विभिन्न इलाकों में कोयला श्रमिक अपने कोलियरी कार्यालय और खदानों में पहुंचे तो जरूर, लेकिन विरोध स्वरूप काम नहीं किया। रीजनल वर्कशाप और मधुबन कोल वाशरी में कर्मियों ने हाजरी नहीं बनाया। संयुक्त मोर्चा के नेता सुबह से ही हाजरी घर के पास बैठे रहे। सेल के टासरा प्रोजेक्ट में भी बंदी का असर दिखा। वहीं, सेल के चासनाला कोलियरी में बीसीकेयू के बैनर तले आर्थिक नाकेबंदी की गई। भौंरा एवं सुदामडीह में संयुक्त मोर्चा के बंद का असर दिखा। बरोरा क्षेत्र के मुराईडीह परियोजना के प्रथम पाली में भी श्रमिक नहीं पहुंचे। इस कारण बीसीसीएल के अधिकांश एरिया में काम प्रभावित हुआ। वहीं, धनबाद जिले के विभिन्न बैंकों में भी काम ठप रहा। डाकघरों के कर्मचारी भी हड़ताल पर हैं। दूसरी ओर, जिले में एलआइसी की सभी शाखाओं में संपूर्ण हड़ताल रही। रणधीर वर्मा चौक पर हेमंत मिश्रा के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया। हालांकि गोविंदपुर में बंद का कोई असर नहीं दिखा। अन्य दिनों की ही तरह बुधवार को भी दुकानें खुली रहीं। सड़क पर वाहनों की आवाजाही भी सामान्य ही रही। हालांकि झरिया, कतरास, निरसा और मैथन के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में बंद का असर दिखा। बंद समर्थक श्रमिक कोड कानून को रद्द करने, अनुबंध कर्मियों को 26 हजार रुपये वेतनमान देने, सरकारी संस्थानों का निजीकरण बंद करने और काम के आठ घंटे तय करने अदि की मांग कर रहे थे। उधर, हजारीबाग मंडल के एलआइसी कर्मियों ने बीमा कर्मचारी संघ के बैनर तले मंडल कार्यालय के अधिकार क्षेत्र के तहत आने वाले सभी 37 कार्यालयों में संपूर्ण तालाबंदी कर हड़ताल को सफल बनाया। इस अवसर पर मंडल कार्यालय परिसर में इएएचडी के मंडलीय सांगठनिक सचिव अमित कुमार, सचिव सुबीर कुमार राम और राकेश कुमार ने बेरोजगारी, गरीबी-भूखमरी, शिक्षा और स्वास्थ्य की गंभीर समस्या, किसानों की बदहाली और देश की परिसंपत्तियों का अत्यधिक केंद्रीयकरण को लेकर अपनी आवाज बुलंद की। इस मौके पर बासु बहादुर, शुभम राज, नीशेष सिन्हा, प्रशांत सिन्हा और पंकज कुमार आदि ने भी अपने-अपने विचार रखे।

## हड़ताल पूरी तरह सफल : ब्रजेंद्र सिंह



धनबाद (आजाद सिपाही)। झारखंड इंटक के उपाध्यक्ष और राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के कार्यकारी अध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि बुधवार का भारत बंद पूरी तरह सफल रहा। कहा कि ट्रेड यूनियन की एकजुटता के चलते सभी क्षेत्रों, यहां तक की सरकारी प्रतिष्ठानों में भी ताला लटका रहा। इस बंद से केंद्र सरकार को सबक लेना चाहिए। कहा कि मजदूर के विरुद्ध नया लेबर कोड लागू नहीं किया जाए। किसानों के पक्ष में जो भी कदम उठाना पड़े उसे सरकार उठायें। बैंकों का भी निजीकरण ना हो। अगर समय रहते सरकार नहीं चेती तो इससे भी बड़ा हड़ताल हो सकता है।

# श्रमिक संगठनों के बंद का दिखा बोकारो में भी मिलाजुला असर



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** आइएनडीआइए गठबंधन एवं 10 श्रमिक संगठनों की ओर से चार लेबर कोर्ड कानून सहित 17 सूत्री मांगों के समर्थन में बुधवार को आहूत राष्ट्रव्यापी आंदोलन का बोकारो में मिलजुला असर दिखा। बंद समर्थक शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर सुबह से ही सक्रिय दिखे। जगह-जगह मार्ग अवरुद्ध करने का प्रयास किया। हालांकि शहरी क्षेत्रों में इस बंद का कोई खास असर नहीं दिखा। यातायात को सुचारू बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किया था। प्रशासन की ओर से पुलिस बल के अतिरिक्त बल मुस्तैद थे। हालांकि लंबी दूरी के वाहन नहीं चले। इधर ,प्लांट के प्रवेश गेटों पर विभिन्न श्रमिक संगठनों ने सक्रियता दिखाई और हड़ताल को सफल बनाने का आह्वान किया। बैंक और बीमा सेक्टर में हड़ताल का व्यापक असर दिखा। सभी बैंक एवं बीमा कार्यालय में कामकाज ठप रहा। बंद समर्थकों ने केंद्र सरकार की श्रम नीतियों एवं निजीकरण के प्रयासों के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली। कहा कि देशभर में कर्मचारियों, ट्रेड यूनियनों एवं संगठित-असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के हक को नजरअंदाज किया जा रहा है। यह हड़ताल कर्मचारियों एवं श्रमिक के हितों की रक्षा के लिए बेहद जरूरी है। केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों का पुरजोर विरोध आगे भी किया जाएगा। उन्होंने असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के पेंशन योजना, बोकारो स्टील के कर्मचारियों की 39 माह के बकाए वेतन का भुगतान करने, पुराने पेंशन स्कीम को लागू करने, सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों के निजीकरण की नीति पर रोक लगाने आदि मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की।

# आज के बच्चे कल का भविष्य हैं : रीता प्रसाद



दी पेंटिकॉस्टल स्कूल में मना 36वां संस्थापक दिवस

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** दी पेंटिकॉस्टल असेंबली स्कूल का 36वां संस्थापक दिवस बुधवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय के संस्थापक सह निदेशक बी प्रसाद की दूरदृष्टि को सम्मानित करने के लिए आयोजित इस समारोह में स्कूल के बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। वहीं, शिक्षक एवं गैर शैक्षणिक कार्यों से जुड़े अन्य कर्मी भी शामिल रहे। इस अवसर पर शैक्षणिक अधिकारी रीता प्रसाद ने ईश्वर में विश्वास रखने और जीवन के हर पहलू में ईमानदारी बनाए रखने का संदेश दिया। कहा कि आज के बच्चे कल का भविष्य हैं। कहा कि विद्यालय निदेशक की यह यात्रा समाज की सेवा करने के सपने के साथ शुरू हुई और अपने त्याग, कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प, समर्पण और आशावाद के माध्यम से उन्होंने उस सपने को हकीकत में बदल दिया। कहा कि मनुष्य अपने जीवन में एक ही लक्ष्य का चयन करता है। उस लक्ष्य तक पहुंचने के कई रास्ते होते हैं, जिनका चयन हमें खुद करना पड़ता है। समारोह की शुरूआत विद्यालय के निदेशक के जन्मदिन की शुभकामनाओं के साथ हुई। वहीं, प्री-नर्सरी से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने स्वागत भाषण एवं गीत से शमां बांधा। इसके अलावा भारतनाट्यम नृत्य, नाटक, कविता, आदि रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के मनोरंजक खेलों एंव संवादात्मक सत्र का आयोजन किया। पौधे के छोटे-छोटे गमलों पर बच्चों ने अपनी चित्रकारी द्वारा नए रंगों को उकेरा और निदेशक को उपहार यिा। प्राचार्या डॉ करुणा प्रसाद ने भी खुशी जाहिर की। बताया कि विद्यालय संस्थापक दिवस केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि एक प्रेरणादायक क्षण होता है, जो हमें अतीत से जुड़ने, वर्तमान को सराहने और भविष्य की ओर उत्साह से आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करता है।

# नीट में सफल पूनम मंडल को किया गया सम्मानित



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** डीएवी पब्लिक स्कूल कोयला नगर की छात्रा दामोदरपुर निवासी पूनम मंडल ने नीट में 526 अंक (एआईआर 27205, ऑल इंडिया कैटिगरी रैंक 12500) लाकर धनबाद का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि के लिए पूनम मंडल को उसके आवास में जेपी अस्पताल के अध्यक्ष सह भाजपा महानगर कोषाध्यक्ष प्रदीप मंडल एवं भाजयुमो के महानगर जिलाध्यक्ष नित्यानंद मंडल ने सम्मानित किया। प्रदीप मंडल ने पूनम मंडल की नीट में मिली सफलता को उज्जवल भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया। साथ ही आशीर्वाद देते हुए कहा कि इस सफलता पर हम सभी को गर्व है। यह सफलता अन्य विद्यार्थिओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। वहीं, पूनम के भाई सुदीप मंडल ने भी खुशी जाहिर की।

# कोल सेक्टरो में थमे वाहनों के पहिये, उत्खनन भी प्रभावित

श्रम सुधार की आड़ में सरकार मजदूरों के मूलभूत अधिकारों को समाप्त कर रही : राजेंद्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** केंद्र सरकार के नये श्रम कानून के विरोध में आहूत राष्ट्रव्यापी बंद में देशभर के कथित रूप से 25 करोड़ से अधिक सरकारी कर्मचारी शामिल हुए। इस कारण सार्वजनिक सेवाएं, परिवहन, बैंकिंग और कोल सेक्टर पर व्यापक असर दिखा। बाघमारा के मुराईडीह बरोरा, मुडीडीह, तेतुलमारी, वेस्टमुडीडीह, कतरास और रामकनाली सहित अन्य कोलयरियों में श्रमिक संगठन एकजुट होकर बंद का समर्थन किये। बीसीसीयल एरिया चार के रामकनाली में कई जगहों पर लेबर कोड के प्रति को जला कर विरोध करते हुए केंद्र सरकार से इसे रद्द करने की मांग की गयी। इस दौरान कोलयरियों में वाहनों के छक्के थम गए थे। उत्खनन भी पूरी तरह से प्रभावित हुआ। वहीं सीटू के राज्य सचिव एवं झामुमो के वरीय नेता राजेन्द्र प्रसाद राजा ने कहा कि भारत बंद का मकसद केंद्र सरकार की उन नीतियों का विरोध करना है, जिन्हें हम लोग मजदूर-किसान विरोधी कह सकते है। सरकार श्रम सुधारों की आड़ में मजदूरों के अधिकारों को कमजोर कर रही है। हड़ताल और सामूहिक सौदेबाजी जैसे मूलभूत अधिकारों को समाप्त कर रही है और नौकरी की स्थिति को अस्थिर बना रही है।

# पार्किंग के जरिये अवैध कब्जा का प्रयास विफल

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो स्टील लिमिटेड की संपत्ति पर अवैध कब्जे की एक और कोशिश को प्रबंधन ने समय रहते विफल कर दिया। बीएसएल नगर सेवा कार्यालय के सामने क्लासिक होटल के पास खाली पड़ी जमीन पर पार्किंग के जरिए अवैध कब्जा करने का मामला सामने आया। जानकारी मिलते ही बीएसएल प्लांट नगर सेवा भवन के सुरक्षा विभाग के डीजीएम कर्नल आरएस शेखावत मौके पर पहुंचे और तत्काल कार्रवाई करते हुए सुरक्षा विभाग के होमगार्ड की मदद से पार्किंग वाली जमीन में ताला बंद करवा दिया। कर्नल शेखावत ने स्पष्ट किया कि यह जमीन बीएसएल की है। किसी को भी सरकारी जमीन पर अवैध तरीके से पार्किंग करने का अधिकार नहीं है। इस कार्रवाई के बाद अवैध पार्किंग पूरी तरह बंद कर दी गई है। जमीन को बीएसएल के नियंत्रण में ले लिया गया है। इस बाबत बीएसएल प्रबंधन ने दोहराया कि किसी भी तरह की अवैध गतिविधि या कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सुरक्षा विभाग की सतर्कता से समय रहते बीएसएल की संपत्ति को अवैध कब्जे से बचा लिया गया है। मौके पर तैनात सुरक्षा कर्मियों को निर्देश दिए गए हैं कि भविष्य में ऐसी कोई भी गतिविधि दिखे तो तुरंत सख्त कार्रवाई की जाए। गौरतलब है कि बीएसएल प्रबंधन लगातार अपनी संपत्ति पर अवैध कब्जों के खिलाफ अभियान चला रहा है और अतिक्रमण हटाने के लिए त्वरित कार्रवाई कर रहा है।

# अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन का सावन मेला 13 को



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन सरायढेला शाखा की ओर से 13 जुलाई को हीरापुर अग्रसेन भवन में एकदिवसीय सावन मेला का आयोजन किया जाएगा। इसकी जानकारी संगठन की अध्यक्ष नीलिमा अग्रवाल ने दी। उन्होंने बताया कि समिति पिछले 10 वर्षों से इस मेले का आयोजन करती आ रही है। इसके आयोजन में समिति की सभी सदस्याएं सक्रिय हैं। सचिव मीतू तुलस्यान ने बताया कि मेले में कपड़े, राखी, बेडशीट, होम डेकोर, ज्वेलरी,गिफ्ट आइटम्स एवं खाने-पीने और खेलने के कुल 20 स्टाल लगाए जायेंगें। वहीं, ज्योति अग्रवाल ने कहा कि सावन मेले के इस कार्यक्रम से जो भी आय होगी उसे जरूरतमंदों की सहायता की जाएगी। इस मौके पर नीलिमा अग्रवाल, मीतू तुलस्यान, एकता गांगेसरिया, रंजू गोयल, ज्योति अग्रवाल, बिना भरतीया, मंजू सांवरिया, आशा, संध्या, उर्मिला, श्वेता, रेखा, निशा, संगीता, सुमन, चेरी, बीना, पूनम, किरण, नीला, शशि, अनीता, उपासना, ललिता और मीनू आदि उपस्थित रहीं।

# असंगठित मजदूर ने की बंद चानक की डोली पर चढ़ कर जान देने की कोशिश

**झरिया/जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)।** सेल जीतपुर कोलियरी के असंगठित मजदूर विजय गुप्ता उर्फ बिरजू ने बंद कोलियरी को चालू करने की मांग को लेकर चानक के डोली के ऊपर चढ़ कर जान देने की कोशिश की है। हालांकि पुलिस के प्रयास से बिरजू को सकुशल नीचे उतार लिया गया। बतातें चलें कि सेल जीतपुर कोलियरी को प्रबंधन ने सुरक्षा की दृष्टि से बंद कर दिया है। इससे असंगठित मजदूरों के समक्ष भूखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गया है। कोलियरी में 400 असंगठित मजदूर इसी कोलियरी में काम कर अपनी रोजी रोटी चलाते थे। जानकारी के मुताबिक इस दिन जीतपुर कोलियरी पहुंचे बिरजू ने होम गार्ड के जवानों की एक ना सुनी और चानक पर चढ़ कर जान देने की कोशिश की। तभी किसी ने जोड़ापोखर पुलिस को इसकी सूचना दे दी। खबर पाते ही पुलिस गस्ती दल ने जीतपुर कोलियरी पहुंच कर बड़ी मुश्किल से उसे नीचे उतारा। उधर, आठवें दिन बुधवार को धरना पर बैठे राष्ट्रीय जनता श्रमिक संघ के शाखा सचिव रंजीत यादव उर्फ गुड्डू ने कहा कि मजदूर भूखमरी की कागार पर पहुंच गए है जिसकी सारी जिम्मेदारी सेल प्रबंधन की है। दूसरी ओर, कोलियरी महाप्रबंधक मनीष कुमार ने बताया कि युवक 10 मिनट ही चानक पर चढ़ा था जिसे उतार दिया गया है। यह जांच का विषय है कि युवक चानक पर चढ़ कैसे गया है।

# गुरु पूर्णिमा पर आज मंदिर से निकलेगी भव्य साई पालकी यात्रा

## साई मंदिर में 24 घंटे का अखंड कीर्तन, विधायक ने किया शुभारंभ



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** कोयला नगर सीबीएस ऑफिस के समीप साईं मंदिर में बुधवार को आयोजित 24 घंटे अखंड कीर्तन का शुभारंभ धनबाद विधायक राज सिन्हा और श्रीराम सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह समाजसेवी उदय प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इससे पहले विधायक, उदय प्रताप सिंह, भजन गायक ब्यास शशि सिंह एवं उनकी कीर्तन मंडली को अंग वस्त्र ओढाकर सम्मानित किया गया। मंदिर की पूजा में जजमान उदय प्रताप सिंह और उनकी पत्नी रेनू सिंह बैठे और तुफानी पंडित ने विधि विधान से पूजा करवाया। इस अवसर पर उदय प्रताप सिंह ने बताया कि गुरुवार को गुरु पूर्णिमा पर साईं बाबा की पालकी यात्रा मंदिर से निकाली जाएगी जिसमें हजारों श्रद्धालु शामिल होंगे। गुरु पूर्णिमा को ही भव्य भंडारा भी आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर कांग्रेस नेता गुड्डू सिंह, कौशल पांडे, झामुमो के जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह, भाजपा के मनोज मालाकार, युवा नेता प्रवीण सिंह, राजू सिंह, श्वेताभ सिंह, चंदन कुमार, मुनि देवी, परवीन, अजय केसरी, बीएन चोबे, ब्रिज लोचन, रवि पांडे और कृष्णा आदि उपस्थित रहे।

**कार्यालय: कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण, आत्मा, कोडरमा**

**प्रेस विज्ञप्ति**

सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण, आत्मा कोडरमा अन्तर्गत प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक (BTM) एवं सहायक तकनीकी प्रबंधक (ATM) के रिक्त पद पर नियुक्ति हेतु औपबंधित सूची तैयार की गई है। चयनित अभ्यर्थियों के दक्षता जॉच (Skill Test) दिनांक 17.07.2025 को 10:00 बजे पूर्वा0 में समाहरणालय, (NIC Office) कोडरमा में किया जाना है। चयनित अभ्यर्थी उक्त तिथि को ससमय पहुंचकर दक्षता जॉच (Skill Test) में भाग लेना सुनिश्चित करेंगे।

नोट – अधिक जानकारी के लिए कोडरमा जिला के वेबसाईट **koderma.nic.in** एवं **ATMA** के वेबसाइट **www.atmakoderma.in** पर देखा जा सकता है।

जिला कृषि पदाधिकारी
–सह–परियोजना निदशक
आत्मा, कोडरमा

PR 356863 Agriculture (25-26)_D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला**
mail-rdsdgumla123@gmail.com

**अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/GUMLA/05/2025-26

1.कार्य की विस्तृत विवरणीः

| ग्रुप० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गुमला जिलान्तर्गत कामडारा प्रखण्ड के सरिता पंचायत में ग्राम पकरा में कम्पाट मुण्डा 22 पहड़ा भवन निर्माण | 2,49,99,700.00 | 5,00,000.00 | 10000.00 | 18 माह |
| 2 | Construction of Parha Cultural house at jhariya Dipa Near Dari Tongri Block Sisai Gumla | 2,49,99,700.00 | 5,00,000.00 | 10000.00 | 18 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि –15.07.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 15.07.2025 से दिनांक 22.07.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, गुमला।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 24.07.2025 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06524223013 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,गुमला

PR 356851 Rural Development(25-26).D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा**
(rdsd.lohardaga@rediffmail.com)

**अतिअल्पकालीन ई- निविदा आमंत्रण सूचना**

अतिअल्पकालीन ई– निविदा सूचना संख्या– RDD/SD/LOHARDAGA/E-03/2025-26

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्रम संख्या | कार्य का नाम | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मुल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | किस्को प्रखण्ड के ग्राम नवाडीह में मजहर अंसारी के घर से श्मशान घाट की ओर पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 11,73,650.00 | 23,500.00 | 2500.00 | 2 माह |
| 2 | सेन्हा प्रखण्ड के ग्राम सेन्हा में पंचम महतो के घर से महेश केरकेट्टा के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 9,62,650.00 | 19,300.00 | 1250.00 | 2 माह |
| 3 | कुडू प्रखण्ड के पंचायत ककरगढ़, ग्राम लालपुर में सलामत मियॉं के घर से नूर मोहम्मद कुरैशी के घर होते हुए नजरूदीन अंसारी के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 23,91,850.00 | 47,900.00 | 5000.00 | 2 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 14.07.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 14.07.2025 से दिनांक 21.07.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लोहरदगा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 23.07.2025 पूर्वाह्न 11:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दुरभाष संख्या :– 06526–295021
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान संवेदक द्वारा जिस बैंक खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर बैंक खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही संवेदक की होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा

PR 356831 Lohardaga (25-26)_D

# नौसेना को सौंपा गया स्वदेशी गोताखोरी सहायता पोत 'निस्तार'



### गहरे समुद्र में चलाया जा सकेगा बचाव अभियान

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** पहला स्वदेशी रूप से निर्मित गोताखोरी सहायता पोत बुधवार को भारतीय नौसेना को सौंप दिया गया है। यह पोत गहरे समुद्री में गोताखोरी और बचाव अभियान चला सकती है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह पोत गहरे पानी में बचाव कार्य करने वाली पनडुब्बी (डीएसआरवी) के लिए 'मदर शिप' यानी मुख्य जहाज के रूप में भी काम करेगा, ताकि पनडुब्बी में किसी आपातकाल की स्थिति में कर्मियों को बचाने और निकालने में मदद मिल सके। नौसेना के प्रवक्ता ने कहा, निस्तार पहली स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित गोताखोरी सहायता पोत है। इसे हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड ने आठ जुलाई को विशाखापत्तनम में भारतीय नौसेना को सौंपा गया। उन्होंने बताया कि यह एक खास तरह का पोत है और गहरे समुद्र में गोता लगाने और बचाव का काम करने में सक्षम है। ऐसी क्षमता दुनिया की कुछ ही नौसेनाओं के पास होती है। यह युद्धपोत भारतीय रजिस्टर ऑफ शिपिंग (आइआरएस) के नियमों के अनुसार डिजाइन और बनाया गया है।

# पीएम मोदी को दिया गया नामीबिया का सर्वोच्च सम्मान

## चार अहम समझौतों पर किये गये हस्ताक्षर

**एजेंसी**

**विंडहोक।** भारत और नामीबिया के बीच बुधवार को चार अहम समझौतों पर हस्ताक्षर किये गये। समझौते ऊर्जा और स्वास्थ्य सेवा सहित कई क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देने से संबंधित हैं। इस बारे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति नेटुम्बो नंदी-नदैतवा के बीच हुई बातचीत के बाद बताया गया। अपने पांच देशों के दौरे के अंतिम चरण में ब्राजील से यहां पहुंचे पीएम मोदी ने स्टेट हाउस में राष्ट्रपति नंदी-नदैतवा के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की। बाद में पीएम मोदी को नामीबिया का सर्वोच्च सम्मान दिया गया। वार्ता के बाद दोनों पक्षों ने स्वास्थ्य, चिकित्सा, जैव ईंधन और आपदा प्रतिरोधी सहित कई क्षेत्रों में चार समझौतों पर हस्ताक्षर किए। यह प्रधानमंत्री मोदी की नामीबिया की पहली और किसी भारतीय प्रधानमंत्री की नामीबिया की तीसरी यात्रा है। राष्ट्रपति नंदी-नदैतवा के निमंत्रण पर यहां पहुंचे पीएम मोदी ने नामीबिया को अफ्रीका में एक मूल्यवान और विश्वसनीय साझेदार बताया। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी का स्टेट हाउस में औपचारिक स्वागत किया गया और उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उन्हें 21 तोपों की सलामी भी दी गयी। इससे पहले विंडहोक एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री मोदी का नामीबिया के पारंपरिक नृत्य के साथ स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री ने कलाकारों के साथ ढोल भी बजाया।



नामीबिया में प्रधानमंत्री मोदी की यह पहली और किसी भारतीय प्रधानमंत्री की तीसरी यात्रा है। 27 सालों बाद कोई भारतीय प्रधानमंत्री नामीबिया दौरे पर है। इससे पहले 1998 में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी नामीबिया गये थे। 1990 में उस वक्त प्रधानमंत्री रहे वीपी सिंह, पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी सहित बड़े नेता नामीबिया के पहले स्वतंत्रता दिवस पर वहां गये थे।

# मस्क की कंपनी को भारत में सभी मंजूरियां मिलीं

## हाईस्पीड सैटेलाइट इंटरनेट देगी स्टारलिंक




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** दुनिया के सबसे बड़े रईस एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक को भारत में काम शुरू करने की परमिशन मिल गयी है। रॉयटर्स के मुताबिक भारत के स्पेस रेगुलेटर ने स्टारलिंक को कमर्शियल ऑपरेशन शुरू करने का लाइसेंस दे दिया है। इसका मतलब है कि अब स्टारलिंक भारत में अपनी सर्विस दे पायेगी। सूत्रों के अनुसार यह आखिरी रेगुलेटरी मंजूरी है, जिसका स्टारलिंक को इंतजार था। यह कंपनी 100 से अधिक देशों में सैटेलाइट के जरिए इंटरनेट सेवा देती है। स्टारलिंक 2022 से भारत में लाइसेंस का इंतजार कर रही थी। पिछले महीने उसे टेलीकॉम मिनिस्ट्री से एक जरूरी लाइसेंस मिला था, लेकिन स्पेस डिपार्टमेंट से मंजूरी मिलना बाकी था। स्टारलिंक और स्पेस डिपार्टमेंट ने इस बारे में तुरंत कोई जवाब नहीं दिया है। स्टारलिंक तीसरी कंपनी है जिसे भारत में स्पेस में काम करने की परमिशन मिली है। इससे पहले यूटेलसैट की वनवेब और रिलायंस जियो को भी भारत सरकार ने मंजूरी दी थी। अब स्टारलिंक को सरकार से स्पेक्ट्रम लेना होगा। स्पेक्ट्रम एक तरह का रेडियो फ्रीक्वेंसी होती है, जिससे डेटा भेजा और रिसीव किया जाता है। इसके अलावा, कंपनी को ग्राउंड इन्फ्रास्ट्रक्चर भी बनाना होगा। मतलब, जमीन पर कुछ स्टेशन बनाने होंगे ताकि सैटेलाइट से कम्युनिकेशन हो सके।

स्टारलिंक को यह भी साबित करना होगा कि वह सभी सुरक्षा नियमों का पालन करती है। इसके लिए टेस्टिंग और ट्रायल किए जायेंगे।

मस्क और मुकेश अंबानी की जियो के बीच स्पेक्ट्रम को लेकर काफी बहस हुई थी। दोनों चाहते थे कि भारकार सैटेलाइट सर्विस के लिए स्पेक्ट्रम कैसे दे। आखिर में, भारत सरकार ने मस्क का साथ दिया और कहा कि स्पेक्ट्रम को असाइन किया जायेगा, नीलाम नहीं किया जायेगा। मतलब, सरकार स्पेक्ट्रम देगी, उसकी बोली नहीं लगायेगी।

# राजस्थान के चूरू में वायुसेना का जगुआर लड़ाकू विमान क्रैश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चूरू।** राजस्थान के चूरू में भारतीय वायु सेना का जगुआर फाइटर जेट क्रैश हो गया है। इस हादसे में विमान के पायलट और को-पायलट शहीद हो गए हैं। जिस जगह प्लेन क्रैश हुआ, वहां बड़े इलाके में फाइटर जेट का मलबा बिखरा पड़ा है। यह हादसा बुधवार (9 जुलाई) को दोपहर 12 बजकर 40 मिनट पर हुआ। भारतीय वायु सेना ने दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी गठित की है। चूरू एसपी जय यादव ने बताया- राजलदेसर थाना क्षेत्र के गांव भाणूदा में प्लेन क्रैश हुआ है। इसमें दो लोगों की मौत हुई है। मलबे के पास से बुरी तरह क्षत-विक्षत शव के टुकड़े मिले हैं। बताया जा रहा है कि हादसे से पहले तकनीकी कारणों से पायलट इजेक्ट नहीं कर पाए।

### सूरतगढ़ से उड़ा था ट्रेनी जगुआर जेट

सेना के सूत्रों के मुताबिक यह जगुआर फाइटर जेट श्रीगंगानगर के पास सूरतगढ़ एयरबेस से उड़ा था। यह जेट टू सीटर था, ट्रेनिंग के लिए इसका उपयोग किया जाता है। स्थानीय लोगों के मुताबिक उन्होंने पहले विमान की गड़गड़ाहट सुनी, फिर जोरदार धमाके की आवाज आई। इसके बाद प्रशासन को घटना की जानकारी दी गई। घटना के ठोस कारणों का पता फिलहाल नहीं चला है। अधिकारियों ने बताया कि जांच पूरी होने के बाद ही विस्तृत जानकारी साझा की जाएगी। घटनास्थल पर सेना का एक हेलिकॉप्टर भी पहुंचा है, इस हेलिकॉप्टर को सड़क पर लैंड कराया गया।

पिछले 5 महीनों में देश भर में तीन जगुआर क्रैश हो चुके हैं।

# गुजरात में पुल टूटा, चलती गाड़ियां नदी में गिरीं

## 11 लोगों की मौत, 8 को बचाया, मध्य गुजरात का सौराष्ट्र से संपर्क टूटा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**वडोदरा।** गुजरात के वडोदरा में महिसागर नदी पर बना ब्रिज बुधवार सुबह टूट गया। हादसे के समय ब्रिज से गाड़ियां गुजर रही थीं। पुल टूटने पर दो ट्रक, दो कार और एक रिक्शा कुल पांच गाड़ियां नदी में गिर गईं। एक टैंकर टूटे सिरे पर फंस गया। हादसे में 11 लोगों की मौत हो गयी, जबकि 8 को स्थानीय लोगों ने बचाया। फायर ब्रिगेड की तीन टीमें रेस्क्यू के लिए भेजी गई हैं। 45 साल पुराना यह ब्रिज मध्य गुजरात को सौराष्ट्र से जोड़ता था। पुल टूट जाने से भरूच, सूरत, नवसारी, तापी और वलसाड जैसे दक्षिण गुजरात के शहरों से सौराष्ट्र पहुंचने में ज्यादा समय लगेगा। अब इसके लिए अहमदाबाद होते हुए लंबा रास्ता लेना पड़ेगा।



### हादसे के लिए प्रशासन जिम्मेदार

हादसे के बाद तुरंत ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और लोगों को रेस्क्यू किया। एक स्थानीय युवक ने बताया कि हम सुबह से ही बचाव अभियान चला रहे हैं। अब तक 9 शव बरामद हुए हैं, जिनमें से एक बच्चा है और एक बच्चा लापता है। इस दौरान हमें प्रशासन और अधिकारियों से कोई मदद नहीं मिली है। इनका कहना है कि 45 साल पुराने इस पुल की मरम्मत के लिए प्रशासन को कई बार सूचित किया जा चुका है। प्रशासन की तरफ से कोई कार्रवाई न किए जाने के कारण आज यह हादसा हुआ है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस हादसे के लिए पूरी तरह से प्रशासन ही जिम्मेदार है।

हादसे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख जताया है और प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से मृतकों के परिजनों को 2 लाख रुपये और घायलों को 50,000 रुपये की आर्थिक मदद देने की घोषणा की है।

































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**